कमीशन बड़ौदा का सूची पत्र ॥

१० [दशवें दिनका इजलास]

नम्बर	प्रति दिन की कार्रवाई	पृष्ठ से पृष्ठ तक
	मिस्टर ब्रैसन साहबके प्रश्न	··१८५—१८५
	ऐडवकेट जनरल ने इस गवाह के दुबारह इजहार लिये	··१८५—१८५
	इजहार मिस्टर बूवी साहब	··१८६—१८७
	सरजण्ट वेलन टायन साहब के प्रश्न	··१८७—१८८
	ऐडवकेट जनरल के प्रश्न	··१८८—१८८
११	[ग्यारहवें दिनका इजलास]	
	आजकेदिन दामोदर पंथकेइजहार ऐडवकेट जनरलने लिये	··१८८—२००
१२	[बारहवें दिनका इजलास]	
	ग्यारह बजे साहब ऐडवकेट जनरल ने दामोदर पंथ से [इजहार लेना प्रारंभ किया	··२००—२०४
	सरजण्टवेलनटायन साहब के प्रश्न जो दामोदर पंथ [गवाह से किये	··२०५—२१८
	ऐडवकेटजनरल ने दुबारा इजहार दामोदरपंथ के लिये	··२१८—२१६
	इज़हार हेमचन्द फतहचन्द जौहरी	··२१६—२२५
१३	[तेरहवेंदिन का इजलास]	
	मिस्टरअनवरार्टो साहब ने हेमचन्द फतहचन्द के इज़हार [लेना प्रारंभ किया	··२२५—२२५
	सरजंटवेलनटायन साहब के प्रश्नहेमचन्दफतहचन्द से	··२२५—२२८
	ऐडवकेटजनरल के प्रश्न	··२२८—२३३
	इज़हार नानाजी वितल गवाह	··२३३—२३४
	सरजंटवेलनटायन साहब के प्रश्न	··२३४—२३८
	ऐडवकेटजनरल ने फिर नानजीवितल के इज़हारलिये	··२३८—२३६
१४	[चौदहवेंदिन काइजलास]	
	रघुनाथके पुत्र आत्माराम के इजहार प्रारंभ हुये	··२३६—२३६

भूमिका

ब्रिटिश गवर्नमेण्ट की अमलदारी जबसे हिन्दुस्तान में हुई तबसे ऐसा महकमा कमीशन गत वर्षमें जो बड़ौदे के राजाके मुक़द्दमे के तहक़ीक़ात करने के लिये नियत हुवा था कभी नियत नहीं हुवा—यह वह मुक़द्दमा है जो सम्पूर्ण हिन्दुस्तान और यूरुप में समाचार पत्रों के द्वारा विख्यात होचुका है—इस मुक़द्दमे की बिना और असल यह थी कि करनैल फ़ियर साहब बड़ौदा के ब्रिटिश रेजीडण्ट को शरबत में विष दियागया या नहीं औरइस अपराधका शुभा मल्हरराव गायकवार बड़ौदा पर हुवा—कि उनके साज़िश या तरग़ीबसे विष दियागया तथाच गवर्न्नमेण्टहिन्दने इसमुक़द्दमेकीतहक़ीक़ात के लियेएक कमीशन नियत की जिसमें तीनसाहब यूरोपियन अर्थात् सररिचर्डकौच साहब चीफजस्टिस बंगाल रेजीडण्ट, और सररिचर्डमीड साहब चीफ़कमिश्नर मुल्कमैसोर, और मिस्टर मैलवल साहब कमिश्नर अम्रतसर, और तीन साहब हिन्दुस्तानी अर्थात् दो बड़े महाराजा हिन्दुस्तान अर्थात् श्रीयुत महाराजा साहबबहादुर जयपुर और श्रीमान्महाराजा साहबबहादुर सेंधिया अधिपति ग्वालियारऔरराजा-

गत वर्ष में अनेक अखबारों में इस मुकद्दमे पर वादानु-
वाद हुआ कई अखबार लिखने वालों ने गवर्नमेण्ट की इस
काररवाई पर बड़े २ एतराज किये और कलङ्क लगाये—और
कितनों ने गवर्नमेण्ट इण्डिया की इस काररवाई की
सहायता की—जोकि अब यह मुकद्दमा पूर्ण होगया इसलिये
अब इस विषय में लिखना कि वह काररवाई कैसी थी व्यर्थ है
लेकिन जोकि अखबारों में इस मुकद्दमे की अलग २ कार-
रवाइयां छपी हैं और बहुधा अखबार के अवलोकन करने
वालों और देश के रईसों की यह इच्छा पाई गई कि तर्जुमा
सब काररवाई कमीशन का आदि से अन्त पर्य्यन्त अखीरी
हुक्म तक खास पूर्ण छापा जावे—जो कि इस भूमिका का
लिखने वाला भी बड़ौदे की कमीशन के अवलोकन करने के
लिये कमीशन की सभा में उपस्थित रहा इसलिये इच्छा हुई
कि इस मुकद्दमे के अनुरागियों को इस काररवाई से
जो यादगार तारीख है सूचित करे—यद्यपि अखबारों
में तर्जुमे हुये परन्तु जांचने के समय उन तर्जुमों में कुछ
अन्तर पाया गया—इसलिये एक अति अंगरेजी विद्या

उनको नियमित स्थान पर अपने साथ लेजाकर बैठाया यह जगह पहिले कमीशन के लोगों की बाईं ओर नियतथी उसदिन मल्हरराव अति उत्तम वस्त्र पहिने हुये थे सुर्ख मरहटी पगड़ी शिरपर बंधी हुईथी और सम्पूर्ण वस्त्रोंके ऊपर एक मखमल का चुगह पहिने हुये थे गले में मोती और लाल और जमुर्रद का हार पहिने हुये थे उनकी उंगुलियों में कोई अंगूठी नथी परन्तु कानों में बाले जिसमें मोती पड़े हुये थे पहिनेथे मिस्टर इस्कोबल साहब वकील खास सरकार और मिस्टर अनवरा-रटी साहब मिस्टर हैरन साहब की हिदायत से और मिस्टर कोवलेगड और मिस्टर लेवारनरसाहब श्रीमान्गवर्नरजनरल वैसराय की ओर से मुकद्दमे की तहकीकात के लिये इज-लास में आये और सरजण्ट वेलनटाइन साहब और मिस्टर ब्रैन्सन और मिस्टर परमल और मिस्टर शान्ता रामनारायण बहिदायत मिस्टर जेफरसिन और पीनसाहबके वास्ते नवाब हेंडी गायकवार की ओर से इजलास में आये और मिस्टर वासदेव जगन्नाथ वकील हाई कोर्ट मल्हरराव की ओर से सम्पूर्ण कारवाई मुकद्दमे की देखरहे थे ॥

ग्यारह बजे पर बीस मिनट आने के उपरान्त साहबान कमीशन की इजाजत से एक अहल्कार ने उस मोकद्दमे शन के तर्जुमे को जोकि जबान मरहटी हिन्दुस्तानी में मिस्टर फिलन साहब मुतरज्जिम ने तर्जुमा कियाथा पढ़ा ॥

सरकार के मुख्य वकील ने साहबान कमीशन के रूबरू अरज किया कि मुकलामा लिखने वाले इस कारवाई के पहिले से मुकर्रर होगये हैं और जो कुछ साहबान कमी-शन को इस विषय में जरूरत होगी तुरन्तही उसकी ता-मील कीजावेगी सरजण्टवेलनटाइन साहब ने कहा कि एक बात अरज करनी मुझको भीहै हमको जरूरत गवाहों की होगी उनका बुलाना आपको मंजूर होगा और श्रीमान् मल्हरराव के वास्ते उनकी गवाही निहायत जरूर है यद्यपि

परन्तु, मैं इस मुक़द्दमे का वृत्तान्त संक्षेप से आपको ज़ेहन नशीन करता हूं क्योंकि यह कमीशन जौडीशल नहीं है किन्तु केवल मुक़द्दमे की तहक़ीक़ात करके श्रीमान् नव्वाव गवर्नर जनरल बहादुर के इजलास में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी और खास अपने तौर पर एक राय नहीं दे सकी है पससें सम्पूर्ण वृत्तान्त इस मुक़द्दमे का संक्षेप में आपके रूबरू पेशकरताहूं अभी आपके सामने इश्तिहार पढ़ा गया मैं उसके मुताबिक़ अपनी तक़रीर इस मुक़द्दमेके विषय में करूंगा मैं रेजीडन्सी के नौकरों के बहकाने की तारीख उस वक्त से ख़याल करता हूं जबकि पहिली कमीशन बड़ौदे में नियत हुईथी तो मालूम हुवा कि पहिली कमीशन तारीख २८ अक्टूबर सन् १८७३ई० को शुरूअ हुईथी और बराबर दो महीने तक अर्थात् नवम्बर डिसम्बर मुकद्दमेंकी तहक़ीक़ात होती रही इन महीनों में जासूस सालिम और यशवन्तराव के द्वारा श्रीमान् मल्हरराव ने रेजीडेन्टके नौकरोंसे विष दिये जाने की साजिश की यहां तक कि सिरफ रेजीडेन्ट के नौकरही नहींथे किन्तु खास निजके नौकर रजीडेन्ट साहब के भी अपने स्वामी के विष दिये जाने के लिये तय्यार किये गये थे उस समय साहब रजीडेन्ट यहां के कारनैल फियर साहब थे और जिस समय का मैं जिकर करता हूं उनकी मेम साहब भी विलायत नहीं गईं थीं किन्तु, मुकाम बडौदे में थीं पहिले श्रीमान् मल्हरराव ने कारनैलफियर साहब के विष देने की चाहा से बातचीत शुरूअकी यह आया फियर साहब की मेम साहिब के जाने के उपरान्त फियर साहब की लडकी अर्थात् ब्वीसाहब की मेमसाहिबाके पास नौकर थी इस आया का नाम अमीना है और यह बहुत मुद्दत से कारनैलफियर साहबके पास नौकर थी और फियरसाहिब की मेम साहिब के मिजाज में इसको इतना दखलथा कि सब बातें मेम साहिबा इससे कह दिया करती थीं यह

मेरे लार्ड प्रेसीडिन्ट और आप महाराजान और साहि-बान कमीशन मेरी तकरीर पर ग़ौर फरमावें अब मैं सर-कार की ओर से संक्षेप रीति से उन अपराधों का बयान करता हूं जो कि मल्हरराव के ऊपर ठहराये गये हैं और जिन अपराधों की तहक़ीक़ात के वास्ते यह कमीशन नियत हुई है हमने बहुतसे लोगोंसे गवाहियांलीं उनसे मालूम हुवा कि मल्हरराव के ऊपर एक बड़ा जुर्म नियत होता है और उनके ऊपर चार अपराध ठहराये गये परन्तु उन चारों को हम नीचे इस भांति पर संक्षेप कर लिखते हैं पहिले तो यह है कि श्रीमान् मल्हरराव ने अपने नौकरों के द्वारा करनैलफियर साहब और रेज़ीडेन्सी के नौकरों को बहकाया और दूसरे यह कि उन्होंने स्वतः अपने नौकरों के द्वारा करनैल फियरसाहब के नौकरों से और रज़ीडेन्सी के नौकरों से उनके खासी को विष दिलवाया मैं सम्पूर्ण गवाहियां कि जिनसे कि मुक़द्दमा साबित होता है इस जगह फ़ज़ूल समझता हूं क्योंकि धीरे धीरे आपके रूबरू सब गवाहियां तसदीक़ हो जायेंगी॥

जावेगा किन्तु कुछ इसके पति अब्दुल्लाकी गवाही की जरूरत नहीं है क्योंकि आया के घरमें कई कागज ऐसे पाये गये कि जिनसे पचास रुपये का दिया जाना साबित है यह कागज चार खत हैं दोतो आया ने अपने पतिको लिखे हैं और दो उसके पतिने आया को लिखे हैं इन खतों में सम्पूर्ण कार रवाई जो महाराज और आया से हुई लिखी है साहिबान कमीशन को उन खतों के देखने से फिर तहकीक़ात करने की आवश्यकता न होगी॥

इस बातको सुनकर सरजन्ट बेलनटाइन साहब ने बहुत धीरे से कहा कि जो कुछ कि साहबान कमीशन स्वीकार करें वह सब ठीक और सच है परन्तु उन खतों को अभीसे गवाही में लाना खिलाफ मालूम होता है आया के हाजिर करने के समय जो यह खत पेश किये जावें और साहबान कमीशन उनका पेश किया जाना उचित समझे तो उस दशा में कुछ हानि नहीं है॥

मिस्टर इसकोबल साहब ने उत्तर दिया कि वह खत गवाही के लायक है परन्तु जब तक कि कमीशन के मेम्बर उन चिट्ठियों को न मांगेंगे हम उनको पेश न करेंगे॥

जब कि आया से इजहार लिये गये तो आया बहुत बीमार थी और इस बातसेसाहबान कमीशन को साबित हुवा होगा कि उसके मनमें अपने अपराध का बड़ा खयालथा अब मैं दो और नौकरोंका बयान करता हूं यह खासनिज के नौकर साहब रेजीडेन्टके हैं और उन्होंनेभी बसबबसाजिश के बहुतसा रुपया श्रीमान्मल्हरराव से पाया था उनमें से एक पेडरू है यह शख्स करनैल फियर साहब का खानसामां था उसको पचास रुपये महाराज ने दिये थे और वह आया के साथ गया था परन्तु अब वह वहांके जाने से इन्कार करता है॥

अब मैं वह हाल आपके रूबरू बयान करता हूं कि जिस तरह करनैल फियर साहब को विष दिया गया परन्तु

कि तुमने रावजीको वहपुड़िया देदी मैंनेकहा हांदेदी आठ दसदिनके पीछे मैंइसहरके सलासको महाराजासाहबकेपा-सगया पहिलीरीतिके अनुसार नौबजे यशवन्तरावके मकान परगया और वहांसे रावजी जुग्गाकेसाथ महाराजा साहब केमहलको गया जिसकमरेमें हमेशा मुलाक़ात होतीथी उ-समें महाराजा साहब से मुलाक़ात हुई सालिम और यश-वन्तराव महाराजासाहब के पासबैठेहुये थे जब महाराजा साहबने मुझको देखा तो बुरी २ गालियांदीं और कहा कि तुमलोग लुच्चेहो गालियादेनेके पीछे महाराजासाहबने हम से कहाकि अबतक तुमलोगोंने कुछनहींकिया मैंनेकहा कि रावजीको मालूमहोगा मैंकुछ नहींजानता रावजीनेकहाजो कुछ मेराकामथा मैंकरचुका और वहवस्तु जोमहाराजासा-हबने दीथी अच्छीनहो तो मैंक्याकरूं महाराजासाहबने कहा अच्छा मैंदूसरी पुड़िया भेजूंगा और कहाकि उसको अच्छी तरह डालना—कलकेदिन तुम्हारेपास सालिमके हाथपुड़िया पहुंचेगी—सोउसके दूसरेदिन जबअपने मकानसे मैंनिकलता था तो सालिमने मुझको पुड़ियादी और मैंनेउसको लाकर रावजीके हवाले करदिया—यहपुड़िया ९ नवम्बरके पांचसात रोज पहिले दीथी ९ नवम्बर के प्रातःकाल के आठबजे मैंअ-पनेमकानसे आया मैंनेरावजीको डेवढ़ीपर बैठाहुआदेखा जो साहबकी कचहरीके निकट है उसदिन भोरको मुझसे और रावजीसे कुछवार्त्ता नहुई थोड़ीदेर के पीछे जब गिलास में विष मालूमहुवा तो गड़बड़ होगई मुझसे रावजीने कहाकि डाक्टरसाहब आयेथे और गिलासजेबमें रखकर लेगये सिवा इसके और कुछबातें रावजीसे नहींहुईं, उसकेदूसरे दिन क-रनलफियर साहबने मेरेइजहारलिये मैंअपने ओहदेपरका क़ायमरहा और फिरसूटरसाहबकी आज्ञानुसारमैं पकड़ागया ९ नवम्बर और जिसदिनतक मैंपकड़ागया रावजीसे कुछबातें नहींहुईं मेरे इजहार के पहिले मुझसे किसीने नहीं कहा

से पहिले चकोतरे का शर्व्वत तय्यार कर रक्खा करता था और फियर साहब उसको हर रोज़ पीलिया करतेथे ९ नवम्बर के रोज़ अब्दुल्ला ने बदस्तूर शर्व्वत बना कर रक्खा हवालदार रावजी वहां गया और करनैल फियर साहब के शर्व्वत में एक ज़हर की पुड़िया मिला दी इस ज़हर में संखिया और हीरे का चूरा मिला ड़ुआ था करनैल फियर साहब जब हवा खोरीसे आयेतो उन्होंने दो तीन घूंट शर्व्वत के पिये मगर चूंकि इस शर्व्वत में विष मिला ड़ुआ था इस सबब से बेज़ाद मालूम ड़ुवा फियर साहब ने यह बात ख्याल करके कि चकोतरह जिसका यह शर्व्वत बनाया गया है खराब होगा शर्व्वत को फेंक दिया परन्तु उनके सिर में दर्द होता रहा और जी मतलाया किया उन्होंने उस बरतन में जो देखा तो उनको मालूम ड़ुवा कि सियाह रंग की गाद उस बरतन में जमीहै इस बात को देखकर एकचिट्ठी डाक्टरसीवर्ड साहब को लिखी और अपनी नादुरुस्ती तबीयत का हाल सब उसमें लिखा डाक्टर सीवर्ड साहिब फौरन् चिट्ठी के देखतेही करनैल फियर साहब के पास आये और देखा कि संखिया और कोई चमकती ड़ुई वस्तु बरतन के नीचे जमी है परन्तु अपने तजुर्बे पर उनको निश्चय न ड़ुवा और उन्होंने कुल कैफियत लिख कर डाक्टर ग्रीसाहब को बम्बई में भेजी और एक पुड़िया उस वस्तु की भी जो उस बरतन में जमगई थी भेजी पस डाक्टर ग्रीसाहब और डाक्टर सीवर्ड साहब की राय मुत्तफिक़ ड़ुई था कि दो डाक्टर लोगों का एक मत है तो इसमें सन्देह नहीं कि करनैल फियर साहब को ज़रूर संखिया दी गई होगी सिवाय इस बात के एक और भी सबूत है कि नानक और यशवन्त राव सबह के वक्त रेज़ीडन्सी में गये इससे साफ मालूम होता है कि विष दिये जाने के हाल मालूम करने के वास्ते गये थे और उससे साफ मालूम होता है कि इनके

को दीयी और सालिम ने रावजी को दी रावजीने छठी और सातवीं नवम्बर को यह पुड़िया कारनैलफ़ियर साहब के शरबत में मिलाई थी परन्तु कारनैल फ़ियर साहब को कुछ असर न हुआ महाराज ने इस बात को मालूम करके ९ तारीख़ को एक और पुड़िया दी और उसी पुड़िया को फंकी का चूरह बरतन की पेंदीमें जलरहा था रावजी का परतला जो देखा गया तो और कई पुड़ियां संखिया की मिलीं जो कुछ मैं कह रहा हूं उसकी सच्चाई दामोदरपंथ और रावजी के इजहार पर मौक़ूफ़ है गवाहों के इजहार अलग २ लिये गये हैं जिस पर भी यह सब का एक बयान है इससे मालूम हुवा कि यह सब बातें सच्ची हैं दामोदरपंथ और रावजी ने अपने अपराध क्षमापन के इक़रार लेने के उपरान्त अपना इजहार दिया नरसू का इजहार बगैर क़सूर मुआफ़ करने के लियागया है उसके बयान से बिलकुल सच्चाई मालूम होती है यह रजीडन्सी में बहुत दिनों से नौकर था जोकि इससे ऐसा खराब काम हुवा तो इसने कोशिश की थी कि कुएं में गिरके मरजाय परन्तु कमीशन के साहिबान् इस विषयमें भी ग़ौर फ़रमायेंगे तो खूब मालूम होगा कि इस मनुष्यने जरूर विष देने की कोशिश की थी दामो-दरपन्थ की गवाही गायकवार के कागजों से सबूत होती है क्योंकि उन कागजों में बहुत से खर्च ऐसे लिखे हुये हैं कि जो गायकवार ने रजीडन्सी के नोकरों को नज़रा दिया था महाराज के खानगी हिसाब में उसने लिखा है कि तीन हजार रुपये के हीरे मोल लिये गयेथे और एक जगह लिखा है कि अठारह सौ रुपये का नग गायकवार ने मंगवाया पस यह सब फ़रज़ी हिसाब मालूम होते हैं हेमचन्द चौधरी के इजहार भी आप के सामने लिये जावेंगे उनसे आपको मालूम होगा कि किस क़दर चोरी दामोदरपन्थके हिसाबमें है और कितने रुपये के हीरे दामो-

जिसदिन उन्होंने सुना था उसीदिन याददाश्त भेजते ॥ अब मैंने सम्पूर्ण वृत्तान्त इस मुक़द्दमे का कमीशनके लोगोंकेसामने इस वास्ते बयान किया कि आप सबलोग इसपर गौरकरें॥

जब आप सब साहिब गवाहों के इज़हारात सुन लेंगे और सरजे न्टवेलन टाइन साहब भी अपने सवालात करलेंगे तबमैं अपनी राय इस मुक़द्दमे में दूंगा और इस समय जिन कामों में ज़रूरत होगी बहस करली जावेगी मुझको और कुछ कहना बाक़ी नहीं रहा अब आप आनन्द से गवाहों को बुल- वाइये इसके पहले कि वकील सरकार अपनी तकरीर कहकर बैठें उन्होंने यहभी कहाकि यहां थोड़े गवाह ऐसे हैं कि जो अंगरेज़ी और हिन्दुस्तानी को बिल्कुल नहीं जानते हैं इस कारण उनके इज़हारात लेने के वास्ते एक बन्दोबस्त करना ज़रूर है सरजन्ट वेलनटाइन साहब ने उत्तर दिया कि जिस ज़बान में जो मनुष्य इज़हार देगा उसका वैसा ही बन्दोबस्त किया जायगा इस बात को साहब प्रेज़ीडण्ट ने स्वीकार किया ॥

अमीना आया का इज़हार ॥

अमीन आया का इज़हार मिस्टर अनवरारटी साहब ने लिया और फ़िलन साहब उसका तर्जुमा करते जाते थे ॥

आया ने कहा कि मेरा नाम अमीना है मुझ को वह समय याद है जब कि मुकाम बड़ौदे में पहिली कमीशन मुकर्रर हुई थी मैं उस समय कारनेल फ़ियर साहब की मेम साहिबह के पास नौकर थी और जब तक वह इंगलिस्तान को नहीं गई थीं मैं उन्हींके पास रहती थी उनके इंगलिस्तान में जाने के उपरान्त मैं उनकी बेटी जो कि बोबी साहब की मेम साहबह हैं उनके पास नौकर रही मैं गायकवार को खूब जानती हूं और उनके महल में तीन मरतबे गई थी पहले मरतबे जब मैं फ़ियर साहब की मेम साहिबह के पास नौकर थी और दो मरतबे जब मैं बोबी साहब की मेम

जो कि पहिले से महाराज का नौकर था तरक्की की सिफारिश की परन्तु मुझको याद नहीं कि उसका उत्तर महाराज ने क्या दिया फिर मैं घरको चली आई दूसरे दफे तब मैं महाराज के पास गई थी जब महाराज नौसारी से आये थे॥

इन्स्पेक्टर साहब ने कहा कि हमारी और सरजन्ट बेलन् टाइन साहब की राय है कि हम दूसरी अप्रैल से लेकर १९ मई सन् १८७४ ई॰ तकके हालात का जब महाराज नौसारी में थे इज़हार लें और सिवाय इसके और इजहारात लेने में हमारा वक्त ख़राब होगा॥

अमीना बयान करती है कि जून के महीने में महाराज नौसारी से पलट आये तब मैं फिर महाराज के महल में गई क्योंकि सालिम और करीम ने मुझको वहां जाने के लिये बार २ कहा था और करीम भी मेरे साथ गया उस समय पानी बरस रहा था मार्ग में मुझको सालिम मिला और हम तीनों उसी मकान में जहां पहिले गये थे गये॥

सालिमने बदस्तूर मेरे आने की महाराज को इत्तिला की महाराज आकर उसी चौकी पर बैठ गये जिस पर पहिले बैठे थे मैं और करीम महाराज के सामने फर्श पर बैठे महाराज ने मुझसे पूछा कि बोवी साहब की मेम साहिब तो मेरे विषयमें कुछ नहीं कहती थीं मैंने और करीम ने उत्तर दिया कि हमसे कुछ नहीं कहती थी मिस्टर बोवी साहब को कुछ अधिकार नहीं है और न उनकी मेम साहिब तुम्हारे लिये कुछ कर सक्ती हैं यह सुन कर मैंने महाराज को सलाम किया और वहां से बिदा हुई थोड़ी देर के उपरान्त सालिम ने मुझसे आकर कहा कि यशवन्त राव के घर जाकर दो सौ रुपये ले आना मैं वह रुपये ले आई और उसमेंसे सौ रुपये मैंने लिये और सौ रुपये करीम को दिये॥

नौकरी की चाह नहीं इतना कह मैं वहां से चली और चलने के वक्त कहा कि तुम किसी के कहे में आकर साहब पर कुछ मत करना अगर साहब पर कुछ नुकसान पहुंचेगा तो तुम्हारे हक्क में बुरा होगा यह सुन कर महाराज अप्रसन्न हुये और सालिम से कहा आया को यहां से लेजावो फिर सालिम ने थोड़ी देर के उपरान्त पचास रुपये मुझको दिये और जो कुछकि हाल गुज़रा था मैंने सब अपने पति को कि वह मुझ से बहुत दूर था खतके द्वारा इत्तिलादी और उसको अपने पास बुलवा लिया और जो पत्र कि मैंने अपने पतिको लिखे थे वह सब अब्दुल रहमान से लिखवाये थे। प्र०—मिस्टर अनवरारटी साहब ने आया से पूछा कि तुमने सूटर साहब के साम्हने यह इज़हार दिये थे या नहीं ? उ०—हां मैंने सब इज़हार दिये परन्तु मैं बीमार थी डाक्टर सीवर्ड साहब इसबात को खूब जानते हैं और उन्होंने मेरा इलाज किया था॥

सरजनू बेलनटायन साहब के प्रश्न॥

प्र०—तुमने पचास रुपये क्या कियेथे ? उ०—मैंने रमजान के महीने में फकीरों को खाना खिलाया। प्र०—क्या उस वक्त तुम और तुम्हारे पति एकही मकान में रहते थे ? उ०—हां साहब एकही मकान में रहते थे। प्र०—क्या उस को तुम्हारे इस पचास रुपये का हाल मालूम होगया था ? उ०—हां साहब मैंने कहदिया था। प्र०—तुमने कुलकैफियत इन रुपयों की बयान करदी थी ? उ०—बहुत रोकर उत्तर दिया और एक चुट्टा कागजों का निकाला कि यह मेरे सारटीफिकट हैं साहब मैं झूंठ नहीं बोलती हूं मैं पांच बरतने इंगलिस्तान होआई हूं इस बात को सुन कर सम्पूर्ण इजलास हंसने लगा। प्र०—वह जो सौ रुपये पहिले तुमको महाराज से प्राप्त हुये थे उसका भी हाल तुमने अपने पति से बयान किया था ? उ०—हां मैंने कहा था कासिम को और मुझको दो सौ रुपयों में से आधा २ मिला है और यह भी कहा

के कहने से साबित हुवा था? उ०—नहीं मुझको केवल पेडरू
और रावजी की बातों से मालूम हुवा था। प्र०—अगर यह
दोनों तुमसे कुछ बात न कहते तो तुमको क्या सन्देह न
होता? उ०—अगर यह दोनों न कहते तो मुझको विषकी
निस्बत कुछ ख्याल न होता। प्र०—तुमको पेडरू और रा-
वजी ने ज़हर के विषय में कब कहा था? उ०—वह महाराज
के बड़े हितू हैं। प्र०—मैं यह पूछता हूं कि उन दोनों ने
तुमसे कब कहा था? उ०—पेडरू और रावजी ने मुझसे
कुछ नहीं कहा था वह दो शख्स और हैं जिन्हों ने मुझसे
कहा था। प्र०—तुमने अभी हमसे कहा था कि पेडरू और
रावजी ने हमसे कहा था? उ०—मैने सोच समझ के नहीं
कहा। प्र०—क्या तुम इस समय बदहवास हो। उ०—मैं
अच्छी हूं परन्तु मेरे हाथ पांव इस समय गिरे जाते हैं?
प्र०—अच्छा अगर पेडरू और रावजी ने तुम से नहीं कहा
फिर उन दोनों मनुष्यों का नाम बताओ। उ०—उन दोनों
शख्सों का नाम नारोस और काजी है। प्र०—उन्हों ने तुम-
से कब कहा था? उ०—जब मैं महाराज के यहां तीसरी
मरतबे गई थी उससे एक महीना पहिले उन्हों ने मुझसे
फ़क़त यह बयान किया था कि महाराज किसी साहब को
विष देना चाहते हैं। प्र०—तुम केवल इस बातसे कि
किसी साहबको ज़हर देना चाहते हैं फियर साहब का नाम
क्योंकर समझ गई? उ०—मैंने एक क़रीने से समझा
कि महाराज को सिवाय कारनेल साहब के और किसी से
प्रयोजन नहीं है। प्र०—फिर तुमने साहब से क्यों न कहा कि
महाराज आपको विष देना चाहते हैं? उ०—यह बात सिर्फ
मैं विचार से समझी थी किस निश्चय पर साहबसे बयान करती
प्र०—तुमको उत्तर दो कि तुमने साहब से कहा था नहीं?
उ०—नहीं कहा। प्र०—क्या तुमको यह ख्याल न हुवा कि अपने
मालिक के प्राण को इतनी इत्तिला करदेने से बचाओं वह

राज ने फकत इतना कहा है कि साहब को कोई ऐसी वस्तु देना चाहिये जिससे उनका दिल फिर जाय। प्र०—यह तुम ने कब कहा था? उ०—जिस रोज मैं तीसरी बेर महाराज के यहां गई थी उसके एक दिन पीछे मैंने कहा था॥

अब साढ़े चार बजे का समय होगया था सरजन्ट बेलन टायन साहब ने साहबान कमीशन से कहा कि इजलास का बरखास्त होना अवश्य है क्योंकि जो आयासे मैं और अधिक प्रश्न करूंगा तो संध्या होजावेगी पस प्रेजीडेन्ट साहब ने इजलास को बरखास्त किया॥

कचहरी के साहबान की वार्त्ता का बयान॥

टाइम्स आफ इण्डिया के खास कारस्पाण्डेण्ट के लेख से प्रतीत हुआ कि इस मकान में जहां कमीशन का इजलास शुरू हुआ पहले साहब कप्टन सिराट मजिस्ट्रेट की कचहरी थी परन्तु कमीशन के लिये कुछ थोड़े कमरे नये बनाये गये हैं सम्पूर्ण कचहरी का लम्बाव चौड़ाव सत्तर फुट लम्बा और पच्चीस फुट चौड़ा और पूर्व की ओर एक ऊंचा चबूतरा बना है जहां कि कमीशन के बैठने की जगह नियत है साढ़े दश बजे सलामी की तोपें दगीं उससे मालूम हुआ कि अब मेम्बरान कमीशन वास्ते इजलास के आनेवाले हैं पहले श्रीमान् महाराजा सेंधिया वहां आये और थोड़ी देर के उपरान्त सरल्यूइस पेली साहब और मल्हरराव एकही गाड़ी पर सवार होके आये और जो खास जगह गायकवार के वास्ते पहिले से नियत हुई थी वहां जाकर बैठे सररिचर्ड मीड साहब की कुर्सी बीच में थी और उनके दाहिनी ओर श्रीयुत महाराजा सेंधिया और बाऐं तरफ श्रीमान् महाराजा जयपुर बैठे हुये थे महाराजा सेंधिया अति उत्तम वस्त्र पहिने हुये थे उनके आभूषण हीरों के आभूषणों से भी सर्वोपरि थे श्रीयुत महाराजा जयपुर जो अपने देश के उत्तम प्रबन्ध करने के लिये विख्यात हैं उन्होंने [illegible] वस्त्र कर रक्खा थे

ने इजलास के रूबरू अपने जुग़राफिये की विद्या को प्रगट किया उसने कहा कि मैं बड़ौदे को नहीं जानती हूं यह कह कर फूट२ रोने लगी और कहने लगी कि मैंने कानपुर, नीमच जबलपुर, और शमला और इङ्गलिस्तान को देखा है और इन स्थानों में बहुत दिन रही हूं यहां तक कि अरबतक भी पहुंच गई थी कि सरजन्ट वेलनटाइन साहब उसको ठहरा कर फिर बड़ौदे में लेआये अमीना ने कहा कि मैं सफ़र के मुआमले से सरजन्ट वेलन टायन साहब से कुछ काम नहीं हूं जब अकबर अली के विषय में उससे पूछा गया तो वह बोली कि मैं अकबरअली को जानती हूं फिर फैज़ गवाही की जगह पर आया उसकी डाढ़ी बहुत सुन्दर और काली थी और सब गवाहों में यही गवाह बहुत सुन्दर था उसने कहा कि एक मरतबा मैं आबा के साथ नायकवार के यहां गया था परंतु मेरे साम्हने महाराज ने कोई जादू का ज़िक्र नहीं किया फिर एक ईमान्दार गाड़ीवाला गवाही के वास्ते आया उसने साफ़२ जिस तरह उसकी गाड़ी किराये की गई थी और जिस तरह अमीना महाराज के यहां गई थी सो बयान किया अन्त को

दूसरे दिन का इजलास ॥

बडौदा २४ फरवरी सन् १८७५ ई० ॥

आजके दिन नियमित समय पर मेम्बरान कमीशन मौजूद हुये पहले दिनसे आज बहुत मनुष्य थे और सूर्य्य की गरमीसे दिनभर बहुत गरमी रही ग्यारह बजेके समय सरल्यूइस पीली साहबके साथ मल्हरराव गायकवार आये महाराजा सेंधिया सफेद कपडे पहिने हुयेथे और पीली पगडी मरहठी सिरपर बांधे हुये थे बाकी और मेम्बरान कमीशन कपडे पहिले दिन के सदृश पहिने हुये थे सरजेन्ट बेलनटाइन साहब बदस्तूर आया से प्रश्न करते रहे खास इजहारात जो अमीना से लिये गये वह यह थे कि खान बहादुर अकबर अली या उनके लडके अब्दुल अलीने अमीना को धमका कर उससे इजहारात लिये हैं आज आयाके इजहारातमें हास्य होता रहा जब सरजन्ट बेलनटायन साहब ने आया से पूछा कि तुमको गायकवार के पास जाने से क्यों इन्कार था तो अमीना

तुम्हारे इजहारात लिये गये हैं तुमने अपने पति से मुला-क़ात की या नहीं? उ०—मुझको इसकी बड़ी मनाही है। प्र०—किसने तुमको मना किया? उ०—खान बहादुर ने प्र०—कल से कोई पुलिस वाला भी तुम्हारे पास आया है? उ०—नहीं कोई नहीं मैं सच कहती हूं कि मुझ से और किसी से बातें नहीं हुईं। प्र०—तुमने कल यह बात जो कही थी कि मैंने वाली और करीम से सुना था कि महा-राज चाहते हैं कि फियर साहब को जहर दिया जाय यह बात सच है? उ०—हां यह बात सच है और जो कुछ मैंने कहा है उसे न बदलूंगी। प्र०—यह बात सच है कि जब महाराज से तुम से तीसरी मुलाकात हुई थी तो तुम से महाराज ने कहा था कि कारनैल फियर साहब को तुम्हारे हाथ से विष दिया जाय? उ०—नहीं साहब मुझसे नहीं कहा और जो कुछ कि ठीक हाल था मैंने पहिलेही आप से बयान किया। प्र०—तुमने जो महाराज के प्रश्न करने पर क्रोधित होकर इन्कार किया था तो वह गुस्सा और इन्कार किस सबब से था? उ०—मैंने केवल यह कहा था कि तुम साहब के साथ किसीतरह की बदमलूकी न करना नहीतो तुम पछताओगे। प्र०—तुमने जो बदमलूकी का शब्द कहा तो उससे क्या मतलब था? उ०—मेरा मतलब उस से था जो महाराज ने मुझ से कहा था।

हूं जब मुझको आराम हो जावेगा मैं तुमको जवाब दूंगी सरजन्ट बेलन टायन साहब ने कहा कि यह मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं है जब तुमने अकबर अली के रूबरू अपने इज़हार दिये थे तो तुम बीमार थी परन्तु यह बताओ कि तुमको उसके पहिले कैद किया या पीछे। उ०—मैं कैद न थी मैं अपने घर में आराम से सो रही थी (मिस्टर मैनवल साहब ने कहा कि यह प्रश्न के जवाब को नहीं समझी इस से फिर पूछो उस दशा में कि जब यह बीमार थी कैद भी थी) प्र०—सरजन्ट बेलन टायन साहब ने कहा कि मैं केवल यह पूछना चाहता हूं कि जब अकबरअली ने तुमसे इज़हार लिये थे उस वक्त तुम क़ैद थी या नहीं? उ०—मैं अपने पलंग पर बीमारी के कारण बेहोश पड़ी थी मुझको खबर नहीं। प्र०—इसका जवाब दो कि जिस समय अकबरअली ने तुमसे इज़हारात लिये उस वक्त तुम कैद थी या नहीं? उ०—जब अकबर अली मेरे पास आया तो उसने मेरे इज़-हारात लेना चाहा परन्तु मैं बहुत बीमार थी इसलिये उसको अपने इज़हारात न दे सकी मुझसे वह कह गया कि तुम यहां से न जाना। सररिचर्ड मीड साहब ने कहा कि इसके उत्तर से प्रगट है कि वह क़ैद न थी। प्र०—सरजन्ट बेलन टायन साहब ने फिर पूछा कि तुमने जब अपने इज़हारात दिये उसके पीछे तुम अपने घर में रही या सरकार की हवा-लात में सुपुर्द की गई? उ०—मैं अपने मकान में थी और मेरे मकान के बाहर पहिरा था मेरे पास मेरा पति नहीं आ सक्ता था इसके दो दिन के उपरान्त मैं अस्पताल को गई। प्र०—तुमने अकबर अली से कहा कि मैं बहुत बीमार हूं? उ०—हां मैंने कहा था। प्र०—तुमने अपने इज़हारात अकबर अली को पहिले दिये थे या सूटर साहब को? उ०—मैंने अकबर अली से कुछ भी नहीं कहा था। प्र०—अच्छा अभी तो तुमने कहा था कि मैंने अकबर अली को

कहा था कि मुझको धमकाया था? उ०—मैंने नहीं कहा सरजन्ट वेलन टायन साहब ने उसके पहिले इजहारात को मुतरज्जिम साहबके इजहारात से मिलाया और साहब प्रेसीडन्टके इजहारात भी मिलाये गये तो उससे पायागया कि उसने बयान किया था कि मुझे धमकाया। प्र०—सरजन्टवेलन टायन साहब ने फिर आया से पूछा कि तुमने क्यों कहा था कि अकबर अली और अब्दुलअलीने मुझको धमकाया था यह बात सच है या झूठ है? उ०—यह बात झूठ है मुझे तो किसीने भी नहीं धमकाया मैंने शायद कहा होगा परन्तु मुझे तो ख़याल पड़ता है कि मुझमे अकबरअली और अब्दुलअली ने सिर्फ़ तीनही प्रश्न पूछे थे धमकाया नहीं था। प्र०—अब तुम्हारा निगहबान कौन है? उ०—अबमैं क़ैद हूं। प्र०—क्या तुम अकबरअली और अब्दुलअली की निगहबानी में हो? उ०— हां मैं उनकी निगहबानी और थोड़े सिपाहियों के पहिरे में हूं। प्र०—जब तुम्हारे इजहारात मूटर साहब ने लिख लिये थे तो तुम्हारे चलते समय तुमको सुनाये थे या नहीं? उ०— उन्होंने मुझे इजहारात नहीं सुनाये। प्र०—फिर तुम्हारे इजहारात और किसीके रूबरू भी मूटर साहब ने पीछे लियेगये?

क्या यही वकील थे।? उ०—हां साहब यही वकील थे। प्र०—जब तुम अस्पताल में थी तो तुम्हारे पास अकबर अली या अब्दुल अली आये थे। उ०—हां साहब आये थे। प्र०—सूटरसाहब के इजहार देने के पीछे फिर भी कभी अकबरअली तुम्हारे पास आये थे? उ०—कभी नहीं आये। प्र०—कोई और पुलिस का अफ्सर तुम्हारे पास आया था? उ०—कोई नहीं आया था मैं पुलिसके सिपाहियों के पहिरे में थी। प्र०—तुम किस अस्पताल में थी? उ०—मैं रजमट के अस्पताल में थी। प्र०—तुम्हारा कौन डाक्टर इलाज करता था? उ०—मुझ को नाम उसका नहीं मालूम परन्तु वह रजमट का डाक्टर था और डाक्टर सीवर्डसाहब भी आया करते थे। प्र०—तुमने पहिले कहा था कि कि खानबहादुर हमारे पास अस्पताल में एक लड़के को साथ लेकर आया था यह बात सच है? उ०— हां साहब यह बात सच है। प्र०—क्या तुमने पहली मर्त्तबा खानबहादुर को देखा था? उ०—हां साहब पहली मर्त्तबा देखा था। प्र०—तुमने उसको कहां देखाथा? उ०—मैं उस समय अपनी चारपाई पर अपने घरमें पड़ीथी। प्र०—तुम उसगाडी वालेको जानतीहो जो अकबरअलीके साथ आयाथा? उ०—हां साहब जानतीहूं। प्र०—उसका क्या नाम है? उ०—उसका नाम भिव्वीया कोचीहै।

साहब के जहर दिये जाने से बीस पचीस दिन पहिले मैंने सुनी थी प्र०—फिररिचर्ड मीडसाहबने पूछाकि तुम रमजान के महीने में महाराज के पास कितने दिन पहिले फियर साहब के जहर दिये जाने से गई थी ? उ०—मैं नहीं बता सक्ती कि मैं कितने दिन पहिले गई थी क्योंकि मुझको यह बात याद नहीं है परन्तु मैंने जहर दिये जाने के पहिले यह बात सुनी थी ॥

फैजूरमजान का इजहार ।

फैज रमजानने बयान कियाकिमैं चौकीदार रेजीडन्सी का हूं और बीस बरससे नौकरहूं मुझ को वह समय मालूम है कि जब यहां पहिले कमीशन हुई थी मैं आया के साथ एकबेर गाड़ीमें सवार होकर महाराजके यहांगयाथा और हम दोनों चम्पानियर दरवाजेमे महाराज की हवेली में जीने पर चढ़ कर एक ऊपर के कमरे में गये और हम फर्श पर जाके बैठ गये उस कमरेमें एकबड़ा आईना रक्खा हुवा था और एक चौकी भी रक्खी हुई थी सालिमने जा कर महाराजसे हमारे आनेकी इत्तिलाकी महाराज आकर उसचौकीपर बैठ गये महाराजने आयासे कहाकितुम हमारे पास क्यों नहीं आती हो आयाने उत्तर दियाकि मुझको आने का अवकाश नहीं है फिर महराजने आयासे कहा कि तुम मेम साहिबा से हमारी सिफारिश करदो आया ने उत्तर दिया किमैं मेमसाहिबासे तुम्हारे विषयमें कुछनहीं कहसक्ती इसके पीछे मैंने सलाम किया और कहाकि मुझसे बहुत से आदमी बैर रखते हैं आप मेरे ऊपर मेहरबानी किया करें फिर मैंने अपने लड़के के वास्ते सिफारिश की और फिर हम और आया महाराज से बिदा होकर घरको आये ॥

इसलिये सम्पूर्ण वृत्तान्त विस्तार से स्मर्ण नहीं जो कागजात निजकी कचहरीकेथे वहकईदिनतक बन्दरहे फिररजीडन्सी में मंगायेगये कुछकागज अबभीगायकवारके महल में बंद हैंजो कागजरेजीडन्टीमें मंगायेगयेवहपुलिसके पहिरेमेंरक्खेगये॥

साहबप्रेजीडेण्टने पूछाकियह कागजरेजीडन्सी में किसने मंगवायेथे? उ०-सरकारकी आज्ञानुसार गयेथे और जबयह सोहरेंतोड़ी गईं तोसम्पूर्ण कारकुन निजके महकमेके और मिस्टरबूटर साहब उपस्थितथे जिसदिन दामोदरपंथ पकड़ा गया मुझकोयाद है किपकडेजानेके पीछे मैंने उसको देखाथा मैंनेउससेकहाथा। किअगरतुमसहो २ हालबयान करोगेतो तुम्हाराअपराध चमाहोजावेगा किन्तुताजीरात हिंदकीजिस दफामें अपराधके चमापनका वर्णनलिखाहै वहभीमैंने उसको दिखाईथी इसके विशेष मैंने उससे यहभी कहा था किनाना जीवतिल आदि ने तो अपने २ अपराधों का इकरार किया यहीबातेंदामोदरपंथसेमैंने कहीथीं और कहाथाकिभलेप्रकार समझकर इसका उत्तर दो-इसके उपरान्त कमीशन के मेम्बर टिफनखाने को गये भोजन से सुचित होकर फिर एकत्र हुये साहबऐडवकेटजनरलनेप्रश्नकियाकि तुमनेकहाकि दामोदर-पंथकोदेखा और उसकोसमझाया था।तुमने उसकेपीछे भीउसे देखा? उ०-मैंनेदोतीन घण्टेके उपरान्त फिरउस को देखाथा जबसरल्यूइस पीलीसाहबने उसकाअपराध चमाकरदियातो उसकेइजहारहुयेथेयहमनुष्य डेरेमेंबुलायागयावहांमैंनेउसको देखाथा सरल्यूइसपीली साहब भी उसडेरेमें थे उसवक्त उसने इजहारदियेऔरमिस्टररिचीसाहबने उसकाइज्हारलिखाथा मैंहेमचन्दगवाहकोजानताहूं दामोदर पंथके इजहार केपहिले मैंनेउसकोदेखाथा।प्र०-कितनीमुद्दतकेपहिलेतुमनेउसकोदेखा था? उ०-पांचछः दिनपहिलेमैंनेउसकोदेखा उसकाबयान सब अशुद्ध है किमैंनेउससे जबरदस्तीइकरार कराया।और यह भी गलतहैकि जोकुछजोचाहा मैंने लिखलिया और यह बयानभी

फिर मुलाक़ात न हुई और मैंने अस्पताल में भी कोई बात उस से नहीं की और मेरे रूबरू उससे इज़हारात भी नहीं लिये गये मुझे स्मर्ण नहींहै कि मैंने आया को इजहार देने से कितने दिनों के उपरान्त अपने इज़हार सूटर साहब को दिये। प्र०-प्रेसीडन्ट साहब ने फैज़ू से पूछा तुम महाराज के कौन से महल में गये थे ? उ०-हवेली में। प्र०-क्या तुम्हारी दरख़ास्त से तुम्हारा लड़का नौकर हुआ था ? उ०-नहीं साहब वह तो खण्डेराव के समय से नौकर था। प्र०-क्या तुम्हारे कहने से खण्डेराव ने नौकर रक्खा था ? उ०-जब कि कारनैल वायस साहब इंगलिस्तान को जाने लगे तब मैंने उन से दरख़ास्त की थी कि अगर मेरा नाम महाराज के हां करा दो तो मेरे वास्ते अच्छा होगा क्योंकि मेरा इस थोड़े मासिक में यहां गुज़ारा अच्छी तरह से नहीं होसकता है मेरी दरख़ास्त को श्रीयुत वायस साहब ने मंजूर किया और मुझको महाराज के यहां नौकर रखा-दिया थो दो वर्ष तकमैं बराबर महाराजके यहां नौकर रहा परन्तु जब कारनैल वारसाहब आये तब मुझको रज़ीडन्सी में नौकर रक्खा और महाराज से कह कर मेरी जगह पर मेरे लड़के का नाम करा दिया॥

कार भाई पुष्पा भाई के इजहारात।

शेख करीम के इजहारात ॥

इस मनुष्य ने कहा कि मिस्टर बोवी साहब के पास मैं
चपरासियों में नौकर था मैं उस समय भी मौजूद था कि
जब वह नौसारी को गये थे और नौसारी से वर्ष के प्रारम्भ
में आये थे जब मैं वहां से आया तो उसके आठ दिन के
उपरान्त अमीना के साथ महाराज के यहां गया था पहिले
आया ने एक संदल नामे गाडीवान को वहां जाने के
वास्ते ठहराया था हम और आया सन्दल की गाडी में बैठ
कर महाराज के यहां गये महाराज का जासूस सालिम
हमको रास्ते में मिला और हवेली में ले गया हम जीनेपर
चढ़कर एक कमरे में गये सालिम ने महाराज को बुलाया
महाराज आकर एक चौकी पर बैठे आया महाराज के
रूबरू फर्श पर बैठ गई और मैं एक तर्फ खडा रहा महाराज
और आया में वार्त्ता होती रही महाराज और आया के मध्य
में नौसारी की गादी का जिक्र होता रहा महाराज आया
से पूछते थे कि साहब हमारी गादी के सबब से हम से
अप्रसन्न तो नहीं हैं आया ने उत्तर दिया कि मैं अब कुछ
नहीं कह सक्ती हूं जब हमारी मेम साहिबा आवेंगी तो
हम इसका उत्तर देंगी हम उनके द्वारा आपकी सिफारिश
साहिब से करावेंगी साहब के मिजाज में हमको दखल नहीं
है जो उनके दिल में आता है सो करते हैं उसी दिन दो सौ
रुपये सालिम ने हमको दिये और कहा कि तुम और आया
आधे २ लेना यह महाराज के विवाह का पारितोषक है सौ
रुपये मैंने आया को दिये और सौ रुपये मैंने आपरक्खलिये ॥

सरजन् बेलनटायन साहब ने करीम से प्रश्न किये ॥

यह मनुष्य उनके प्रश्न का उत्तर देता है कि मैंने आया
को उसके पति के सन्मुख रुपया दिया था मेरे इजहारात
बोवी साहब ने फियर साहब के नहर दिये जाने के उप-
रान्त लिये सुभान मिर्जा सालिम के बारे में बोवी साहब ने

बख़्तियार खां के पुत्र मन्दल खां का इज़हार।

बख़्तियारखां के पुत्र सन्दलखां ने इज़हार दिया कि मैं शिकरम वाला हूं और मैं शेख मुहम्मद बख़्तर की शिकरम को हांकता हूं मैं बीबी साहब की आया को जानता हूं परन्तु उसका नाम नहीं जानता हूं और मैं करीमको भी जानता हूं मैं करीम और आया को अपनी गाड़ी में बिठाकर गायकवार की हवेली में ले गया था मैं सालिम को भी जानता हूं यह शख़्स महाराज के पास रजोडन्सी में आया करता था सालिम भी हमारे साथ गाड़ी में बैठकर गया था मैं इन लोगों को सवार करके नौबजे रात को ले गया था और वहां से दश बजे रात को लौटकर आये जब कि मैं गया था तो थोड़ा पानी वर्ष रहा था इस बात को नौ महीने हुए होंगे करीम ने दूसरे दिन गाडी का किराया दिया था करीम और आया दोनों इजलास में बुलाये गये और इस मनुष्य ने दोनों को पहिचाना॥

सरजन वेलनटायनसाहब के प्रश्न।

प्र०—तुमने यह इज़हारात कबदिये? उ०—सूटर साहब के रूबरू दिये थे प्र०—मेरे प्रश्न का उत्तर दो कबदिये? उ०—जब कि पुलिस बम्बई के अफ़सर बड़ौदे में आये और तहक़ीक़ात शुरू करने लगे। प्र०—यह कबकी बातहै? उ०—साहब मैंतो लिखा पढ़ा नहीं हूं मैं क्योंकर बतासक्ता हूं कि कबकी बात है। प्र०—तुम को आठमहीने की बात तो यादहै और इस थोड़े दिनों की बात को भूलगये? उ०—हां साहब मुझको नहीं यादहै। प्र०—क्या यह कल की बात है? उ०—नहीं। प्र०—क्या यह परसों की बात है? उ०—नहीं साहब जब बम्बई के पुलिस के अफ़सर आये थे। प्र०—अच्छा यह बताओ कि उसको कितने दिन हुये? उ०—साहब दो तीन महीने हुये होंगे। प्र०—तुमने अपने इज़हारात सूटर साहब को दिये थे? उ०—हां साहब

भी कभी करीमको सवार किया। था उ०—नहीं। प्र०—तुमने उसे कल रातको देखा था? उ०—नहीं। प्र०—अब्दुलअलीने करीमके विषय में तुमसे कहाथा? उ०—नहीं। प्र०-कलरात को तुम कहां सोये थे? उ०—मैं अपने घरमें सोया था। प्र०—वहां कोई पुलिसका आदमी था? उ०—कोई नहीं। प्र०—कभी हवालातमें रहेथे? उ०—कभी नहीं परन्तु एक दिन जब पहिले इजहारात दिये थे। प्र०—क्या तुमने करीमके विषयमें इजहारात पहिलेही से दे दिये थे? उ०—नहीं साहब बहुत देर पोछे दिये थे और यह भी मैंने कह दिया था कि मेरे इजहारात किसीको मालूम नहों। प्र०—तुमने यह क्यों कहा था? उ०—मैं परदेसी था और मुझको प्राणका अन्देशा था। प्र०—मुझको मालूम हुवा कि तुमनेअपने इजहारात इसके दो महीनेपीछे दिये थे? उ०—हां साहब दो अढ़ाई महीने के पीछे दिये थे। प्र०—वहां और भी कोई उपस्थित था? उ०—कोई नहीं। प्र०—तुमने आया और करीम के जानेके विषयमें भी सूटर साहबसे कुछ कहा था? उ०—हां साहब मैंने कहा था परन्तु उस समय कि जब उनसे मैंने अपनी जान के बचनेका इकरार लेलिया था। प्र०—तुम नीची गरदन करके न देखो और मेरी ओर देखो तुमने आया और करीम के विषय में कहा था? उ०—नहीं साहब केवल आया की निस्बत में कहा था। प्र०—तुमने आया निस्बत क्या कहा था? उ०—मैंने कहा था कि मेरी गाड़ी में बैठकर आया शहर की ओर गई थी। प्र०—तुमतो आया को जानतेही न थे? उ०—साहब परन्तु अबतो मैं जानता हूं। प्र०—तुमने क्योंकर जाना? उ०—साहब मैंने उसको बोबीसाहबके बंगले में रहते हुये देखा। प्र०—तुम इससे पहिले आया को नहीं जानते थे? उ०—हां साहब नहीं जानता था। प्र०-सूटर साहब ने तुमसे करीम के विषय में कुछ पूछाथा? उ०—कुछ नहीं पूछा था। प्र०—फिर तुमने क्योंकर मनसे हाल सूटर साहब से कहाथा

वाले का नाम जानता हूं जिसकी गाडी में बैठ कर गया था। प्र०—तुमने जो अभी यह कहा कि कम से गवाह अलग २ कर दिये गये हैं वह कौन २ हैं? उ०—मैं उनके नाम नहीं जानता आया, करीम, और और गवाह हैं जो गवाही अपनी दे चुके हैं॥

शेख दाऊद के इज़हारात॥

इसने बयान किया कि मेरे पिता का नाम शेख रहीम है और मैं शिकरम को हांकता हूं मैं बीबी साहब की आया को नहीं जानता हूं मैं आया के पति और छुट्टू लड़के को जानता हूं मैं आया और उस लड़के को शिकरम में बैठा कर महाराज के महल में ले गया था यह पांच चार रोज़ दीवाली से पहिले का ज़िक्र है सालिसभी उस गाडीमें था और घोडीदेर के उपरान्त फिर इनको सवार कराकर लौटा ले आया अब्दुल्ला खानसामां ने मेरी गाडी का किराये लिया था॥

मरजनृवेलनटायनसाहब के प्रश्न॥

अब तुम कहां हो? उ०—कम्पूमें हूं। प्र०—तुम कहां रहते हो? उ०—अपने मा बाप के पास घरमें रहता हूं। प्र०—कोई सिपाही तुम्हारे पास था? उ०—कोई नहीं। प्र०—तुमने यह खबर किसीसे कही थी? उ०—किसी से नहीं। प्र०—तुमने इसका हाल पहिले किस से कहा? उ०—एक मनुष्य से कहा था।

कि तुम किसको लिये जाते हो वह उस समय न बोला परन्तु दूसरे दिन मैंने उससे पूछा कि तुम किसको ले गये थे उसने मुझसे बयान किया ॥

सारजन्ट बेलनटायन साहब के प्रश्न ॥

प्र०—तुमने करीम का नाम लिया था उ०—हां साहब लिया था प्र०—तुमने सूटर साहब से अपने इज़हारात में सब बयान कर दिया था ? उ०—हां साहब बयान कर दिया था ॥

फिर दुबारह इज़हारात लिये गये ।

प्र०—तुमने शेख दाऊद से करीम के विषय में क्या पूछा था ? उ०—मैंने पूछा कि रात को तुम कहां गये थे उसने मुझसे कह दिया । प्र०—परन्तु तुमने करीमके विषय में क्या कहा था ? उ०—मैंने कुछ भी नहीं कहा । प्र०—सारजन्ट-बेलन्टायन साहब ने कहा कि मेरे और देखा तुमने तो अभी बयान किया है कि मैंने करीम की निस्बत कहा था कि वह बौबी साहब का नौकर है ? उ०—साहब मैंने नहीं कहा और जो आपने पूछा होगा तो मैं अंगरेजी ज़बान नहीं समझता । प्रेज़ीडन्ट साहबने पूछा कि तुमने करीमके विषय में कुछ भी नहीं कहा ? उ०—कुछ भी नहीं कहा । प्र० कभी भी कुछ नहीं कहा ?

पहली बेर सिवाय इसके और कुछ वार्त्ता नहीं हुई कि मेम साहिबा को समझा दो कि वह साहब से कहैं ता कि साहब महाराज पर मेहरबानी करैं दूसरी मर्त्तबा जब कि वह गई थी तो मैं महाबलेश्वर में था उसने मुझसे बयान किया था कि मैं करीम बेग के साथ गई थी और महाराज ने उससे पूछा था कि मेम साहिबा हमारे विवाह के विषय में तो कुछ नहीं कहती थीं उसने उत्तर दिया कि कुछ नहीं कहती थी फिर महाराज ने कहा कि तुम मेम साहिबा को समझा दो कि वह साहिब से हमारी सिफारिश करैं इसबेर मौकपया महाराज ने मेरी स्त्री को दिया फिर मेरी स्त्री मेमसाहिबा के साथ पना को चली गई। प्र०—जब कि तुम्हारी स्त्री पना को गई थी तो यशवन्त राव कहां था? उ०—वह बम्बई को गया था। ऐडवकेट जनरल ने प्रेसीडेण्ट से कहा कि जब आया पना को गई थी तो यशवन्तराव चिट्ठी लिखा करता था मुझको मालूम हुआ कि आया को इस मुकद्दमे में साज़िश थी—सरजन्टबेलनटायनसाहब ने कहा कि मुझको उसका साज मालूम नहीं होता मैं नहीं कहसक्ता कि यह चिट्ठियां गवाही में क्योंकर ली जावेंगी क्योंकि यह चिट्ठियां घरोगू हैं जो पति ने स्त्री को लिखीं और स्त्री ने पति को इनका क्योंकर सबूत हो सक्ता है ऐडवकेटजनरल ने कहा कि उनका सबूत यों हो सक्ता है कि आया ने जो कुछ इजहार दिये हैं उसकी सचाई इन से मालूम होती है बेलनटायनसाहब ने कहा कि अच्छा इन चिट्ठियों को शहादत में दाखिल न करो परन्तु इतना मालूम हुवा कि आया और खानसामां को इस मुकद्दमे में साज़िश थी ऐडवकेटजनरल ने यह बात स्वीकार की और कहा कि अच्छा फिर इन चिट्ठियों को शहादत में दाखिल क्यों नहीं करते बेलनटायन ने कहा कि साज़िश का शब्द बहुत बुरा है और साज़िश के नाम से इन चिट्ठियों को गवाही में दाखिल करना उचित नहीं है प्रेसीडेन्टसाहब ने कहा कि यह तुम्हारा

अगस्त सन् १८७४ की है और उसमें तारीख नहीं पड़ी है परन्तु मालूम होता है कि डाकखाने की मोहर से दो एक दिन पहिले यह चिट्ठी लिखी गई होगी यह चिट्ठी शेख अब्दु-ल्ला ने अमीना को लिखी है कि मैं ईश्वर की कृपा और तुम्हारे आशीर्व्वाद से अच्छी तरह से हूं तुम कुछ चिन्ता न करना करनैल फियर साहब पूना से १८ तारीख को गये हैं और मुकाम गरकी में रहेंगे तुमको मालूम हो कि दीवान मौकूफ़ होगये और दूसरा मनुष्य उनकी जगहपर अभी नौकर नहीं हुवा है तुम वहांकी खबरें लिखते रहना जो हजरत बम्बई में गये थे उनके विषयमें मालूम करना और जब तुम वहां से आना तो अपने साथ उनको जरूर लेते आना तुम उनको इस जरूर बातकी इत्तिला देना और समय २ पर अपने समा-चार से हमको इत्तिला करते रहना जबसे तुम यहांसे गई हमको बिल्कुल भूलगई इसमें तुम्हारा कुछ दोष नहीं है हमारी प्रारब्ध का कसूर है यशवन्त राव बम्बई को अब्दुल्ला-खां साहब के साथ गया है और पेडरू का सलाम पहुंचे हमारे और पेडरूके तरफसे अपने खानसामां से सलाम कह देना जितनी जल्दी होसके इसका उत्तर भेजना—इति॥

(दस्तखत शेख अब्दुल्ला)

साहब प्रेसीडेन्टने कहाकि इन चिट्ठियोंकी नकल कीजावे॥

गवाह वर्णन करताहै कि जबकि मेरी स्त्री पूनामें आई तो फिर एक वेर महाराजके पास रमज़ान के महीने में गई थी मैं उसके वास्ते गाड़ी किराया करके लायाथा एक लड़का छूटू भी उसके साथ गयाथा और महाराज और मेरी स्त्रीमें कुछ वार्त्ता हुईथी सुबहको सुभान उसने बयानकी इसमें महाराज ने कहाकि साहब को कोई ऐसी वस्तु दोकि जिससे साहब का दिल फिर जावे मेरी स्त्री ने कहा कि ऐसी वस्तु कदाचित् न देना अगर साहब को कुछ होगया तो तुम तबाह होजा-वोगे इस बातने महाराजने पचास रुपये उसको दिये महा-

क्या सुना था? उ०—बंगले पर बहुत से मनुष्य बात चीत किया करते थे कि मालूम नहीं किस मनुष्य ने साहब को विष दिया है। प्र०—तुम कुछ जहर की निसबत जानते थे? उ०—मैं कुछ नहीं जानता था। प्र०—तुम जानते हो कि शर्बत कौन बनाया करता था? उ०—मैं नहीं जानता था अब मैं १३ नवम्बर के हालात में कुछ प्रश्न तुम से पूछना चाहता हूं। प्र०—तुम को याद है कि तुमने करनैल फियर साहब के रूबरू इजहार दिये थे? उ०—मैंने उनके रूबरू इजहार नहीं दिये थे किन्तु मैंने बोवीसाहब के रूबरू इजहार दिये थे। प्र०—जो कुछ तुम्हारी स्त्री ने तुम से कहा था उस का बयान साहब से किया था? उ०—मैंने नहीं कहा। प्र०—तुमने किसके साम्हने पहले कहा था? उ०—सटर साहब के साम्हने।

के कमरे में बैठे हुये थे जिस समय मेरे इजहार लिये तो उस समय मेरी स्त्री बेबीसाहब की मेमसाहिबा के पास नैाकर थी। प्र०—तुमने बयान किया कि जब तुम अपने इजहार दे चुके तो तुम पहरे में रक्खे गये थे ? उ०—पहिले दिन मैंने कई प्रश्नों का उत्तर दिया था और मेरे दो तीन दिनतक इजहारात होते रहे । प्र०—जिस दिनसे तुमने अपने इजहारात देने शुरू किये थे और जिस दिन तक कि पूर्ण किये थे इस दरमियान में कभी अपनी स्त्री से कुछ बातें तुमने की थीं ? उ०—नहीं की। प्र०—जब कि वह अस्पताल में थी तब तुम देखने को गये थे ? उ०—हां गया था। प्र०—वह कितने दिन अस्पताल में रही ? उ०—पांच दिन तक अस्पताल में रही ? ऐडवकेट जनरल ने कहा कि प्यारा के इजहारात १८ तारीख को लिये गये थे और उसके पति के इजहारात १९ तारीख को ॥

अली गया था प्र०—क्या वह अकबरअली का सम्बन्धी है? उ०—हां साहब उनका सम्बन्धी है। प्र०—अहमदअली तम्हारे पास आया तो तुमने क्या कहा? उ०—अहमदअलीने तो मुझसे कुछ नहीं कहा परन्तु खानबहादुर ने मेरे इज़हारात लिये। प्र०—मेरे प्रश्न का उत्तर दो अहमदअली ने तुमसे क्या कहा और उस समय कौन २ मौजूद थे? उ० उस वक्त केवल मैं और अहमदअली था और कोई न था। प्र०—तुम्हारे किस जगह पर इज़हार लिये थे? उ०—अहमदअली ने अपने घरपर लेजाकर इज़हारात लिये थे। प्र०—तुमसे खानबहादुर ने क्या पूछा? उ०—खानबहादुर ने मुझसे पूछा कि कोई चिट्ठी तो तुमने महाराज को नहीं लिखी है मैंने कहा मैंने कोई चिट्ठी नहीं लिखी है परन्तु खाया के वास्ते एक चिट्ठी लिखी है फिर मुझसे पूछा कि तुमने कब शेख अब्दुल्ला के नाम चिट्ठी लिखी थी मैंने उस को बता दिया। प्र०—क्या वह होली के पीछे चिट्ठी लिखी थी? उ०—मैं होली को नहीं समझता मुसल्मान हूं। प्र०—क्या बकराईद के पीछे लिखीथी? उ०—मुझको याद नहीं। प्र०—तुम गवरात को जानते हो? उ०—हां साहब जानता हूं।

खत के साथ भेजी थी वह किसके नाम है ? उ०-वह मज़ाराज को देने के वास्ते सालिस के नाम थी वह चिट्ठी कि जिस पर निशान (ए) का था इजलास में पढ़ी गई उसमें यह लिखा था कि हमने तुम्हारा मतलब समझा तुम बारंबार इसी तरह पर चिट्ठियां लिखते रहो। सालिस मेरे पास आया था अब मैं किसी कदर अच्छी हूं मैंने सालिस को चिट्ठी लिखदी है कि मैं २० तारीख तक वहां आऊंगी पांच रुपये मुहम्मद वज़ीर को दिये गये तुम्हारे स्वसुर के घरमें जगह रहने को है नहीं मैं कहां रहूं मुझको बड़ी तकलीफ है जमादार से २५) रु० पहुंचे २०) रु० उस लाडुबाड़ी को अव्व देदेना मेरा इन दिनों में बड़ा नुकसान हुआ बीमारी के सबब से मुझको छुट्टी लेनी पड़ी मैं यशवन्तराव के घर पर गया थी वह बयान करता था कि महाराज ने दो तीन बेर तुम्हारे विषय में पूछा था सालिस तो तुम्हारे मकान पर कभी नहीं आया था मुझको लक्खूबावा सलकर और और आदमी तुमको सलाम देते हैं॥ लिखा हुवा १० अप्रैल सन् १८७४ ई०॥ गवाह वर्णन करती है कि यह चिट्ठी मैंने आप

परन्तु कोई पुड़िया तुमने महाराज से पाई थी? उ०—कोई पुड़िया नहीं पाई। प्र०—तुमने ऐडगैन्हन साहब के साम्हने क्या इज़हार दिये थे। उ०—साहब जो कुछ मैंने इज़हार दिये थे वह कागज़ में लिख लिये गये हैं। प्र०—क्या उन्होंने तुमसे पूछा था कि तुमने महाराज से कुछ पाया? उ०—हां साहब मुझ से पूछा था लेकिन मैंने उसका उत्तर दिया। प्र०—तुम अकबर अली को जानते हो? उ०—हां साहब जानता हूं। प्र०—जब तुमसे ऐडगैन्हन साहब इज़हार ले चुके थे तो तुमसे कोई सवाल अकबर अली ने किया था? उ०—हां साहब उन्होंने भी इज़हार लिया था मैंने वही इज़हार जो ऐडगैन्हन को दिया था उनके रूबरू भी कह दिया। प्र०—तुमसे यह कहा था कि अगर तुम सच कहोगे तो तुम्हारे वास्ते अच्छा होगा? उ०—हां साहब मुझ से कहा था और मैंने सो जो कुछ सच था कह दिया था। प्र०—आनरेबल ज़ज बहादुर ने तुमसे पूछा था कि तुम महाराज के यहां गये थे? उ०—हां साहब पूछा था।

विवाह हुवाथा? उ०—हां७ मईको विवाह हुवा था। प्र०—तो फिर यही तारीख आपके नाराजीकी मालूम करनी चाहिये? उ०—इन्ही तारीखों में खरीता लिखा गया था। प्र०—तुमको खबर है कि श्रीमान् वैसरायके पास १७ मईका कोई खरीता गायकवार ने भेजा था? उ०—हां भेजा था। प्र०—उस खरीते का उत्तर श्रीमान्गवर्नरजनरलबोरेश के पास से कब आया था? उ०—साहब २५ नवम्बर सन् १८७४को आया था और वह मेरे द्वारा आया था साहब प्रेजीडण्ट ने सरन्टबेलनटायन साहब से कहा कि आपने वह सब खरीते और उसके उत्तर का आशय पढ़ा था नहीं? उ०—साहब मैंने नहीं पढ़ा वह सब पुलिस के हाथ में है। सरल्युइसपोली साहब ने कहा यदि आवश्यक हो तो आप पुलिसे से मंगवा लीजिये? उ०—नहीं उसकी कुछ जरूरत नहीं है। प्र०—अच्छा यह बताइये कि महाराज के यहां कौन तारीख को पुत्रउत्पन्न हुवाथा? उ०१६—अकटूबर को उत्पन्न हुवा और ८—मईको विवाह हुवा। प्र०—अच्छा हमको इस बात से कुछ प्रयोजन नहीहै यह क़ानूनी बहस है क्या आपके फोड़ा उन्ही दिनों में हुवा था? उ०—हां साहब उन्हीं दिनों में हुवा था और डाक्टरसीवर्ड साहब मेरा इलाज करते थे।

जगह नहीं थी। प्र०—वह लोग इन खबरों के सबबसे तुमसे रुपया भी पातेथे ? उ०—कभी नहीं। प्र०—ज़रा याद कीजिये शायद कभीऐसा हुवाहो ? उ०—कभीऐसा नहीं हुवा। प्र०—तुम्हारा इससे क्या निश्चय है ? उ०—मुझको अच्छी तरह से विश्वास है कि कभी ऐसा नहीं हुवा। प्र०—तुमने उस चिट्ठी में लिखाहै कि मुझको प्रतिष्ठितमनुष्यके द्वाराखबर पहुंचीहै वह कौन विश्वसित मनुष्यथा ? उ०—साहब बहुतसे मनुष्य हैं। प्र० जिस मनुष्य ने तुम से कहा था कि तुम को तीन वस्तुओं से विषदिया गयाहै तुमने उसका नाम क्योंनहीं लिख लिया था ? उ०—उस का नाम इस सबब से नहीं लिखा कि वह विश्वसित मनुष्य था और छिपी हुई खबर थी और सिवाय इसके कुछ लिखने की जरूरत नहीं थी। प्र०—तुम भावपूना कर को जानते हो ? उ०—हां मैं जानताहूं।

उ०—मुझको चकोतरह खराब मालूम होता था और मैंने कई बेर अब्दुल्ला को ताकीद की थी और चकोतरे मंगाकर देखे थे तथापि कई बेर खराब चकोतरों को देखा। प्र०—तुमतो कहते हो कि ६ नवम्बर से मुझको संदेह हुवा और मेरे मुंहका स्वाद बदल गयाथा ? उ०—नहीं यह मैंने नहीं कहा था। प्र०—तुमने कहा तो है कि मैंने दो तीन घंट पीकर बाकी फेंकदिया ? उ०—हां मैंने दोतीन घूंट पीकर बाक़ी फेंक दिया था। प्र०—पस मालूम हुवा कि तुम्हारी तबीयत ६ नवम्बर को ऐसी रही कि जैसे सितम्बर और अकटूबरमें रहा करती थी। प्र०—सातवीं तारीखको भी तुमने शर्बत कुछ पीकर फेंकदिया था उ०— हां साहब फेंक दिया था। प्र०—तुमने आठवीं तारीख का जिक्र नहीं किया क्या तुमने आठवीं तारीखको शर्बत नहीं पियाथा ? उ०—आठवीं तारीख में मैंने बिल्कुल शर्बतनहीं पिया। प्र०—तुमने जो बयान कियाकि उस वस्तुमें गहरा रंगथा यह सही है ? उ०—यह बात सही नहींहै। प्र०—अच्छा तुम यह बताओकि फिर क्या रंगथा ? उ०—उसमें हलका भूरा रंग था। प्र०—१३ नवम्बर की चिट्ठी इजलासमें है वह किसकी लिखी हुई है ? उ०—उस का आशय क्याहै। प्र०—उसका आशय यहहै कि तुमने किसी से सुना है कि तुमको विष दिया गया है और उसमें संखिया और हीरेकाचूर्ण और ताम्बाहै ? उ०—यह चिट्ठी मैंने अपने खबर देनेवालेसे पाईथी जो मुझको खबरें दिया करताथा। प्र० अच्छा नाम बताओ कि वह कौन मनुष्य था ? उ०—एक मनुष्य नहीं है बहुतसे मनुष्य खबरें दिया करतेथे। प्र०—वहखबरें किस विषय में तुमको दिया करते थे उ०—जो बातें मेरी तजवीज़ के लिये होती थीं उनबातों की यह लोग खबरें दिया करते थे और बहुधा उन लोगों से जियादह मालूम होता था किजो गायकवार पर नालिशी हुवा करते थे प्र०—वह मनुष्य किस स्थान पर तुमसे भेंट करते थे ? उ०—कोई खास

कोई सन्देह नहीं है बेशक सआदतअली के मुक़द्दमे में भाऊपूनाकर ने बहुत मदद दी थी। प्र०—तांबे के निस्बत तुमसे भावपूनाकर ने क्या कहा था? उ०—मुझको याद है कि उसने कहा था कि तुम्हारे ज़हर में संखिया और हीरे का चूरा और तांबा मिला था। प्र०—क्या केवल यही ख़बर तुमको मिली थी? उ०—हां यही ख़बर मिली थी। प्र०—तुमने भाव पूनाकर से पूछा था कि तुमको यह ख़बर क्योंकर मिली? उ०—मैंने नहीं पूछा किन्तु मैंने इस ख़बर को एक बाज़ारी गप समझा। प्र०—अभी तो तुमने कहा था कि वह बहुत मोतबिर ख़बर है फिर बाज़ारी गप क्योंकर थी?

मैं मानता हूं कि वह प्रतिष्ठित मनुष्य है परन्तु यह बताइये कि उसने गायकवार के प्रतिकूल खबरें दी थीं या गायकवार के फ़ायदे की? उ०—उसने गायकवार के प्रतिकूल एक भी खबर नहीं दी थी। प्र०—आप के रुतबे का आदमी हमारे प्रश्न का जवाब बख़ूबी दे सक्ता है आप यह बताइये कि वह खबरें गायकवार के प्रतिकूल थीं या गायकवार के वास्ते अच्छी थीं? उ०—गायकवार अन्याई मनुष्य था और भाव पूनाकर नगर के रहने वालों का बड़ा हितैषी था सो लोगों की भलाई के लिये खबरें दिया करता था। प्र०—यह हमारे प्रश्न का उत्तर नहीं है बड़े खेद की बात है कि आप हमारे प्रश्न का उत्तर नहीं देते हैं? उ०—यह मनुष्य जो खबरें दिया करता था तो हमेशा गायकवार के प्रतिकूल नहीं हुवा करती थीं। प्र०—करनैल फ़ियर साहब आप अपने रुतबे पर ख्याल करें आप ऐसा बुद्धिमान हमारे प्रश्नों का ऐसा उत्तर दे बड़े अफ़सोस की बात है? उ०—मैंने उत्तर तो दिया कुछ यह बात न थी कि हमेशा वह बरखिलाफ खबरें दिया करता था। प्र०—क्या सआदत अली की शिकायत गायकवार के अन्याय की इसी शख़्स ने तुमसे बयान की थी? उ०—सआदत अली ने खुद बयान की थी। प्र०—अच्छा करनैल फ़ियर साहब सावधानी से जवाब दो क्या सआदत अली के मुक़द्दमे की उसने पैरवी नहीं की थी? उ०—एक हुक्म गवर्न्मेण्ट से आया था रिपोर्ट करने के वास्ते। प्र०—करनैल फ़ियर साहब मेरे प्रश्नों पर किञ्चित् ध्यान दीजिये कि आया भावपूनाकर ने सआदत अली के मुक़द्दमे की पैरवी की थी या नहीं? उ०—जहां तक कि मैं जानता हूं कह सक्ता हूं कि उसने पैरवी नहीं की क्योंकि पैरवी का शब्द बहुत पुरमानी है उसका मुक़द्दमा तो बहुत दिन से पेशी में था वह इस मुक़द्दमे में के विषय में बहुधा खबरें दिया करता था। प्र०—तुमको इस बात के कहने में कोई सन्देह तो नहीं है? उ०—हम को

नहीं कहा था। प्र०—तुमने उसके विषय में कब सुना था? उ०—मैंने सुनाथा मगर यह याद नहीं कि कब सुनाथा। प्र०—अच्छा आप याद कीजिये? उ०—एक दो रोज़ पहिले सुना था परन्तु मैं ठीकर नहीं कह सक्ता हूं। प्र०—भाव पूनाकर को कुछ उसके विषय में खबर थी? उ०—मुझको खबर नहीं। प्र०—एक खरीता जो श्रीमान् नव्वाब गवर्नर जनरल के यहां से आया था उसके जवाबके बारे में कुछ इसने कहा था या नहीं? उ०—हां कहा था। प्र०—उसे कहां से खबर मिली? उ०—यह बात मैंने उससे नहीं पूछी प्र०—उसने तुम से क्या कहा था? उ०- उसने कहा था कि एक खरीता जो गवर्नर जनरल के यहां से आया है उसका उत्तर महाराज के यहां से लिखा जाता है। प्र०- क्या उस जवाब में तुम्हारी शिकायत की थी? उ०—मुझको खबर नहीं। प्र०—क्या भावपूनाकर ने इसकी इत्तिला तुमको नहीं दी? उ०—इसकी इत्तिला नहीं दी। प्र०- कारनैल फायर साहब क्या आप सौगन्द खा सक्ते हैं कि इस की इत्तिला उसने आपको नही दी? उ०—हां मैं सौगन्द खा सक्ता हूं कि इसकी इत्तिला उसने नहीं दी। प्र०—फिर आपको क्योंकर मालूम हुवा कि उस में आपकी शिकायत थी?

और ७ तारीख़ को मेरा चित्त अच्छा नहीं था इसी सबब से ८ को नहीं पिया। प्र०—कोई और सबब नहीं है? उ०—मेरे विचार में कोई सबब नहीं है। प्र०—तुमने रावजी के इज़हार लिये थे? उ०—हां लिये थे। प्र०—क्या उसने फौज का नाम लिया था? उ०—हां लिया था—फिर टिफन का समय आगया और जलसा बरखास्त हुवा टिफन खाने के पीछे फिर प्रश्न पूछने शुरू होगये। प्र०—भावपूनाकर तुम्हारे पास क्यों आया करता था? उ०—साहब मुलाक़ात करने को आया करता था। प्र०—क्या वह तुम्हारे पास दफ़्तर केवल आया करता था? उ०—आया करता था। प्र०—क्या तुम्हारी ग़ैरहाज़िरी में भी आया करता था? उ०—नहीं आया करता था। प्र०—कभी तुमने उसको अपने पीछे भी आकर पाया था? उ०—नहीं पाया। प्र०—साहब कुछ सोच कर जवाब दीजिये? उ०—हां कभी ऐसा होता था कि अगर मैं दफ़्तर को गया तो वह आकर मेरी मुलाक़ात के वास्ते ठहरजाता था। प्र०—इससे क्या यह बात साबित है कि अगर तुम कभी बाहर गये और वह तुम्हारी मुलाक़ात को आया तो तुम उसको आकारघरपर पाते थे? उ०—कभी सुबह को जब मैं हवा खाके आया तो उसको मैंने आया-हुवा नहीं पाया। प्र०—मेरा मतलब आपके सुबह के हवाखाने से नहीं है मेरा मतलब यह है कि कभी आपने बाहर से आकर उसको बैठाहुवा पाया या नहीं? उ०—कभी नहीं। प्र०—अच्छा यह बताओ कि वह तुम्हारे पीछे कभी आता था तो तुम्हारे बरामदे में आकर बैठा-करता था या नहीं? उ०—हां बैठा रहता था। प्र०—तो मालूम हुवा कि कभी वह तुम्हारे पीछे तुम्हारे खास कमरे में भी चला आता होगा? उ०—नहीं मेरे कमरे में नहीं आ सक्ता था। प्र०—२ नवम्बर के खरीते के विषय में कुछ भावपूनाकर ने कहा था? उ०—मुझसे कुछ

नहीं कहा था। प्र०—तुमने उसके विषय में कब सुना था? उ०—मैंने सुनाथा मगर यह याद नहीं कि कब सुनाथा। प्र०—अच्छा आप याद कीजिये? उ०—एक दो रोज़ पहिले सुना था परन्तु मैं ठीकर नहीं कह सक्ता हूं। प्र०—भाव पूनाकर को कुछ उसके विषय में खबर थी? उ०—मुझको खबर नहीं। प्र०—एक खरीता जो श्रीमान् नव्वाब गवर्न्नर जनरल के यहां से आया था उसके जवाबके बारेमें कुछ इसने कहा था या नहीं? उ०—हां कहा था। प्र०—उसे कहां से खबर मिली? उ०—यह बात मैंने उससे नहीं पूछी प्र०—उसने तुम से क्या कहा था? उ०—उसने कहा था कि एक खरीता जो गवर्न्नर जनरल के यहां से आया है उसका उत्तर महाराज के यहां से लिखा जाता है। प्र०—क्या उस जवाब में तुम्हारी शिकायत की थी? उ०—मुझको खबर नहीं। प्र०—क्या भावपूनाकर ने उसकी इत्तिला तुमको नहीं दी? उ०—इसकी इत्तिला नहीं दी। प्र०—कारनैल फ़ियर साहब क्या आप सौगन्द खा सक्ते हैं कि इस की इत्तिला उसने आपको नहीं दी? उ०—हां मैं सौगन्द खा सक्ता हूं कि इसकी इत्तिला उसने नहीं दी।

कुछ हाल कह दिया था ? उ०—नहीं कहा थ
प्र०—तुम से तांबे के निस्बत उसने किस तारीख़ को क
था ? उ०—बारवीं या तेरवीं तारीख़ कहा था। प्र०—तु
को पूनाकर को देखे हुये कितने दिन हुये ? उ०—कल
मुझसे उससे मुलाक़ात हुई है। प्र०—तुमने उससे कुछ क
तो नहीं ? उ०—मैंने उससे यह पूछा कि तुमने मुझको ख़
दी थी कि तुमको संखिया और हीरेका चूर्ण और तांबे
ज़हर दिया गया है उसने कहा कि हां मैंने कहा था।

सरजन्टबेलनटायन साहब के प्रश्न पूर्ण हुये॥

ऐडवकेटजनरल ने कहा कि मैंने बम्बई को फ़ैलके मंगाने
लिये तारबर्क़ी भेजीहै अब मैं करनैल फियर साहबसे दुबार
तब प्रश्न करूंगा कि जब सरजन्टबेलन टायन साहब के प्र
सब ख़तम होजावेंगे—प्रेजीडगट साहब ने कहा कि नहीं तु
अपने प्रश्न करलो और सरजन्टबेलन टायन साहब फिय
साहब से फिर प्रश्न करलेंगे॥

फियर साहब से इज़हारात फिर लिये गये॥

प्र०—ख़रीता कौन सी तारीख़ को लिखा गया था ? उ०
नाटाजुग्गाके इज़हार मिस्टर अनवरारटी साहबने लिये उसनेकहा कि मैंबाजारका मुहतमिम हूं और सफाईआदिकी देखभालका कार्य्यमेरे संबंधितहै ९ नवम्बर मुझको भलीभांति स्मर्णहै मैं सालिम को जो गायकवार का सवार है जानता हूं मैने ९ नवम्बर को भोरको आठ बजे उसको देखाथा—मैं एकमुहल्ला कमातीपुरा है उसको साफ कराताथा सालिम बाजारकी तरफ़ घोड़ेपर सवार हुवा घोड़ेको खूब तेजलिये जाताथा वहनगरकी ओरसे आताथा और सदरबाजारको जाताथा वहमुझको पुलपर मिलाथा मैं जुग्गा और रावजी कोजो रजीडन्सीमें मुलाजिमहै जानताहूं यहदोनों सदरबाजारमेंरहतेहैं पांचमिनटके उपरान्त सालिम घोड़ेपर सवार उसतरफ से वापिस आया और शहरकी ओर गयाउस समय उसकाघोड़ा बहुततेज नहींजाताथा मैनेजम्मूमियां कोतवाल सेसालिमका जिक्रकिया जबसदर बाजारसे वहलौट आयातो मुझसेकुछ बातकीथी ॥

सरजनूबेलनटायन साहब के प्रश्न नाटाजुग्गासे ॥

प्र०—जबतुमसे और सालिमसे बातेंहुईथीतो सालिमका घोड़ाधीरे २ जाताथा वा तेजजाता था ? उ०—जाते समय अतितीव्र जाताथा और आनेके समय धीरे २ । प्र०—सालिम कानाजविदको दियेजानेसे तुमसे किसीने कहाथा ? उ०—नहीं तिसपीछे रावजी बुलायेगये उससमय सरजन्ट बेलन टायन साहबने कहा कि मैं चाहताहूं कि महाराजा साहिब भी बुलायेजांय सो प्रेजीडन्ट साहब की आज्ञानुकूल महाराजा साहब बुलाये गये ॥

प्रेजीडण्टसाहबने पूछा कि महाराज को क्यों बुलातेहो सरजन्टसाहबने कहाकि महाराजा साहबने कहाथा कि जब रावजीके इज़हारहोंतोमैंबुलालियाजाऊं—एडवकेटजनरलने

कारनैलफियरसाहबके विषदियेजानेका उद्योग हुआहै यहतुम ने उससेइत्तिलाके पहिलेकहाथा या उसकेवर्णनके पश्चात् ? उ०—जिससमय मैनेडाक्टरसीवर्ड साहबसे इत्तिलापाई उसी समयमैनेनाटा जुम्मासेकहाथा साहब प्रेजीडण्टने कहा कि मेरीसमझमेंनहीं आताकियह गवाहक्याकहताहै उससेफिर पूछाजायसो पूछागयातो उसनेकहाकि प्रथमसुझसे डाक्टर सीवर्डसाहबने कहाथा इसके उपरान्त मैने नाटाजुम्मा से कहा और उससे मैंनेइसप्रयोजनसे कहाथाकिकुछ ब्योरेवार वृत्तान्तउससे मालूम हो। प्र०—जबतुमनेनाटा जुम्मासेकहा था तोयहभीतुमने उससेकहाथा कि यह बातडाक्टर साहब ने मुझसे कही ? उ०—हां॥

सवालात जो जम्मू मियाँ से सरजन्‌ वेलन टाइन साहब ने किये॥

प्र०—जब तुमने नाटाजुम्मासे वहकहा जो तुमसे डाक्टर सीवर्ड साहबने कहा था तो तुमसे नाटाजुम्माने कुछ कहा था ? उ०—हां। प्र०—इसकेपीछे तुमनेडाक्टर सीवर्ड साहब को देखा ? उ०—हांदूसरेरोज प्रातःकालको। प्र०—उनसे तुमनेवहीकहा जोनाटाजुम्माने तुमसेकहा था ? उ०—हां। प्र०—डाक्टरसीवर्ड साहबने तुमसे तहक़ीक़ात करनेको कहा था ? उ०—हां। प्र०—तुमसेडाक्टर सीवर्डसाहबने क्या कहा था ठीक२वर्णन करो ? उ०-मुझसे उन्होंने कहाथा किएक मनुष्यनेकरनैल फियरसाहब को बिषदिया परन्तुमालूमनहीं कि किसनेदिया सोतुम उसको निश्चयकरो। प्र०—क्या तुमसे केवल इतनाही डाक्टर साहबने कहाथा ?उ०—हां इतनाही कहा था। प्र०—तुमको भलीभांति मालूम है कि इतनाही कहा था ? उ०—हां। प्र०—उन्होंने किसी मनुष्यका नाम नहीं लिया ? उ०—उन्होंने किसीका नाम नहीं लिया। प्र०—यह तहक़ीक़ातंतुमको क्यों सुपुर्दकीगई ? उ०—यह तहक़ीक़ात मुझको इसवास्ते सौंपीगई किमैं यहांका कोतवाल हूं॥

नहीं करनैलफियर साहब अलग बैठे थे। प्र०—तुमने करनैल फियरसाहबको कब्रू अपने किसी बयानपर दस्तखत किये थे? उ० नहीं क्योंकि करनैलफियरसाहब वहां मौजूद न थे। प्र०—तुमने मिस्टर बोवी साहब से कहा था कि जब तुम बाजारसे पलट आये तो तुमने सालिम से कह दिया था कि बिस्कुट तय्यार नहीं हैं? उ०—हां मैंने दूरसे कहदिया था। प्र०—दोमिनट हुये तुमनेवर्णन कियाथा कि बाजारसे लौटतेहुये मैंनेसालिम को नहीं देखा अब बयान करो कि तुमने सालिमको कबदेखा था? उ०—जब मैं डाक्टर साहब के बंगले से वापिस आता था तोस्कूलकेनिकट उसको देखाथा। प्र०—जबतुमने स्कूलकेनिकट देखाथा तो कौनवक्तथा? उ०—साढ़ेसात या आठ बजे होंगे। प्र०—इसके उपरान्त तुमने सालिमको नहीदेखा? उ०—हां जब मैं बंगले को आया था उस समय सालिम को देखा था॥

ऐडवकेटजनरलने मुहम्मद अलीबख़्श का दूसरी बेर इज़हार लिया।

प्र०—जब तुमने सालिम को इस्कूलके निकट और डाक्टर साहबके बंगलेके पास देखा था तो वह क्या करता था? उ० वह नगरकीओर जाताथा। प्र०—घोड़ेपर यापैदल? उ०—घोड़े पर। प्र०—कितनी देरके पीछे तुमने उस को घोड़े पर देखा था? नौबजे॥

साहबप्रेजीडएट ने पूछा कि बंगले पर सुतरज्जिम ने कहा हां माईलार्ड—मिस्टरअनेबरारटो साहबने कहा कि रेजीडन्सी पर—सुतरज्जिमने कहा हां हां रेजीडन्सी पर॥

ऐडवकेटजनरलने गवाहकी तरफ देखकर प्रश्न किया कि तुम से और सालिमसे कुछबातेंहुईंथीं? उ०—उससमय कुछ बातें नहीं हुईं। प्रश्नमरदिन दार रावका—क्या सालिम का यह नियमथा कि प्रतिदिन रेजीडन्सीको आया करताथा वा उसके आने का कोई मुख्य दिन नियत था? उ०—सोमवार और इतवार को आया करता था। प्र०—९ नवम्बर को क्या दिन था? उ०—सोमवार और देवालीका दूसरादिन था

कहा कि एक गवाह और है जो इजाजत होतोबुला लिया जाय—सो मुहम्मद अलीबख्श गवाह बुलाया गया॥

मुहम्मद अलीबख्शगवाह का इज़हार॥

मुहम्मद अलीबख्शका इज़हार मिस्टर अनवरारटीसाहब ने लिया उसने कहा कि मैं रेजिडन्सीका चपरासी हूं ९ नवम्बर सोमवार मुझको अच्छीतरह स्मर्णहै सालिम जो गायकवारका सवारहै उसको मैं जानताहूं—साढ़ेछ: बजे या सात बजे मैंने सालिमको रेजीडन्सीमें देखाथा उससमयतक साहब रेजीडराटहवाखोरी से लौटकर नहीं आये थे—मैं डेवढ़ी में एक सन्दूकपर बैठाहुवाथा और सालिम घोडीकीबाग पकड़े हुये खड़ाथा यह सन्दूक डेवढ़ीके बाईं तरफ़ रक्खा हुवाहै जिस समय डाक्टरसीवर्डसाहब के निकट मैं चिट्ठीलेगया उससमय सालिमकोमैंनेवहां नहींदेखा मुझसे और सालिमसे कुछबातें हुईं थीं उसने कहाथा कि तुम बाजारको जातेहो एकरुपया लेतेजाओ मुझको थोड़े बिस्कुटलादो जबमैं रेजीडन्सीको लौट आयातो मैंने सालिमको वहां नहीं देखा उसने मुझसे नवह रुपयामांगा न बिस्कुटमांगे मुझे स्मर्णहै कि उसदिनमैंने मिस्टरबोवीसाहब को देखा था—दो तीनदिन के पीछे साहब रजीडराटने मुझे आज्ञादी कि मैं सालिम वा और किसी मनुष्यसे न बोलूं उससमय मैं रेजीडन्सीको लौटआया मुझको डाक्टर सीवर्डसाहब मिले थे—मैंने सलामकिया तो डाक्टर साहब ने मुझसे पूछाकि तुम क्या लायेहो मिस्टर अनवरारटीसाहबने कहा कि मैं तुमसे यहबात नहीं पूछताकि उन्होंने तुमसे क्या पूछाथा और तुमसे डाक्टरसाहबबोले थे या नहीं? उ०—हां बोले थे और मैं उनसे बोला था—मिस्टर ब्रेन्सनसाहब ने इस गवाहसे प्रश्न किये॥

प्र०—करनैलफियरसाहब ने तुम्हारे इज़हारलियेथे? उ० नहीं मिस्टर बोवीसाहब ने मेरे इज़हार लिये थे। प्र०—यह इज़हार करनैलफियर साहब के रूबरू उन्होंने लियेथे? उ०

यशवन्तरावकेसाथ आये और मैंनेउनको पहिचाना और उठ करसलामकिया महाराजा साहिबनेमुझसे कहाकितुमबंगले से खबरलासक्ते हो जोबंगलेसेखबर लाओगे तो मैंतुमको खूब इनआम इकराम दूंगा और जबखबर लाओगे तोमैं तुमको खुशकिया करूंगा तुममुझको सदाखबरेंदियाकरो मैं तुमको हमेशाखुश किया करूंगा महाराजा साहब ने यह भी मुझ से पूछाकितुम रेजीडन्सीके जमादारको भलीभांति जानतेहो मैंनेकहाहां महाराजासाहब ने मुझसेयहभी पूछाकि उससे और तुमसे कुछस्नेहहै मैंनेकहा हां महाराजा साहबने कहा कि आगे जमादार को भी अपने साथलाना मैंने कहा बहुत अच्छा इसके पीछे महाराजा साहब मुझ से इधर उधर की बातें करने लगे॥

ऐडवकेट जनरलनेकहा किइधरउधर के शब्दकाअर्थ इस से उत्तमऔर नहीं होसक्ता उसने कहा किनहीं इससे यह मतलबहै कि मुतफर्रिक्ष बातेंहुवा कीं॥

तिसपीछे गवाहने वर्णनकिया कि जबमैं महाराजा साहब के निकटजाया करताथा तो यशवन्तराव और सालिमसवार मेरे हमराह जायाकरते थे मैं सदैव महाराजा साहिब को रेजीडन्सी में लोगोंके आनेकी इत्तिलादिया करताथा॥

फिर मेम्बरान कमीशन टिफन खानेको वास्ते उठे॥

जब टिफनके पीछे कमीशन के मेम्बरान् एकत्र हुये तो उस गवाहने वर्णन किया कि जब पूर्व्वमें कमीशन इकट्ठी हुई थी तो उस समय में मैं तीनबेर महाराजा साहब के निकट गया था सदाउसी मकानमें महाराजा साहबसे मेरीभेंट हुई और जिस प्रकार कि पहिली बेर हुई उसी तरह दूसरी मरतबा भी हुई मैं हमेशा महाराजा साहब को इत्तिला दिया करता था कि रेजीडन्सी में क्या कारखाई होती है क्योंकि मैं कमीशन की कारखाई को भलीभांति जानताहूं मैंसुना करताथा कि लोग कमीशन के रूबरू क्या शिकायत करते हैं यही महाराजासाहब

उसमसलब मल्हारराव उसीअदालतमें आये और रावजीगवाह बुलाया गया ॥

इज़हार रावजी गवाह ॥

रावजी रहोसन के इज़हार ऐडवकेट जनरलने लिये उसने कहा किमैं रेसीडन्सी के चपडासियों का हवालदार था और डेढ़वर्षयासवा वर्ष से इसओहदेपर नियत हूं ॥

करनैल फ़ियरसाहबने मुझको नियत कियाथा मैं सदरबाजारमें रहाकरताथा कोई रेसीडन्सीका नौकरमेरे साथ या मेरेपासनहीं रहताथा मैं सालिमको जानताहूं जो महाराजा साहिबका एकसवारहै जबरहबंगलेको आया करता था उस समयसे उसकोमेरी मुलाक़ातहै बंगलेसेमेरा अर्थरेसीडन्सीहै कमीशन के बैठने के दो महीने पहिले जो काश्तकारों की नालिश के सुनने के लिये हुई थी और जिसको सवावर्षबीता सालिमनेमुझसे कहाकिमहाराजा साहिबनेतुमको बुलायाहै वह तुमसेकुछ बातचीतकरने चाहते हैं तुममहाराजा साहब के निकटचलो मैनेउससेकहा कि अभीमेरा आना नहोगा वह मुझसेतकरार करतारहा अन्तको मैं जानेपर राजी हुवा सो पहिलीबेर रविवारको मैं महाराजासाहबके निकटगया—संध्या समयसातबजे रेसीडन्सीसे मैंरवानाहुवा प्रथममैं यशवन्तराव के निकटगयायह मनुष्यमहाराजा साहबकाजासूस है वहरेसी डन्सीको आया करता था ॥

उसकाघर नईबाजारमें है उसके निकट सालिमभी बैठा हुवाथामुझको यशवन्तराव औरसालिम महाराजा साहबके सन्मुख ले गये ॥

श्रीमहाराजा साहिबका मन्दिरनगरके भीतरहै उसमकान में नजरबागहोकर उसमार्गसेगया जोमकानकेपीछेसे है जब मुझकोयहदोनों मनुष्यसीडीपर लेगयेतोएककमरेपरमुझको बैठायासालिम मेरेनिकट बैठारहा और यशवन्तरावमहारा- जा साहिबसे इत्तिलाकरनेके वास्तेगयाथा महाराजासाहब

और उन्हींके साथ आना उसी दिन संध्याको मैंने जमादार से जिक्रकिया जमादारने कहाकि अच्छा मैं इतवारकेरोजचलुंगा मुझको महीना याद नहीं परन्तु इतनाख़्याल है कि कमीशनको पूर्णहुये आठदस दिनहुये थे—इल्तिमास यह किया गया था कि प्रथम यशवन्तराव केघरमें जाऊं जमादार यशवन्तराव के मकानपर मुझको मिलगये थे—मुझको याद है कि जुग्गा या कारभाई मेरे साथ गयेथे—यहदोनों मनुष्य पंखेवाले हैं और अब बेकार हैं एक मनुष्य का मेरे हमराह होना मुझको खूब यादहै—जब हमलोग वहां पहुंचे तो नरसूजमादार और सालिम और यशवन्तराव हमको मिले हमलोग नजर बाग की तरफहोकर गायकवारके मन्दिर मेंगये औरयशवन्तरावनगर में होकरगये—सालिमसवार मेरे साथगया था हमलोग जब सीढ़ीपर पहुंचे तो उस समय जमादर हमारे साथ था और पंखेवाला नीचे खड़ारहा कमरे में हमसब बैठाये गये सालिम एक और जीनेपरगया थोड़ी देरपीछे मुझको और नरसूजमादारको साथ लेगया जब हमवहां पहुंचे तो महाराजा साहब एक बेंचपर बैठेहुये थे उसकेनिकट एक गुसलखानाथा वहां यशवन्तराव और सालिम और महाराजासाहबथे महाराजा साहब और जमादार और मुझसे बातें हुई इनबातों से यह प्रयोजन था कि रेजीडन्सी में जो जो बातें हुआ करें उसकी इत्तिला महाराजा साहब को दीजायाकरे महाराजा साहब ने कहाकि जोकि तुमलोगबड़ौदे में रहतेहो हरगोशकीखबर मुझको दियाकरो और महाराजा साहबने जमादारसे कहा कि पुराने जमादारहो तुमसब सरदारोंको जानतेहो इसलिये मुझको इत्तिला दियाकरो कि कौन २ सरदार आताहै और क्या २ बातें हुआकरतीहैं जमादारने वाइदाकियाकि सालिम के द्वारा बराबर आपको खबरें पहुंचाया करूंगा यदि आपके विचारमेंउचित होतोआप उन खबरों को लिख लियाकीजीये महाराजासाहब ने कहा कि जो जरूरी खबर हुआ करे वह

ने जाकर कहदेताथा उनदिनों महाराजा साहबसे मैंने अपने विवाह का हाल वर्णन किया महाराजा साहबने बतौर खर्ची श्रादीके पांचसौ रुपये दिये जिस जमाने में कि कमीशन तहकीक़ात करती थी उस समय मुझको यह पांचसौ रुपये दिये थे—महाराजा साहब ने यशवन्तराव को पांचसौ रुपये के देने की आज्ञादी थी सो उसने रुपये लाकर मुझको दिये थे॥

साहब ऐडवकेट जनरल ने कहाकि माईलार्ड जो दरवाजे बन्दकरदिये जावें तो उचितहै क्योंकि रौशनीकी चमकनियादाहै—मिस्टर सैलवलसाहबने कहा खिडकियोंके बन्दकरने की कुछ आवश्यकता नहीं॥

ऐडवकेटजनरल ने कहाकि चिलमनका डालाजाना अवश्यहै—साहबप्रेजीडेण्टने आज्ञादी कि मिस्टर जारडीनसाहब यह कारवाई करें——गवाहने बयानकिया कि यशवन्तराव मेरेनिकट रुपया नहीं लाया था किन्तु उसने मुझसे आकर कहाथा कि महलसें आकर रुपया लेजाओ—सो एक मनुष्य पंखेवाला रेजीडन्सी का जिसका नाम जुग्गाथा उस को मैं अपने हमराह लेगया जबमैं महल में पहुंचा तो मुझ को एक सिपाहीमिला फिर यशवन्तराव मिले—यशवन्तराव के कारकुनने मुझको पांच सौ रुपये दिये—उस समय कारकुन और जुग्गावर्त्तमानथे और कोई मनुष्यनथा—कारकुनकानाम दलपतथा मैंने चारसौ रुपये बिवाहमें खर्चकिये और सौ रुपया अमानतमें रक्खे और जिसके पास अमानत रखवाईथी उससे यह बातकहीकि जिससमय चाहूंगा लेलूंगा--इस चारसौरुपये का कुछजेवरबनाया औरकुछका वस्त्र मोललिया जिस समय में कि कमीशन का इजलास होता था मेरा बिवाह हुवा था कमीशन के पूर्णहोने से दोतीन दिनके उपरान्त मैंने सालिम को देखाथा उसने मुझसे कहाकि मैंने जमादारको भी राजी करलियाहै और मुझसे कहाकि जमादारने महाराजासाहब के पासआने का वाइदा किया है जब जमादार आवें तो तुम

महाराजासाहबने पूछा कि तुम अपने गोवादेश से कब लौट
आये पेडरूने कहा कि तीन चार दिन हुये उससमय महाराजा-
साहबने पेडरूको एक पुडिया दी और कहा कि साहबके खाने
में डालदेना—जब पेडरू अपने घरको जाता था तो उसने
कुछ रुपया सालिमसवार से लिया था॥

ऐडवकेटजनरलने मेम्बरान् कमीशनसे कहा इससमय चार
बज गये क्या और भी किसी गवाह के इज़हार लिये जायंगे
मेम्बरोंने कहा आज अदालत बरखास्त हो कलमुकद्दमा फिर
पेश होगा सो अदालत बरखास्त हुई॥

आठवें दिनका इजलास

रावजी का इज़हार फिर शुरू हुआ॥

जब कि अदालत एकत्र हुई तो सरल्यूइसपीली साहब आये
और श्री महाराजामल्हरराव टिफन खाने के वक़्ततक समाज
में वर्त्तमान थे ऐडवकेटजनरल ने रावजी से नीचे लिखेहुये
प्रश्न किये॥

प्र०—तुमने मुझसे कलके दिन कहा था कि मैं महाराजा
साहबके पास पेडरू के साथ गया था कहो कि सिवाय पेडरू
के और भी कोई मनुष्य था? उ०—मेरे साथ नरसू जमादार था
और क़ब्लइसके भी बादवापिसी नौसारीके कई मरतबा जमा-
दार और पंखेवालेके साथ महाराजासाहबके पास गया था॥

सरजन्टवेलनटायनसाहबने कहा कि इसगवाहसे कहा जाय
कि ऊंचेशब्दसे बोले क्योंकि महाराजासाहब उसकी आवाज
नहीं सुनसक्ते गवाहने कहा कि नौसारीसे आनेके पन्द्रहदिन
उपरान्त तीन सौ रुपये मुझको मिले थे यह रुपये मुझको नरसू
जमादारने दिये थे और कहा था कि महाराजा साहब ने तुम
को दिये हैं फिर मैं और नरसू जमादार महाराजासाहबके पास
गये महाराजासाहबने कहा कि साहब मुझपर बड़ा अन्याय
करते हैं जो कोई बातमैं तुमसे कहूं तो तुम उसको मानोगे

लिखकर भेज दिया करो—जमादार ने महाराजासाहब से कहा कि मेरे भाई की पिनशन लौकूफ होगई है आप उसके वास्ते कुछ बन्दोबस्त कीजिये महाराजा साहब ने कहा मैं उस का कुछ बन्दोबस्त नहीं करसका तुम साहब रेजीडण्ट को अर्जीदो जमादार का भाई महाराजासाहबके पास नौकर था इस के अनन्तर कुछ वार्त्ता न हुई और महाराजासाहब नौसारीको चले गये॥

नौसारीको जानेके पहिले मैं तीनचारबेर महाराजासाहब के पास गया——मैंऔर जमादार कर्नेलफ़ियरसाहबकी अर-दलीमें थे जबकि वह नौसारीको गयेथे महाराजासे औरमुझ सेकईबेरतबे नौसारीमें मुलाक़ातहुई यशवन्तरावका बेटाएक -वटी में वहां रहता था और एक मरतबा मुझ को सालिम महाराजासाहबके पासलेगया और मुलाक़ातकराईउसरोज महाराजा साहबने मुझसे भावपूनाकर के बड़ै बार्त्ताकी और कहा जो तुम बराबर खबरें दोगे तो तुमको बहुतखुश करूंगा और कहाकि तुम दामोदरपंथ या दामोदर परपदको जान-तेहो मैंने कहा कि हां जानता हूं——तीनबेर पेडरू के साथ महाराजा सहब के निकट गया था जबकि महाराजा साहब नौसारी से लौट आये तो मैं बीस इक्कीस मरतबा महाराजा साहबके पासगया पेडरूसे महाराजासाहबने पूछाकि साहब किस समय भोजन करते हैं और खातेवक्त क्या २ बातें होती हैं पेडरू ने उत्तर दियाकि संध्यासमय भोजन करते हैंछोटी मेमसाहिबा आप की बड़ी प्रशंसा किया करती हैं जो आप साहबसेदोस्ती रखियेतो आपकेलिये अति उत्तमहोगा महा-राजासाहबने कहाकिमैंतो साहबसेस्नेह रखताहूंपरन्तुसाहब मुझसे अप्रसन्न रहते हैं॥

गवाहनेयहभी वर्णनकिया अगरआपसाहब से अच्छीतरह रहेंगे तो साहब भी आपपर मेहरबानी रक्खेंगे॥

छोटी मेमसाहिबा की गर्ज़ बोवोसाहब की मेमसाहिबा से है

गालियां निहायत फोहश हैं—तब ऐसा न होना चाहिये तिस
पीछे महाराज ने कहा मैं तुमको एक और वस्तु दूंगा सो
उन्होंने एक विषकी पुड़िया दी उसकी रंगत स्याहीमाइल थी
प्र०—ऐसी सियाह जैसा सुतरञ्जिस का कोट है ? उ०
नहीं जैसे कि टोपी है—टोपी की रंगत भूरी थी—मैंने सोमवार
को साढ़े छः बजे साहब के शर्बत में पुड़िया डाली यह पुड़िया
वह थी जो महाराजा साहब ने दुबारह दी थी जब मैं साहब
के कमरे से बाहर आया तो सालिम सवार ने मुझसे पूछा कि
तुमने वह काम किया मैंने कहा कि हां—करनैल फियर साहब
को चिट्ठी लिख कर डाक्टर साहब को बुलाना मुझे स्मर्ण है
मैंने जमादार से कहा कि डाक्टर साहब बुलाये गये हैं अब हम
लोगों की फजीहती होगी जिस समय डाक्टर साहब आये हैं
मैं और जमादार बरामदे में खड़े थे उसी दिन मेरी पेटी लीगई
थी और मुझको आज्ञा हुई कि मैं अपने घर को जाऊं तब से मुझको
पेटी नहीं मिली करनैल फियर साहब ने मेरे इजहार लिये उस
समय सिसरबोबोसाहब वर्त्तमान थे दूसरे दिन मैं हवालात में
सुपुर्द हुवा परन्तु सन्ध्या को ५ बजे वहां से छूट गया जो रुपया
मुझको मिला था उससे यह आभूषण बनवाया था सो वह
जेवर पेश किया गया पांचसौ वा साढ़ेपांचसौ रुपये की लागत
का होगा मैं सर्वदा महाराजा साहब को खबरें लिखकर
भेजा करता था—जुग्गा लिखा करता था जुग्गा के हाथ का लिखा
हुवा खत पहिचानता हूं मैं थोड़ा गुजराती पढ़ सक्ता हूं सो
एक कागज गवाह को दियागया उसने कहा कि जुग्गा का
लिखा हुवा है मैं इसको सही नहीं पढ़सक्ता ॥

मैं हमेशा जुग्गा से खबरें लिखाता था और किसी से नहीं
लिखाता था और जमादार महाराजा साहब के पास पहुं-
चाया करते थे ॥

इस गवाह ने वर्णन किया कि मैंने मिस्टर सूटर साहब के
भी रूबरू अपने इजहार दिये थे मुझको स्मर्ण है कि सोमवार

हमलोगोंने कहा मैंने महाराजासाहबने पूछाकि साहबकि स समयभोजन करतेहैं और क्याखातेहैं हमने उत्तरदिया कि वह हमारे साम्हने खानानहींखाते इसलिये हमको मालूमनहीं किवहक्या भोजनकरतेहै वह हमारेसाम्हने शर्बतजरूर पीतेहैं उससमयमहाराजासाहबने पुड़ियादीऔर कहाकियहसाहब केशरबतमें डालदेना मैंने महाराजासाहब से पूछाइसमें क्याहै उन्होंनेकहाकि जहरहै मैंनेकहाकि अगरसाहबको जहरपहुंचे तो हम लोगोंकी बड़ीखराबी होगी महाराजा साहबने कहा एकहीबेर कुछनहोगा किन्तु बहुतदिनोंके पीछे असर होगा महाराजा साहबने कहाकि अगर इस पुड़ियाने असर किया तो मैं तुमको लाखरुपया और अपनेयहां नौकरी दूंगा और तुम्हारे बालबच्चोंकी खबरगीरी करूंगा॥
प्र०—यहपुड़िया तुमको किसतारीखको दीगईथी? उ०—मुझको स्मर्णनहीं। प्र०—हरएक पुड़ियामें कितना २ विष था? उ—०गवाहने उंगलीके इशारेसे बताया कि इतनाथा॥

प्रश्न मैलवलसाहब का—क्याचुटकीभर था—सरजन्टबेलनटायनसाहबने कहाकि इसकोथोडोसी मट्टी देदीजावे ताकि वहबयान करे—सोथोड़ीसी मट्टीउसेदीगई और उसनेबतलाया कि इतनीथी——सरजन्ट बेलनटायन साहब बोले मैंचाहता हूंकि यहमट्टीअदालतमें रखलीजावे साहबप्रेजीडण्टने आज्ञा दीकिमिस्टर जारडीन साहब सेक्रेटर इसमट्टीको अपनेपासरख लेसोवहमट्टी उनकोदीगई और आज्ञाहुईकि इसेरक्षापूर्व्वक रक्खो—और गवाहनेयहभी वर्णन कियाकि विषदियेजाने के आठ दिन पहिले जबमैं महाराजा साहब के निकटगया तो मुझको और नरसूको गालियांदीं और कहाकि अबतक तुम लोगों ने कुछभी नहींकिया॥

मुतरज्जिम ने कहा जो अज्ञाहो तो गालियोंका तर्जुमा कियाजाय—सरजन्ट बेलनटायन साहब ने कहा इसकी कुछ आवश्यकता नहीं है मुतरज्जिमने कहा किवास्तव में यह

काइलबाल करदिया मैनेकहा। हां मैने हरएकबातका इकरार करलिया और जोनले २ पानी होगा तो यही कहूंगा इसके उपरान्त पुलिसके कमरेमें लोगलेगये यहपेटी जोअदालतमें रक्खी ऊईहै इसीको पहिना करताथा इसपेटीमें जोजेबहैउसी में विषकी पुड़िया रक्खाकरताथा॥

ऐडवकेटजनरलने कहा—माईलार्ड इस गवाहकी बयान से विदित होताहै कि दोपुड़ियां जिनका उसने इस्तैमालकियाहै विषहैंवह अ।गेकीजेबमेंरखताथा और जिसपुड़ियाका उसने इस्तैमाल नहींकिया वहदूसरे जेबमें रक्खा करताथा गवाह ने बयान कियाकि मैं उससमय वर्त्तमान था जबकि रावसाहब और खान साहबने इसपेटीकी तलाशीलीथी मेरे सामने एक पुड़ियाभी इसपेटी में निकली थी—गवाह ने कहाकि मुझसे खानसाहबने पूछाथा कि तुमविषकी पुड़ियोंको कहां रक्खा करतेथे मैंने उत्तर दिया किपेटीकी जेबमें रक्खा करता था मुझसे पूछाकि तुम्हारीपेटी कहांहै मैंने कहाकि भोदरपट्टा वालेके पासहै खानसाहबने एक मनुष्य भेजकर भोदरपट्टेवाले को बुलाया मेरेरूबरू उसकेगलेसे यहपट्टा उतारा और उसी में इधरउधरदेखने लगे फिर बड़े खानसाहब को टटोलते २ एक जगह पर कोई कठोरसी वस्तु मालूम ऊई उन्होंने कहा कि यहां कोई वस्तुहै यह कहकर उन्होंने पट्टेको रखदिया और सूटरसाहबको जो दूसरे कमरेमेंथे बुलाया जबवह आये तो उनके सन्मुखपेटीको सिलाईके। खोला उसमें से एक सफेद पुड़िया निकली मुझको दिखायाकि तुम इसपुड़ियाको पहिचानतेहो मैंने कहाकि हां पहिचानता हूं इस पुड़िया में जहरहै ग़लती से मेरीपेटी में रहगई थी फिर सूटरसाहबने कुछ और बातें मुझसेपूछीं और मैं वहांसे चलाआया जिस रोज यहपुड़िया मुझको मिलीथी वहदिन मुझको भलीप्रकार स्मरणहै यहपुड़िया मेरे इजहार देनेसे रोज पीछे मिली थी।

सरजम्स फैगनटायन साहबने कहा किअबमेरी तरफसुत-

थी, और शायद २२—तारीख थी परन्तु मुझको स्मर्ण नहीं
साहब ऐडवकेट जनरलने कहा कि शायद २२—दिसम्बर
होगी—गवाहने कहा कि मेरे इजहार मिस्टर सूटर साहबने
लिये थे अथवा उन्होंने आपनही लिखे सरीव. र आपही लिखे
मैने यह इजहार उस समय दिये जब कि मिस्टर सूटर साहबने
मुझको बुलाया था—९ बजे तक वह मेरे इजहार लेते रहे मैने
उस समय तक किसी बातका इकबाल नहीं किया था फिर वह
मुझे रेजीडन्सीकी कोठीमें लाये और रेजीडन्सीके बागमें बैठा
था—पांच छः बजे तक मैं वहां बैठा रहा फैजू और करीम भी वहां
विद्यमान थे—इस लोगोंमें परस्पर तकरार होने लगी—फैजू
और करीमने अपना और आयाका मुझसे जिक्र किया और
कहा इस लोगोंने तो इकबाल किया तुम क्यों नहीं इकबाल
करते हो यह बात सुनकर मैं सूटर साहब के हवलदार को बु-
लाया मैं आपही जाकर बुलालाया उसका नाम नहीं जानता हूं
जो उसको देखूं तो पहिचानलूं—उसका नाम मीर असान अली
था वह अदालतमें बुलाया गया और गवाहने उसको देखकर
पहिचान लिया फिर गवाहने कहा कि मैने हवलदारसे कहा
था कि मुझको बडे खान साहब अर्थात् अकबर अली खान बहा-
दुरके पास लेचलो जब मैं उनके पास गया तो मैने उनसे कहा
कि मैं आपको बहुत सही २ विषके दियेजानेका हाल बतादूंगा
बशर्ते कि मेरी जानबख्शी हो और उसका वाइदा आप साहब
सेलें॥

साहब ऐडवकेट जनरलनेकहा कि हम नहीं चाहते कि तुम
अतिविस्तारसे वृत्तान्त कहो केवल इतनाही वर्णन करो कि
तुम्हारी जानबख्शी हुई थी—गवाहने बयान किया कि हां इसी
वाइदेपर मैने सम्पूर्ण वृत्तान्त सूटर साहबसे कहदिया था जबसे
मैने सूटर साहबके रूबरू इजहार दिये उस समयसे मैनेनरसू
जमादार को नहीं देखा—बरवक्त इजहार के उसदिन नरसू
जमादार वर्त्तमान था जमादारने कहा कि तुमने हर एक बात

था और मुझको तरगीब होगई । प्र०—तुम से और करनैल फियरसाहब से नाराजगी तो नहीं हुई ? उ०—नहीं । प्र० तुम केवल द्रव्य के लोभ से मारना चाहते थे ? उ०—हां मैं गरीब आदमी हूं और मुझको तरग़ीब होगई थी । प्र०—चूंकि तुम गरीब आदमी थे केवल द्रव्य के ही लोभ से खूनी बनना चाहते थे ? उ०—हां मुझको तरगीब दी गई मैं राजी होगया । प्र०—अब तुम को लाख रुपये मिल गये ? उ०—नहीं मुझको कुछ भी प्राप्त न हुआ । प्र०—तुमने महाराजा साहब से कुछ रुपया मांगा था ? उ०—नहीं । प्र०—तुमको स्मर्ण है कि तुम्हारे इज़हार इरादा होने के पीछे करनैल फियरसाहब के रूबरू लेगये थे ? उ०—हां याद है । प्र०—इसके पीछे तुम अनुमान एक महीने के छूटे रहे ? उ०—हां । प्र०—इस अवसर में तुमने महाराजा साहब से रुपये मिलने की दरख्वास्त की थी ? उ०—नहीं । प्र०—इस अवसर में तुमने कभी महाराजा साहबको देखा वा कोई सन्देशा उनका तुम्हारे पास आया था ? उ०—न मेरे पास कोई सन्देशा आया न कभी उनको मैंने देखा । प्र० तुम गरीब आदमी हो और गरीब होने और बहकाये जाने से तुम मार डालने के वास्ते राजी होगये तुमने किस वास्ते रुपये के मिलने की महाराजा साहब से दरख्वास्त नहीं की ? उ०—मैं नहीं गया और क्योंकर मैं जाता । प्र०—क्यों तुम तो बहुधा वहां गए होगे? उ०—मैं पहिले वहां गया था मौकूफ होने के पीछे नहीं गया । प्र०—जब कि तुमने वह कार्य किया जो महाराजा साहब ने तुमसे कहा था तो फिर क्यों नहीं गए तुम को महाराजा साहब से रुपये की दरख्वास्त करनी चाहिये थी क्या कारण था कि तुमने करनैल फियर साहब को मार डाला या कोई और बात थी? उ०—मेरा उद्योग निष्फल हुआ । प्र०—मैंने यही समझा था परन्तु मुझको मालूम हुआ कि तुम अपनी आबरू की बाबत [illegible] नहीं मानते हो [illegible] कि तुम जब तक समझते कि तुम करनैल फियरसाहब को न मार [illegible] कि महाराजा साहब के पास जाना चाहिये । उ०—नहीं [illegible] ।

वह जो थोड़े से प्रश्न मैं भी तुमसे कहूंगा। उससमय प्रेसी-डेण्ट साहबने कहाकि अबदो बजगयेहैं आपक्या सवालआह-तेहैं सरजन्टरेलन टायनसाहिबने कहाआपकी आज्ञाहोतो उत्तमहै किपांचछ:मिनट के वास्तेसवालात मुलतवीकिये जावें उससमय कमीशन के मेम्बर टिफन खानेके वास्ते उठे टिफन खानेके पोछेमिस्टर कारसिटजी से जो नवीन मुतरज्जिम नियत ऊये थे सौगन्ध लीगई॥

मरजंट बेलनटाइन माहब के प्रश्न।

प्र०—तुमकितने दिनों तक कारनैलफियर साहबके नौकर रहे? उ०—शायद डेढ़ वर्ष। प्र०—कारनैल फियर साहब तुम परबड़ी मेहरबानी करतेथे? उ०—हांवह मुझपर बड़ेमेहरबानथे। प्र०—तुमकोउनसे कोईशिकायत की बातनहो ऊई? उ०—नहीं। प्र०—फिरभी तुम उनके मारडालने पर राजी-होगये? उ०—मुझको महाराजासाहबने रुपयेदेकर राजी कियाथा। प्र०—तुमको राजीकरने में जियादह कहने सुनने की जरूरत नऊई? उ०—मुझको लाख रुपयेदेनेको कहाथा जोकिमैं गरीब आदमी हूं राजी होगया। प्र०—चूंकि तुम गरीबआदमीथे औरतुमको एकलाख रुपयेके मिलनेकावादा ऊवा तोतुमअपने हाकिमके मारडालने पर राजीहोगयेजो सदातुमपर कृपारखता था। इसबातको सुनकर गवाहनेमुंह ही मुंह कुछ कहा॥

सरजन्टरेलन टायन साहब ने कहा कि वास्तबमें ऐसा हो या लज्जामतकरो स्पष्टरीतिसे वर्णनकरो? उ०—हांमैं मार-डालने पर राजी ऊआ। प्र०—क्यावास्तवमें तुम मारडालना चाहतेथे? उ०—वास्तवमें मारडालनेको मेरीइच्छानथी किन्तु महाराजा साहब की थी। प्र०—क्या तुम्हारी इच्छा थी कि तुम अपने हाथसे साहबको मारो? उ०—मुझको महाराजा साहबने बहकायाथा। प्र०—चूंकि तुमको बहकायाथा तोतुम ने मारडालने काउद्योगकरलिया? उ०—हांमैं गरीबआदमी

को इसीशीशीसे की दवासेतुम्हारे फोड़ाहोगया था क्योंठीक है? उ०—हां। प्र०—पसतुमने इससंदेहसे कि कारनैलफियर साहबको कष्टहोगा औषधि को फेंकदिया? उ०—हांइसो हेतुमैंने दवाफेंकदी। प्र०—परभाई तुमजानतेथे कियहदवा कारनैलको हानिकेलिये दीगई है? उ०—हां। प्र०—फिर तुम ने क्यों उसकाइस्तैमाल नहींकिया तुमजानतेथे कियहशीशी की औषधिजरर पहुंचाने केवास्तेदीगई है तुमनेउसको क्यों फेंकदिया? उ०—मैंनेउसका इस्तैमालनहीं किया और फेंक दिया। प्र०—किसवास्ते इस्तैमालनहीं किया? उ०—इसवास्ते इस्तैमालनहीं कियाकि उससे मुझको कष्टहुवा औरमुझको यहसंदेहहुवा किमैं शीघ्र होपकड़ा जाऊंगा। प्र०—परन्तु तुम जानतेथेकि मेराविषदेने का उद्योगहै पस ऐसीवस्तुका क्यों इस्तैमालनहींकिया? उ०—मैंने नहींकिया। प्र०—परमैंपूछता हूं कि तुमने किसवास्ते उसका इस्तैमाल नहीं किया? उ० मुझकोभयहुवा कि साहबको उससेजरर पहुंचेगा इसलिये इस्तैमालनहीं किया। प्र०—तुमने नरसूसे कहाथा कि मैंने इस्तैमाल किया है? उ०—हां मैंने नरसुसे कहा था। प्र० तुम्हारा वह कहनाझूठथा? उ०—हांमैंने असत्यकहा था। प्र०—मालूमहोता है कि कभी२तुम झूठकासचा भी उठाया करतेहो? उ०—मैंझूठ क्यों बोलूंमैंने आपसेसच २ कहदिया प्र०—तुमने नरसु से क्योंझूठबोला इसझूठबोलनेकी क्याजरू-रतथी? उ०—एकसवार प्रतिदिन महाराजा साहबके पास से आयाकरता था कि कामहुवा यानहीं दवाडालीगई या नहीं। प्र०—तुमनेनरसु से क्योंझूठ बोलाथा? उ०—वह मेरे पीछेपड़ाहुवा था इसलिये सिवायझूठ के और कोई उपाइ नदेखा। प्र०—वह तुम्हारे पीछेपड़ाहुवा था इसलिये तुमने उससे झूठबोला क्याजोकोई तुम्हारेपीछे पड़ताहै उससेझूठ बोलतेहो? उ०—हां अबमुझको झूठबोलने से क्यालाभहै। प्र० केवल तुमने इसीवास्ते झूठ बोला कि वह तुम्हारे पीछे पड़ा

गया और न रुपया मंगवाया। प्र०—पर तुम क्यों नहीं गये तुम गरीब आदमी थे और मुफलसी से खूनी बनना चाहते थे? उ० मैं खूनी बनने को न था। प्र०—हां महाराजा साहब चाहते थे कि तुम खूनी बनो इस बात को हम सब लोग जानते हैं परन्तु तुम गरीब थे फिर तुम किस वास्ते रुपया मांगने नहीं गये? उ०—मैं क्यों कर जाता मैं नहीं गया। प्र०—तुममें और नरसू में उस वक्त कुछ वार्त्ता हुई थी जब कि विष देने का उद्योग तुम्हारा पूर्ण न हुआ? उ० नरसू में कुछ वार्त्ता न हुई थी मैं अपने घर से बाहर नहीं निकला और मैं कहीं नहीं गया। प्र०—तुम भाव पूना कर को जानते हो? उ०—हां वह बंगले को आया करता था और मैं उनको जानता हूं। प्र०—वह बंगले को किस वास्ते आया करता था? उ०—वह साहब के पास आया करता था मैं नहीं जानता था कि क्यों आता था। प्र०—क्या खबरों के देने वास्ते साहब के पास आया करता था कि नगर में क्या हो रहा है? उ०—मैं यह नहीं जानता। प्र० तुमने कभी कोई वस्तु उसको देते हुए सुना है (जवाब का तर्जुमा सुतरज्जिम ने इस तरह किया) उ०—नहीं सुना कभी २ सुना उसको मैंने इत्तिला की प्र०—कारनैल फियर साहब के नौकरों में कुछ वार्त्ता हुआ करती थी कि महाराजा साहब ने श्रीमान् वाईसराय के निकट खरीता भेजा है? उ०—खरीते का हाल मैं नहीं जानता। प्र०—तुमने कुछ भी इस विषय में सुना था? उ० मैंने कुछ भी नहीं सुना और मुझको कुछ स्मर्ण नहीं है। प्र० भाव पूना कर से भी नहीं सुना उस तरफ मत देखो हमारी ओर देखो उ०—नहीं भाव पूना कर से भी मैंने नहीं सुना। प्र०—अब तुम से छोटी बातों में कुछ प्रश्न करता हूं तुम सच कहना? प्र० तुम्हारे जो फोड़ा निकला था और जिसको तुमने दिखाया—यह फोड़ा शीशी की वजह से हो गया था? उ०—हां शीशी की दवा से मेरे फोड़ा हो गया था। प्र०—शीशी के रखने से खाल के पास फोड़ा हो गया था? उ०—शीशी के मुख पर रुई लगी थी और रुई में से दवा निकल कर मेरे शरीर पर लग गई थी। प्र०—मालूम हुआ

मैं तुमसे वह कहताहूं जो तुमने कारनैलफियरसाहबसे कहा
था किन्तु मैं तुमको पढ़कर सुनाताहूं तुमने कहाथा कि दो
तीनदिनके पीछे जमादारने मुझको दोपुड़ियां दीं और कहा
कि बराबरके तीनहिस्से बनायेजावें और दोयातीनदिनदीजावें
ताकि तीनरोज़में वहखत्म होजावे और तुमने यहभी कहाथा
कि साबिस और यशवन्तरावने महाराजासाहबको रूबरू वही
एहतियातसे समझाया था और फिर तुमकहते हो कि इन
पुड़ियोंका देना दोतीन रोजतक मैंने मुलतवी रक्खा क्योंकि
मुझको अवसर न मिला? उ०—गवाहने कहा कि हां यहसब
मेराबयान है। प्र०—औरतुमकहतेहो कि विषकीपुड़िया जोमुझ
को पहिलेजमादारने दीथी मैंनेउसके तीन भागकिये? उ०
हांमैंने तीनभागकिये थे। प्र०—उनपुड़ियों को तुमने अपनी
पेटीकी जेबमेंरक्खा और कहतेहो कि एकपुड़िया जोपीछेनि-
कलीथी वहभी उन्हींपुड़ियों मेंसेथी जोमुझको जमादारनेदी
थी क्या मिस्टरसूटरसाहबके रूबरूभी तुमनेयही वर्णनकियाथा
उ०—हां। प्र०—क्यायहबात ठीकहै? उ०—हां। प्र०—अबमैं
तुमसे पिछली पुड़िया के मद्धेपूछताहूं क्यातुमको वहपुड़िया
जमादारने दीथी? उ०—हांजमादारनेदीथी। प्र०—क्याइस
पुड़ियाके दवाकारंग पहिलीपुड़ियोंके खिलाफथा क्योंकितुम
कहतेहो कि जो पुड़िया तुमको प्रथममें मिलीथी उनमेंसेएकमें
सफ़ेदरंगकीदवाथी और दूसरेमेंजोवस्तुथीं वहगुलाबीमाइल
थीं इसतीसरी पुड़िया का रंग जो अन्तको तुम्हें मिली कैसा
रंगथा? उ०—उसका रंग इसटोपीकासा था—एक बैरस्टर
को टोपी वहांरक्खी थी उसका रंग स्याहीमाइल भूरा था।
प्र०—उस सूरतमें उसको रंगन सफ़ेद पुड़िया कीसीन थी?
उ०—नहीं स्याहीमाइल रंगथा। प्र०—क्या उसटोपीके उस
का रंगगहराथा? उ०—मुझको यादनहीं। प्र०—तुमनेपुड़िया
को सबदवाको गिलास में छोड़ दियाथा? उ०—हां। प्र०
पानीमें मिलाकर छोड़ा था? उ०—हां प्रथम मैंने बोतलमें

हुवा था ? उ०—हां मैने इसीवास्ते झूठबोला। प्र०—तुम जानते हो कि मिस्टर सूटर साहब भी तुम्हारे पीछेपड़े रहे शायद उनसे तुमने एक झूठ नहीं किन्तु सैकड़ों झूठबोले होंगे ? उ०—वह मेरे पीछे कभी इतना नहीं पड़े। प्र०— पस जो कुछ तुम ने उनसे कहा सब सच था ? उ०—हां सब सच था। प्र०—इस बातपर तुम्हारा भलेप्रकार निश्चय है ? उ०—हां इतमीनान है। प्र०—तुमको इसबात का बड़ा खयाल था कि मिस्टरसूटर साहबको धोखा न दो ? उ०—उनसे मैंने जो कुछ कहा सब सच कहा। प्र०—क्या तुमने कारनैलफियरसाहबसे भी सचकहा था ? उ०—अगर मैं कारनैलफियरसाहब से सच कहता तो वह कब मेरा या किसी का विश्वास करते। प्र०—तो यही कारणहै कि तुमने उससे सच नहीं कहा ? उ०—हां। प्र०—पस तुमने इसवास्ते उनसे सच नहीं कहा कि वह तुम्हारा विश्वास नहीं करते ? उ०—हां इसी विचारसे मैंने सच नहीं कहा। प्र०—तुमने मिस्टरसूटरसाहब से हरएकबात सचकही उ०—हां। प्र०—अबमैं तुमसेकुछ वहबातें किया चाहताहूं जो तुमने मिस्टरसूटर साहब से कही थी और यहबातें उन दो पुड़ियोंके मद्धेहै जोतुमको उससमयदी गई थी जबतुमसेलाख रुपयेके दिये जानेका वाइदाहुवा थातुमको यहपुड़िया किसनेदीथी ? उ०—नरसूजमादार लायाथा—उसने मुझको दी थी। प्र०—क्या उसने तुमसेकहाथाकि उनदोनों पुड़ियोंकेतीन हिस्से बराबरकरके तीनरोज तक देनो? उ०-उसने कहाथा कि इनदो पुड़ियों के तीन हिस्से करना औरदो या तीन दिनतक इसका इस्तैमालकरना। प्र०—उसनेकहाथा कि बराबरकेहिस्सेकरना ? उ०—हां तीनहिस्से बराबर करनेको कहाथा तथापि मैंनेतीनपुड़िया बनाई और अपनेपासरखली। प्र०—यानी उन दोपुड़ियोंको मिलाकर तुमने बराबरके हिस्सेकिये थे ? उ०—हरएक पिसीहुई वस्तुसेसे मैंने थोड़ा २ लिया क्योंकि मैं जानताथा कि सफेदचीज अधिकहानिकारकहै। प्र०—अब

जानायहीथा? उ०—हां। प्र०—तुम उसकीतारीखकहसक्ते हो? उ०—मुझको तारीख स्मर्णनहीं। प्र०—मेरे विचारसे शुरूनवम्बरहोगा जबकितुमको यहपुड़िया दीगई? उ०—हांयह पुड़िया मुझको दीगई उसके दोदिन पीछे मैं बुलाया गयाथा। प्र०—तुमकोयादहै किमहाराजा साहबनेपुड़िया तुमकोकबदीथी हांमैंभूला जमादारनेतुमको पुड़ियादीथी? उ०—हांपहिलीबेर जमादारने दोपुड़ियांदीथीं और दूसरीमरतबा एक पुड़ियादीथी। प्र०—उनदोपुड़ियों यादूसएक पाकिटसे पहिले पेडरूकोपुड़िया दीगईथी? उ०—हांपहिले मेरी दूस पुड़िया सेदीगई थी। प्र०—यानिक़ब्ल अखीर पुड़ियाके? उ०—हां प्र०—तुमने पेडरू की पुड़ियाके मिलनेसे एकदोदिन पीछेपुड़ियापाईथी? उ०—दोदिनबाद। प्र०-फिरतुमको मालूमहुआ थाकि पेडरूकोक्यादियागया? उ०-मुझकोमालूम नहींनयह जानताहूंकि उसकेपास पुड़ियाहैया नहीं। प्र०—क्यातुम सब एकही काममेंप्रवृत्तथे अर्थात् करनैल फियरसाहबके मारडालनेमें? उ०—हां हमसब शरीकथे। प्र०—तुमने पेडरूसेकिसवास्ते नहींपूछा किउसने उसपुड़ियाको क्याकिया? उ०—मैं क्योंपूछता वहअपने कामपर होशियाररहा मैं अपने कामपर होशियाररहा (इससेसम्पूर्ण समाजके अधिष्ठाताहंसे) मैंनेनहीं पूछा। प्र०—इससे मालूम होताहै कितुमने पेडरूको छोड़ दियाथा किजबवह चाहेवह विषदे और जबतुमचाहो तुम जहरदो? उ०—महाराजा साहब को बड़ीजल्दी थी उन्होने मुझसे और पेडरूसे कहदिया था कि यहकाम शीघ्र करना प्र०—तुमकोयहबात क्योंकर मालूमहुई? उ०-सालिमऔरयशवन्तरावदोनोताकीदकिया करतेथे। प्र०—जबइससेतुमकोविदितहुवाकिमहाराजासाहबको जल्दीहै? उ०-हां। प्र०-परन्तु तुमसेकहदियागयाथा कि चारमहीने के उपरान्त यहपुड़िया असरकरेगी? उ०—हांमुझसे कहाथाकि दोतीनमहीने केबाद असरकरेगी। प्र०—तुमनेकभी पेडरूसे नहीं पूछा कि

ने सबका सब बोतलका जल गिलास में डालदिया ? उ०—हां सबपानी डालदिया। प्र०—असलकी पुड़ियामें कितनोदवाथी? उ०—उसगवाह ने चुटकोभरकार रेतउठाई (जोस्याहीके सुखानेके वास्तेवहां रक्खोथी और कहा कि इतनीथी या शायद कुछ इससे अधिकहो। प्र०—इसरेतसे उसपुड़िया की दवा का रंगस्याही मालूम था? उ०—इसकारंग जियादा स्याही माइलहै उसकारंग हलकाथा। ऐडवकेट जनरलने कहाकि सुतरज्जिम तुमतर्जुमा अच्छा नहीं करतेहो उसनेकहा था कि थोड़ाकालाथा। प्र०—तो मालूमहुवा कि वह दवाटोपी से जियादहस्याही माइलथी परन्तुउसका रंगइसरेतसे हलका था? उ०—हां। प्र०—जिस दिन तुमने अपने स्वामीकेमारडालने का उद्योग किया उसदिन डाक्टरसीवर्डसाहब को देखाथा? उ०—हां बंगलेपरथा वहीं उनको मैंने देखाथा। प्र०—अबसालिम कहांहै? उ०—मैंनहींजानता किवह कहां है सुनाहै किवहक़ैदहै औरमैंभीकईदिनसेक़ैदथा। प्र०-तुमको विश्वासहै किसालिम क़ैदहै? उ०—हां मैंजानता हूं किवह क़ैदहै। प्र०—बयानकरोकिपेडरू तुम्हारेसाथ कितनीबेर महाराजासाहबको मुलाक़ातको गयाथा? उ०—तीनबेरनौसारीसे आकर और एकबार जबकिवह गोवासेअपने घरसेलौटआया। प्र०—कुलचार मरतबा? उ०—हां चार मरतबा। प्र०—इसविषदेनेकाहालवहकुछजानताहै? उ०—हांवह सब जानता है महाराजासाहबनेखुद मुझसेकहाथा। प्र०—तुमनेमहाराजासाहबसे कहते हुये खुदसुनाथा? उ०—हांमैंने खुदसुनाथा। प्र०—तुमने कागज़देतेहुयेदेखाथा? उ०-कौनसा कागज़। प्र० वहकागज़जिसमेंविषथा और जिससेज़हरहोना तुमजानतेथे? उ०—एकपुड़िया देतेहुये मैंनेदेखाथा। प्र०—तुमने महाराजासाहबको कहतेहुये सुनाथा कि इसपुड़िया में विषहै? उ०—हांमैंने कहतेहुये सुनाथा। प्र०—कबयह बातहुई थी? उ०—जबकिपेडरूगोवासेवापिसआया। प्र०—पेडरूका अखीर

था जिसने तुम्हारीपेटीमें कठोरवस्तु देखीथी ? उ०—हां प्रथम मुझसे पूछागयाकि तुम्हारीपेटी कहांहै। प्र०—तुमने बताया था कि मेरीपेटीकहांहै जिसमें तुमविष रखतेथे ? उ०—मैंने नहीं बताया। प्र०—क्या तुमको स्मर्णथा किपेटीमें जहररक्खी है ? उ०—मुझको स्मर्णगया जोयाद होता तो मैंउसको निकालकर फेंकदेता। प्र०—जब तुमने पुड़ियाको देखाकि तो तुमकोआश्चर्य्य हुवा ? उ०—हां मुझको अचम्भा हुवा और मैं घबरागयाथा। प्र०—अगर मेरीयाद सही है तो तुमने कहा था कि जबतुमसे अकबरअलीने पूछा था कि तुम बहुधा वस्तु अपनीकहां रक्खाकरते हो तो तुमने कहा था किपेटीमें ? उ०—हां मैंने यहीकहा था। प्र०—उस समय अकबरअलीने कहाथा किपेटी संगबादीजावे ? उ०—मुझसे कहाथा किपेटी कहांहै मैंनेकहाथा कि बहादुरके पासहै। प्र०—तुमने बहादुरकोपेटी क्योंदी थी ? उ०—मैंने नहींदी नवीन रेजीडिण्ट साहबने दीथी। प्र०—उस मनुष्य को तुम्हारी पेटी कबदी गई थी ? उ०—मेरे रूबरूदीगई थी परन्तु मुझको दिनयाद नहीं है। प्र०—कितने दिनोंके उपरान्त पुलिस को पुड़िया मिली थी ? उ०—बहुत दिनोंके पीछेपरन्तु मुझेस्मर्ण नहींकि कितनेदिनोंकेबाद। प्र०—तुमको कुछभी स्मर्णनरहा कियहतुम्हारीपेटी जो दूसरामनुष्य पहिनेहैं उसमें एक पुड़िया विषकी है ? उ०—इस पुड़िया को मैं बिल्कुल भूल गया था। प्र० जब करनैल फियर साहब ने तुम्हारे इजहार लिये थे और तुमसे पूछा था कि दुबारह जहर देने का तुम्हारा संदेह किसपरहै और तुमनेकहाथा कि फैजूपरहै क्योंकि फैजूकरनैल गार्टसाहब और करनैलसाहबको नसानेमें बन्दबातोंके निस्बत मालूम हुवाथा ? उ०—हां मैंने अपने प्राणके बचानेके वास्ते उसकानाम लियाथा। प्र०—पहिले तुमने खूनकरना चाहा और फिरएक निर्दोष मनुष्यको मालूम करतेथे ? उ०—हां लोगभी दरबार (अर्थात् महाराजासाहब) मेंथाया करते थे

उनकोपुड़िया क्याहुई ? उ०—कभीनहीं पूछा । प्र०—तुमने पेडरूका अपराधी होना कब बयान किया किवहभी कारनैल फियरसाहब के मारडालने में तुम्हारा शरीक है ? उ०—मैंने मिस्टरसुटरसाहब केरूबरू उसको मुलजिम कहाथा। प्र०—तुमने उसका नाम कारनैल फियर साहब के रूबरू नहीं लिया उ०—नहीं। प्र०—क्यों नहीं ? उ०—मुझको भयथा। प्र०—तुमको क्याभयथा ? उ०—जो कोईमनुष्य कोईबात करताहै तो क्याकहनेके वास्ते कियाकरता है। प्र०—यह पुडिया तुम्हारी पेटीमें भूलसे रहगई ? उ०—हांगलतीसे रह गईथी प्र०—क्या तुमने दोनों खूराक पुडियाकी दीऔर एक गलती से रहगई उ०—चार खूराकें थीं तीन दी गईं और एक गलती से रह गई प्र०—क्या कारण था कि तुमने इस खूराक को रहने दिया ? उ०—भूल से रहगई। प्र०—इससे तुम्हारा मतलब क्या है कि भूलसे रहगई ? उ०—इससे यह मतलबहै कि मैंने पुडिया को जेब में रक्खा और रख कर भूल गया कि कहां रक्खी है। प्र०—तुमने वहकाम क्योंन किया जिस वास्ते इन आमदिये जानेका वाइदा हुवा था ? उ०—मुझको भयथाकि साहबको एकाएकी कुछ न होजाय। प्र०—क्या तुमनेइससाहोमाइल पुडियाको दवा ९ नवम्बर को बिल्कुल डालदीथी ? उ०—थोड़ीडाली थी और बाक़ीको रखलिया था। प्र०—थोड़ी सोजितनी कि तुमनेहमको दिखाईक्या तुम जानते थे किफ़ौरन् उसकी तासीरहोगी ? उ०—मैं जानता था कि एकहीबेर उसकी तासीरन होगी-परन्तु मुझको महाराणा साहबबराबर कहला २ भेजते थे कि जल्दीकरो जल्दीकरो। प्र०—और किसीको मालूमन था कि तुम्हारेपास यह जहर बाक़ी है ? उ०—किसीको मालूम न था तुमने किसी से कहाभी नहीं। उ०—मैने किसीसे नहींकहा। प्र०—पसतुम्हारे साथी जानतेहोंगेकि तुमने इसतमाम पुड़ियाका इस्तमाल किया ? उ० हांवह यहीजानतेथे। प्र०—क्यावह कोई पुलिस का आदमी

कात करनेके उपरान्त नौकर रक्खेजाओगे। प्र०—भावपूना
करने तुम्हारे विषय में कहा था ? उ०—मैं नहीं जानता
कि उसने कुछकहाहो। प्र०—क्या तुमने उससेकहा था कि
वह तुम्हारे निस्बत कुछकहे ? उ०—मैंअपनेघरमें रहताथा
कहींबाहर नहींजाता था। प्र०—क्या तुम्हारी गरज़ यहहै
कि तुम अच्छीतरह जानते थे कि भावपूनाकर तुम्हारे मद्दे
कुछ नहीं कहा ? उ०—नहीं प्र०—सावधान होजाओ क्या
तुम्हारा यहमतलबहै कि तुमनेभावपूनाकर से कुछबातें नहीं
कीं ? उ०—नहीं। प्र०—क्यातुम यहकहतेहो कि तुमनेउसको
नहींदेखा ? उ०—जबवह बंगलेपर आताथा मैंउसको देखता
था ? प्र०—ज़हरदेने के पहिलेतुमने उसकोदेखा था ? उ०
जब साहिब रवाना होनेवाले थे उस समय उसको मैंने
देखाथा। प्र०—यानिज़हर देनेके पीछे ? उ०—हां। प्र०—
पसमैंखयाल करताहूं किउससे और तुमसे विषदेनेके विषयमें
कुछबातेंहुईं ? उ०—नहीं २ कुछ बातेंनहींहुईं। प्र०—क्यातु-
म्हारायहमतलबहै कितुमसे और उससेकभी इसविषयमें बातें
नहींहुईं ? उ०—मुझको स्मर्ण नहीं शायदकभी कीहों। प्र०—मैं
तुमकोयाद दिलाताहूं तुमकोयाद होगा कि दरमियान तुम्हारे
औरउसके महाराजा साहबके विषयमें बातेंहुईथी ? उ०—
कभीनहीं हुईं। प्र०—क्यातुमने महाराजा साहबके मद्दे उस
से कुछबातेंकी थी अर्थात्ज़हर देनेकेपश्चात् ? उ०—नहीमैंने
कभीमहाराजा साहबकेविषय में कोई बातनहीं की। प्र०—
क्यातुमसे उसनेनहीं पूछाथा कि महाराजा साहब इसबात
को जानतेहैं यानहीं ? उ०—उसनेमुझसे नहींपूछा। प्र०—
क्यातुम्हारी यहगर्ज़है कि तुमनेकभी उसकेरोबरू महाराजा
साहबका नामनहीं लिया ? उ०—नहींलिया। प्र०—तुम्हारे
इज़हारके पहिले जोकरनैल फियरसाहबने लियेथे तुमनेभाव
पूनाकरको नहींदेखा ? उ०—नहीं। प्र०—जब तुम्हारे इज़-
हार लियेगये तो भावपूनाकर मौजूद था ? उ०—क्यामिस्टर

यदि उन्होंने विषभीदिया होतातो मुझको किसतरह मालूम होता। प्र०—बहर सूरत तुमने अपने ही प्राण बचाने के वास्ते उसको माखूज़ किया ? उ०—जबरजीडण्ट साहबने मुझसे पूछा तोमैंने उत्तर दिया कि बहुतसे मनुष्य नगर में रहते हैं और यहांआते जाते हैं। प्र०—पसतुमने एकनिर्दोष मनुष्यको माखूजकरना चाहाहालांकि खूनकरनेका तुमने उद्योगकियाथा ? उ०—चूंकि यहसब लोगनगरमें रहतेथे इसलिये उनकोमैंने माखूज करना चाहाथा। प्र०—साहबने तुमसे यह पूछाथा कि विषदेनेमें तुम्हारा किसपर सन्देह है तुमनेउत्तर दिया कि फैजूपर ? उ०—मैंने कहाथा कि फैजू नगरमें रहताहै मेरा सन्देह उसपरहै। प्र०—क्यातुमने कहाथा कि फैजूपर मेरा सन्देहहै ? उ०—हां। प्र०—यहतो तुमभूलगये कि मैंनेविषकी पुड़िया पेटीमें रक्खीहै परन्तु इसबातको नहींभूले कि हमने विषदियाहै और अपराध इसका फैजूपर लगाया ? उ०—हां पुड़ियारखकर भूलगयाथा। प्र०—और फैजूको माखूजकिया ? उ०—बहुत आदमी उसका नाम लेतेथे उस समयमैं चुपहो रहा। प्र०—नहींनहीं तुमचुप नहींहुयेथे तुमनेकहा था कि फैजूपर मेरासन्देहहै ? उ०—हांमुझसे पूछागयातो मैंनेकहा कि फैजूशहरमें रहताहै मेरासन्देह उसपरहै। प्र०—अर्थात् मारनेके उद्योगका सन्देहहै ? उ०—हां मैं केवल पुड़ियोंको जानताथा। प्र०—इससेतुम्हारा क्यामतलबहै ? उ०—मुझेयह सन्देहथा कि जैसी पुड़िया मुझको और पेडरूको दीगईहै वैसीपुड़ियां औरोंकोभी दीगई होंगी। प्र०—इसलिये तुमने उनकोमाखूज किया ? उ०—हां। प्र०—जबतुम करनैलफियर साहबके रोबरूइजहार लियेजानेके पश्चात् छुटादियेगये तो तुमकहांरहे ? उ०—मैंघरमेंथा और मैंने साहबसे दरखास्त कीथी कि मुझकोपट्टा मिलजाय अर्थात्मैं फिर नौकर रक्खा जाऊं। प्र०—क्यातुम फिरनौकर रक्खेगये ? उ०—नहींसाहबने कहाथा कि साहबलोग तहकीकातके वास्ते आते हैं तहकी-

कात करनेके उपरान्त नैाकर रक्खेजाओगे। प्र०—भावपूना
करने तुम्हारे विषय में कहा था? उ०—मैं नहीं जानता
कि उसने कुछ कहा हो। प्र०—क्या तुमने उससेकहा था कि
वह तुम्हारे निसबत कुछकहे? उ०—मैंअपनेघरमें रहताथा
कहींबाहर नहीजाता था। प्र०—क्या तुम्हारी गरज यहहै
कि तुम अच्छीतरह जानते थे कि भावपूनाकर तुम्हारेमदद
कुछ नहीं कहा? उ०—नहीं प्र०—सावधान होजाओ क्या
तुम्हारा यहमतलबहै कि तुमनेभावपूनाकर से कुछबातें नहीं
कीं? उ०—नही। प्र०—क्यातुम यहकहतेहो कि तुमनेउसको
नहींदेखा? उ०—जबवह बंगलेपर आताथा मैंउसको देखता
था? प्र०—ज़हरदेने के पहिलेतुमने उसकोदेखा था? उ०
जब साहिब रवाना होनेवाले थे उस समय उसको मैंने
देखाथा। प्र०—यानिज़हर देनेके पीछे? उ०—हां। प्र०—
पसमैंखयाल करताहूं किउससे और तुमसे विषदेनेके विषयमें
कुछबातेंहुईं? उ०—नहीं २ कुछ बातेंनहींहुईं। प्र०—क्यातु-
म्हारायहमतलबहै कितुमसे और उससेकभी इसविषयमें बातें
नहींहुईं? उ०—मुझको स्मर्ण नहीं शायद्कभी कीहों। प्र०—मैं
तुमकोयाद दिलाताहूं तुमकोयाद होगा कि दरमियानतुम्हारे
और उसके महाराजा साहबके विषयमें बातेंहुईथी? उ०—
कभीनहीं हुईं। प्र०—क्यातुमने महाराजा साहबके मद्दे उस
से कुछबातेंकीं थी अर्थात्ज़हर देनेकेपश्चात्? उ०—नहीमैंने
कभीमहाराजा साहबकेविषय में कोई बातनहीं की। प्र०—
क्यातुमसे उसनेनहीं पूछाथा कि महाराजा साहब इसबात
को जानतेहैं यानहीं? उ०—उसनेमुझसे नहीपूछा। प्र०—
क्यातुम्हारी यहगर्ज़है कि तुमनेकभी उसकेरोबरू महाराजा
साहबका नामनहीं लिया? उ०—नहीलिया। प्र०—तुम्हारे
इज़हारके पहिले जोकरनैल फियरसाहबने लियेथे तुमनेभाव
पूनाकरको नहीदेखा? उ०—नहीं। प्र०—जब तुम्हारे इज़-
हार लियेगये तो भावपूनाकर मैाजूदथा? उ०—क्यामिस्टर

सूटरसाहबके सन्मुख। प्र०-हां? उ०-मैने उसको वहां नहीं देखा और वह वहां नथा। प्र०—उससमय तुमने भावपुनाकरको नहीं देखा? उ०—मैने उसको नहीं देखा। प्र०—पस मैं खयालकरता हूं कि एकलक्षरुपये के लोभसेतुमने अपनेस्वामी के मारडालने कावाइदाकिया? उ०—हांमैं गरीबआदमी था एकलाख रुपये के लोभमें आगया। प्र०—पस गरीबहोने और एक लाखरुपये के लोभसे तुमने मारडालना चाहाथा? उ०—हां मैं गरीब आदमी था लाखरुपये के लोभ से मैने ऐसाकरना चाहाथा। प्र०—मैंतुमसे फिर प्रश्नकरना चाहताहूं इसवास्ते कि तुमगरीब आदमी थे तुमने द्रव्य के लोभसे मारडालना चाहा जिन दिनोंमें कितुमछूटे हुयेथे महाराजा साहब के पासतुम किस वास्ते नगये? उ०—मैं डरता था इसलिये नहीं गयामुझको इस विषय में वार्त्ताकरने काभय था। प्र०—तुमने साहब की शर्बतमें शुक्रऔर शनिवर को विषनहीं डालाथा? उ०—नहीं मैनेसोमवारके दिन डालाथा उसीरोज उसकोखबर होगई। प्र०—तुमने केवल उसी दिनजहर डाला था? उ०—हां मैंने केवलउसी दिनविष डाला था। प्र०—शुक्र और शनिबार को जिस किसी ने साहब के गिलासमें विषडाला होतो तुमकोउस की खबर नहीं है? उ०—जमादारने शनिश्चरबार को मुझको विषकी पुड़िया दीथी और मुझको कुछ मालूम नहीं। प्र० जबसे किमिस्टर सूटरसाहबने तुम्हारे इजहारलिये तुमनेपुलिसकेआदमियोंको देखाहै? उ०—उससमयसे मैं पहिरेमेंहूं॥

ऐडवकेट जनरलने दुबारह प्रश्न किये॥

प्र०—जबतुम पहिलीबेर महाराजा साहब के निकट गये तो तुमसे महाराजा ने कुछ विषका जिक्र किया था? उ० नहींमुझसे कुछजिक्र नहीं किया। प्र०—उन्होंने तुमसे क्या कहाथा? उ०—उन्होने केवल इतना कहा कि बंगलेपर जो बातहो उसकीइत्तिला मुझकोकिया करो। प्र०—महाराजा साहबसे विषदेने का जिक्र पहिले कबआया था? उ०—नौ-

सारी से वापिस आनेसे पांच महीने के उपरान्त। प्र०—जिस सोमवारको तुमनेकरनैल फियरसाहब को विषदियाथा और उसजहरका दियाजाना मालूमहोगया और उसकेउपरान्त जोतुमकहतेहो किमैंअपने घरमेंरहा? उ०—हां जिसदिनसे किमुझपर विषदेनेका संदेह पायागया मैं अपनेघरमेंरहा? प्र०—यशवन्तराव या सालिम कभीतुम्हारे घर परआयेथे उ० नहीं। प्र०—तुम्हारीमुअत्तली केपीछेभी नहींआये? उ०—नहींमेरे घर कभी नहीं आये। प्र०—बग़ैर यशवन्तराव और सालिम के तुमकभी महाराजा साहब के पासगये थे? उ० नहीं। प्र०—अपनी मुअत्तली केबादतुम अपनेघर रहेक्या तुमको अपनेघरपर पहिरा रहिनेका सन्देह था यातुम यह खयाल करतेहो किऊंकास तुम्हारी काररवाई पर निगरानी करतेहैं उ०—मुझको स्मर्णनहीं मैंअपने घरसे कहीं बाहरनहीं निकला। प्र०—सरजन्ट वेलनटायन साहबने तुमसे उस निशानकी बावत दरयाफ्त कियाथाजो तुम्हारे पेटपरहै वह चिह्नअबभी है? उ०—हां है। प्र०—तुमने कभीयह निशानकिसी डाक्टरको दिखाया—सरजन्टवेलन टायनसाहबबोले कि निशानभी बहुत अच्छीजगहपरहै जहांपर कि शीशीके रखनेका हालयह शख़्स बयानकरताहै--ऐडवकेट जनरलने कहाकि ग्रेसाहबमेहरबानी करके आप उस चिह्नको देखें सो डाक्टर ग्रेसाहब गवाहको बाहरलेगये और चिह्नको देखाफिर ऐडवकेट जनरलनेडाक्टर ग्रेसाहबसे इज़हारलिये उननेपूछा कि आपनेइस गवाहको देखाउन्होंनेकहा कि हांदेखा एकइञ्चशा आधाइञ्चकेनाभि के निकट तीनचिह्नहैं अर्थात् जहां कि पाजामाबान्धा जाताहै वह निशान मिसलतेजाय और गरमलोहे या फोड़ेकेमानुस होतेहैं या जिसतरह फफोलेका चिह्न पड़जाताहै या किसी वस्तुका निशान जिससे शरीरका चर्मदग्ध होजाताहै फिरसरजन्टवेलन टायनसाहबने प्रश्नकिया कि आपसुनचुकेहैं कि इस गवाह ने क्या इज़हार दिये अर्थात् उसने वर्णन कियाहै कि

सूटरसाहबके सन्मुख। प्र०-हां? उ०-मैंने उसको वहांनहींदेखा औरवहवहांनथा। प्र०—उससमय तुमने भावपूनाकरको नहीं देखा? उ०—मैंने उसको नहींदेखा। प्र०—पस मैं ख़यालकरता हूंकि एकलाखरुपये के लोभसेतुमने अपने स्वामी के मारडालने कावाइदाकिया? उ०—हांमैं गरीबआदमी था एकलाख रुपये के लोभमें आगया। प्र०—पस गरीबहोने और एक लाखरुपये के लोभसे तुमने मारडालना चाहाथा? उ०—हां मैं गरीब आदमी था लाखरुपये के लोभ से मैंने ऐसाकरना चाहाथा। प्र०—मैंतुमसे फिर प्रश्नकरना चाहताहूं इसवास्ते कि तुमगरीब आदमी थे तुमने द्रव्य के लोभसे मारडालना चाहा जिन दिनोंमें कितुमछूटे हुयेथे महाराजा साहब के पासतुम किस वास्ते नगये? उ०—मैं डरता था इसलिये नहीं गयामुझको इस विषय में वार्त्ताकरने काभय था। प्र०—तुमने साहब की शर्बतमें शुक्रऔर शनिवर को विषनहीं डालाथा? उ०—नहीं मैंने सोमवारके दिन डालाथा उसीरोज उसकोखबर होगई। प्र०—तुमने केवल उसी दिनज़हर डाला था? उ०—हां मैंने केवलउसी दिनविष डाला था। प्र०—शुक्र और शनिबार को जिस किसी ने साहबके गिलासमें विषडाला होतो तुमकोउस की खबर नहीं है? उ०—जमादारने शनिश्चरबार को मुझको विषकी पुड़िया दीथी और मुझको कुछ मालुम नहीं। प्र० जबसे किमिस्टर सूटरसाहबने तुम्हारे इज़हारलिये तुमनेपुलिसकेआदमियोंको देखाहै? उ०—उससमयसे मैं पहिरेमेंहूं॥

ऐडवकेट जनरलने दुबारह प्रश्न किये॥

प्र०—जबतुम पहिलीबेर महाराजा साहब के निकट गये तो तुमसे महाराजा ने कुछ विषका ज़िक्र किया था? उ० नहींमुझसे कुछज़िक्र नही किया। प्र०—उन्होंने तुमसे क्या कहाथा? उ०—उन्होंने केवल इतना कहा कि बंगलेपर जो बातहो उसकीइत्तिला मुझकोकिया करो। प्र०—महाराजा साहबसे विषदेने का ज़िक्र पहिले कबआया था? उ०—नौ-

साय—तिसपीछे रावजी बुलागया—साहब प्रेजीडराटने उसे प्रश्न किया कि जबतुम सोमवारको संखियेका इस्तैमालकरचुके तो बोतलको क्या किया था ? उ०—मैंने उसबोतलको एकसंदूक के पीछेछिपादिया था। प्र०—किसजगह छिपाकर रक्खाथा ? उ०—जहांकि बागमदके खूबसूगाड़ियां आकर खड़ीहोती हैं। प्र०—क्या वहां पर शीशी तुमको नहीं मिली ? उ०—पुलिसके लोगों ने आकर ढूंढ़ा था परन्तु उनको शीशी नहीं मिली। प्र०—शीशीकितनी बड़ीथी ? उ०—इतनीबड़ी (गवाहने बताया कि उंगलीके बराबर थी) एडवकेटजनरलने कहाकि अबचार बचगये हैं किसी गवाह के शायद इजहार न लिये जावेंगे साहबप्रेजीडराटने कहाकि हां अवफजूल है—इसवास्तेकमी शन बरखास्त हुई॥

नवें दिनका इजलास॥

आज बरवक्त इजलासके सम्पूर्ण मेम्बरान् वर्त्तमान थे सर-ल्यूइसपीली साहब दो पहर तक रहे पर श्रीमान् महाराजा मल्हरराव दिनभर मौजूदरहे और श्रीयुत महाराजासेंधिया भी मध्यान्ह के उपरान्त देरतक कमीशन से गैरहाजिररहे इजलासके आरंभहोतेही साहबएडवकेटजनरलने प्रेजीडराट साहबसे पूछाकि माईलार्ड—सुनाहै कि शनिश्चरवार को कमी-शनका इजलास न होगा—क्यायहबात सत्यहै साहबप्रेजीडराट नेकहाकि मैंभी इसका तजकरह करनेको था शनिश्चरवारको हिन्दुओंकी तातीलहै इसलिये उसदिन इजलास न होगा।

साहबएडवकेटजनरलने कहाकिवजशनिवारको—साहब प्रेजीडराटने कहा—हां—तिसपीछे नरसुराजाना गवाहबुलाया गया॥

नरसुराजाना गवाह का इज़हार॥

इस मनुष्यने वर्णनकिया किमैं रजीडन्सी बड़ोदेके चपरा-सियों का जमादार हूं मुझको रजीडन्सी में नौकरीकरते हुए

शीशीके मुंहपर रुईलगीथी और रुईमेंसे वहवस्तु निकलकर उसके पेटसे लगगई—क्या आप खयाल करसक्ते हैं कि उसके वर्णनके अनुकूल ऐसे चिह्नपड़गयेहैं? उ०—हां सफेद संखियेसे ऐसे निशान पड़जातेहैं। प्र०—क्या आप खयाल करतेहैं कि बगैर रगड़ने संखियेके खालपर निशान पड़सक्ताहै? उ०—हां जोसंखिया खालसे लगजावे। प्र०—कितनीदेरमें वोनिशान मालूमहोगी? उ०—एक घण्टेमें। प्र०—ऐसा चिह्न एकघण्टेमें पड़जावेगा? उ०—हां। प्र०—क्यावास्तवमे ऐसाही विचारांश है कि यहचिह्न जोगवाहके शरीरपरहै वहइसी तरहसेहोगये हैं? उ०—हां मुझको यही निश्चयहै अर्थात् जोयह संखिया देहमें लगताते ऐसाचिह्न पड़जाता। प्र०—चूंकिआप डाक्टर हैं और डाक्टरहोने के कारणआप कमीशनमेंरहे और इसके इजहार आपनेसुने—सोडाक्टरी विद्याकेबलसे वर्णनकरसक्ते हैं कि इसमनुष्यकी देहपर इसीतरहसे जैसा कि वहकहताहै चिह्न पड़गयेहैं? उ०—हां। प्र०—मुझको विश्वासहै कि इस गवाहके इजहारोंपर भलेप्रकार ध्यानकरके आपऐसा बयान करतेहैं? उ०—हां। प्र०—यदिआप इसमनुष्यके इजहार न सुनते और आपको रायतलब होती तो आप क्या कहते? उ०—मैं कहता कि यह चिह्न तेजाब या गरम लोहेके हैं। प्र०—मैंइन मुआमिलोंको नहींजानता परन्तु क्याआप कह-सक्तेहैं कि ऐसेनिशान हिन्दुस्तानियों की देहपर बहुधाहोते है? उ०—हांमैंखयाल करसक्ताहूं—इसके उपरान्त ऐडवकेट जनरलने डाक्टरसाहब से प्रश्न किये॥

प्र०—क्या संखिया तेजाबकीखासियत रखताहै? उ०—हां। प्र०—मैं पछताहूं कि आपकी राय है किजो संखिया घोलकर बोतलमें डालीजाय और वह शरीर से लगेतो ऐसे चिह्नपड़ सक्ते है? उ०—हां पड़सक्ते है। प्र०—सररिचर्डमीड साहबने कहा जो तेजाब एक फोड़ेपर लगाया जायातो ऐसानिशान पड़सक्ता है? उ०—हांपड़सक्ताहै परन्तु फोड़ेकी हालतदेखो

राजीहुवा और बरखास्त कमीशनसे वेसमझीतरोज के पीछे महाराजासाहबके निकट मैंगया उसदिन रावजीऔर सालिम और एकमनुष्य जोरावजीके साथथा और मैं महाराजासाहबके पासगये प्रथमहम यशवन्तरावके घरपरआये वहांसे महाराजा साहबके महलको गये सररिचर्डमीड साहबने सुतरञ्जिनसे पूछाकि ये डब्बे क्याअर्थ हैं सुतरञ्जिनने कहाकि दरबार—सा हबकेलोगो कहतेहैं—गवाहने वर्णनकिया कि रावजी और एक औरमनुष्य मेरेसाथ गयेथे यशवन्तराव और एकदूसरा मनुष्य दूसरेमार्गसे गयेथे महलके पीछेजो एक बागहै उसमेंहोकर हमलोगमहलमें पहुंचे यहबाग नवीन तैय्यार हुवाहै मैं इस बागकानाम नहींजानता जब हममहलमें पहुंचे तो मैं सीढ़ीपर बैठगया—जब यशवन्तराव महाराजा साहबको अपने साथ ले-या उससमय सालिमने हमको ऊपर बुलाया जो मनुष्य रावजी केसाथ गयाथा वहनीचेखड़ारहा जबहम ऊपर गये तो महा-राजासाहबसे मुलाकात हुई—सलामकरके मैं जमीनपर बैठ गया यशवन्तराव और रावजी और महाराजासाहबसे कुछ

बत्तीस वा चौतीस वर्षहुये और सत्तह या अठारह वर्षसे मो-
हर्ट्लजमादारी परघा मेरामासिक १४) रु० थायही तनखाह
जमादार की है—दस रुपये मासिक रावजी हवालदार को
मिलतेथे मैंनगरमें रहताथा प्रतिदिन भोरको सातया आठ
बजे रेजीडन्सीमें अपने कामपर हाजिरहुवा करता संध्याको
सातबजे चलाजाया करता था रेजीडन्सी की कचहरी कभी
साढ़ेछःबजे बरखास्तहोजातीथी तो उससमय मैं घरकोचला
आता था—मुझेयह जमाना याद है जबकि बड़ौदेमें कमीशन
का इजलासहुवा था उससमय रावजीनेमुझसे बातेंकी थीं
और मुझसे कहाथा कि सालिम और यशवन्त कहते हैंकि
तुमकोमहाराजासाहबके निकटजानाचाहिये मैनेउत्तरदिया
किमेरेघरमें बीमारीहै मैं अभीनहींजासक्ता और सिवायइस-
केइनदिनों मुझको अपने कार्य्यसे छुट्टी नहीं है जब बड़ौदेसे
कमीशन बरखास्त हुई तो रावजीऔर सालिमने फिरमुझसे
वहांजानेका तज़करहकिया मैंसालिमको उससमयसे जानता
हूं जबकि वहरजीडन्सीमें आयाकरताथा—महाराजखण्डेराव
के कालके पीछे मैं यमुनाबाईकी सेवामें रहा उनकेपास से
रेजीडन्सीकोलौटआया—करनैलबारसाहबकेजमानेमेंसालिम
रेजीडन्सीको आयाकरताथा जबकि यमुनाबाई रजीडन्सी में
रहाकरतीथी उसजमानेमें उनकेपास मेरीतैनाती हुईथी मु
झको आज्ञाथी किजबतक वहयहांरहैंतुमभी उनकेपासरहो
अबवह पूनाकोगई उससमयभी दौमहीनेतकमैं उनकेपासरहा
उनदिनों करनैलबार साहब बड़ौदेके रजीडण्ट थे और जब
मिस्टरटक्कर साहबआये उन्होंनेभी मुझेयमुनाबाईके पासरक्खा
यशवन्तराव जासूसने दोतीनबेर मुझसेकहा कितुम महारा-
जासाहबसे मुलाक़ात करो सालिम और रावजीने भीकहा
थाकि सोम और हहस्पतिवार को जबकि महाराजा साहब
रजीडन्सीको आयेथेतो सालिम और रावजीमुझसे सदायही
कहाकरतेथेअन्तको मैंमहाराजासाहबकी मुलाक़ातके वास्ते

अर्थात् मैंने और सालिम और रावजीने यह रुपया लिया और कुछ जुम्मा पंखेवालेको भी दिया रावजी हरमनुष्य का नाम जोरजीडन्सोमें आया करते थे लिखकर महाराना साहबके भेजनेको मुझे दियाकरता मैं यशवन्तरावके मकानपर जाकर सालिमको देदेता इसीभांति बीसया पच्चीस परचे महाराना साहबको गये-सोम और वृहस्पतिवारको यह परचेनहीं भेजे जाते थे क्योंकि दोनों दिनोंमें महाराना साहब स्वतः आया करतेथे इसरुपयेके मिलनेके एक महीने या सवा महीनेपीछे फिरहम महारानासाहब के पास सलाम करने के वास्ते गये उसरोज महारानासाहबसे मुलाकात एकछोटे कमरेमें हुई जहांकि बड़े २ शीशेरक्खे हुयेथे वहांकुछ पीतलके बत्तीदान और एक घण्टाभी रक्खा हुवाथा सालिम और यशवन्तराव महारानासाहबके पासथे महारानासाहबने सालिम से कुछ वार्त्ता करके हमलोगोंसे कहाकि साहब मुझसे अतिअप्रसन्न रहतेहैं इसकाकुछ उपायकरना चाहिये महाराना साहबने कहाकि मैं कोई वस्तुदूंगा ऐसाकोई यत्नकरनाकि वहउनके कण्ठ और उदरतक पहुंचजाय मैंने उत्तरदियाकि खानेपीने में तो कुछमेरा इखतियार नहीहै नवह मेरेसम्मुख भोजन करतेहैं रावजी ने कहाकि चकोतरेका शर्बततो पीतेहैं उस में डालदो महारानासाहबने कहा यदितुमऐसा कामकरोगे तो तुम को धनवान बनादूंगा—नौकरी की तुमको आवश्य कतानरहेगी यहवार्त्ता दसपन्द्रहमिनट तकरही मुझको सम्पू ना स्मर्ण नहीं परन्तु इतना कह सक्ता हूंकि अन्तिम विषे उद्योगसे तीनचार महीने पहिले की यहबात है इसवार्त्ता उपरान्त सालिमने मुझकोएकपुड़ियादी वहपुड़िया अनुमान एक उंगली के थी वह पुड़िया अहमदाबाद के कागज की बनी हुईथी जब मैं रेजीडन्सी को लौट आया तो मैंने वह पुड़िया रावजी को दे दी उसके चौथे पांचवें दिन सालिम और यशवन्तराव को बंगले पर देखा मुझसे सालिमने पू

था ९ तारीख नवम्बरको मुझको भलीभांति स्मर्णहै उसीदिन
वक्तसवेरे हवाखोरीको गयाथा पूर्वजो जब रेजीडन्सी को
लौटा तो सालिमसवार और यशवन्तराव और माधोराव
हालीकोदेखा यहतीनों मनुष्य बरामदेमें खड़ेथे मेर मतलब
यहहै कि जहां आवागमनका द्वारहै मुझको स्मर्णहै कि फैज
सालिमसे वार्त्ता करताथा जब९बजे वस्त्रपहिनकर मैं निकला
तो मैनेसुना कि करनैलफियर साहबकी शर्वतमेंकुछ डाल
दियागया जब महाराजा साहब चलेगये उससमय करनैल
फियरसाहबनेमुझसे यहबातकहीथी इसकेउपरान्त मैने तह
कीकातके करनेमें करनैलफियर साहबको सहायतादी जिस
समयरावजी का पट्टालियागया मैं मौजूदथा जबपट्टा मांगा
तो उसनेआपही उतारकर एकखूंटीपर करनैल फियरसाह
के निजकी कचहरीमें लटकादिया अमीनाआया कि जिसके
इजहार कमीशनमें होचुकेहैं मेरीमेस को आयाहै वह मेरे
पासव्यतीत एप्रिल वालईसे नौकरहै दोएक मरतबा आया
गैरहाजिरी हुईथी मुझेस्मर्ण नहीं कि वहकिस२दिनगैरहा
हाजिर हुई सरजन्टवेलनटायनसाहब ने कहाकि चूंकिवह
बहुधा गैरहाजिररही इससेमालूम होताहै कि वह अधिक
गैरहाजिररही गवाहनेफिर कहा कि मुझकोस्मर्णहै कि जब
अब्दुल्ला का पुत्रमरगया था तोवह गैरहाजिरहोगई थी और
करनैलफियर साहब के विपदिये जानेसे कईदिन पहिलेभी
वह गैरहाजिररही थी मुझकोस्मर्णहै कि १६दिसम्बरको म
सुटरसाहब यायाके कमरेमें गयेथे मैंभी उनकेसाथ गयाथा
मैं जानता हूं कि शायद गजानन्द शास्त्री और खानबहादुर

और नव्वाब साहबका कारकुन बात्तोंकरतेहैंमैं गायकवारके मन्दिरमें नजरबागहोकर जायाकरताथा। प्र०—क्या इसमार्ग से निकलेलोग जायाकरते थे ? उ०—बालाखानेपर यहकचहरीहै। प्र०—मेरे प्रश्नका उत्तरदो ? उ०—हां सबलोग इस मार्गसे जाते थे ॥

मिस्टर ब्रेन्सनसाहब के प्रश्न ॥

प्र०—उसकचहरी का हालवर्णन करो ? उ०—इसमहल के नीचे जोकोठड़ियांहैं उनमें मालरहताहै और उसकेऊपर दूसरी मंजिलपर जजसाहब की कचहरी है। प्र०—क्या तुम हिरासतमें हो ? उ०—हां। प्र०—इसी अपराधपर कि तुमने महाराजासाहब की चिट्ठीको पढ़ा ?उ०—हां। प्र०—१३—१४ जनवरीसे हिरासतमें हो ? उ०—मुझेस्मर्ण नहीं फिर कहा कि पौषसुदीषष्ठीसे हिरासतमें हूं ॥

ऐडवकेटजनरलने इसगवाहके दुबारह इज़हार लिये ॥

प्र०—दूसरी मंजिलसे जो ऊपरकामकानहै उनमें कुछभी मालरहता है ? उ०—नहीं वह खालीरहता है। प्र०—उस महलमें तीसरीमंजिलभी है ? उ०—हांतीन याचार मंजिल हैं। प्र०—तुम जानतेहो कितीसरी मंजिलपर किस तरफ से जातेहैं ? उ०—एकछोटे कमरेमेंहोकर उसकीसीढ़ी है। प्र० उसमें चौथादरजाभी है ? उ०—हांहोगा मैंने नहींदेखा। प्र० इस चौथेदरजेपर कोईजीनाहै उ०—कोई सीढ़ीनहीं हैलोग उसपरआयाजायाकरतेहैं। प्र०—उनदरजों परकभी तुमगये हो ? उ०—हां। प्र०—तुमकहतेहो किमैं अब हिरासतमेंहूं तुम किसस्थान पर रहाकरते थे ? उ०—जोगली छापे दरवाजे के निकट है मैं सेनापति की कचहरी में पौषसुदी षष्ठी से हिरासतमेंहूं। प्र०—किसकी हिरासतमें हो ? उ०—उनसिपाहियों की हिरासतमेंहूंजो कचहरीमें नियतहैं। प्र०—गायकवार के पुलिस के सिपाही ? उ०—हां ॥

हैं कि कुछ खबरें लाया करताथा और साहब रेजीडण्ट को महाराज गायकवारकी काररवाइयोंसे सूचित किया करता था ? उ०—मैं जानता हूं कि बहुतसी बातोंकी इत्तिलादिया करता था। प्र०—कोई और मनुष्यभी इत्तिला दिया करता था ? उ०—हां और लोग भी इत्तिला दिया करते थे। प्र० क्या भावपूनाकर ने भी कभी कोई खबरदी थी ? उ०—नहीं प्र०—रेसीडेन्सीमें संखिया वा कोई तांबेका विषरहता था ? उ०—मैंने कभीनहीं देखा। प्र०—आपने कभी किसीकामके वास्तेसंखिया नहींमंगाया ? उ०—कभीनहीं। प्र०—आपकी आज्ञासे कभीसंखिया नहींआई ? उ०—कभी नहीं आई ? प्र०—क्या इस हमलेके पीछेभी नहींआई ? उ०—नहींआई।

ऐडवकेट जनरल के प्रश्न ॥

प्र०—आप कहतेहैं कि भावपूनाकर कलक्टर सूरत का नौकर था क्यावह जुल्फिकार अलीअससर्यके इलाके काजो बड़ौदेमें है इन्तिजाम करताथा ? उ०—हां। प्र०—आपनेसर जन्टवेलन टायनसाहबसे कहा कि संखिया आपकी आज्ञासे कभीनहीं आई ? उ०—कभी नहीं। प्र०—९ नवम्बर वा उसके उपरान्त कभीनहीं आई ? उ०—नहीआई ऐडवकेट जनरलने कहाकि और गवाहोंकी शहादत बहुत तूलसे है औरचारदक गयेहैं अबबरखास्त होना चाहिये सोकमीशन बरखास्त हुई।

ग्यरहवें दिनका इजलास ॥

आजकेदिन ११बजेपर कमीशनका इजलास शुरूहुआ मिस्टर मेल्वर और सरल्यूइस पीली साहब और श्रीमान् महाराजा मल्हरराव मौजूदथेपरन्तु मध्याह्नकेउपरान्त श्रीयुतमल्हरराव और श्रीमहाराजा सेंधिया और सरल्यूइसपीलीचलेगयेइस मकानमें आजके दिनबड़ीभीड़थी सैंकड़ों मनुष्यदामोदर पंतके इजहार सुननेके लिये आयेथे जो तमाशाई उसअदालत में आनेके योग्यनथे वहमैदानमें खड़ेरहे जिससमय दामोदरपंत बलायागया तोवह निहायतबेकदरीतौरसे कमीशनमें हाजिर

पहिला और खान बहादुर दूसरा भी सूटरसाहब के साथ थे जिस समय उसने सूटरसाहब से कुछ कहाथा मैं वहां वर्त्तमानथा उस समय वह ज़ियादह बीमार मालूम होती थी प्र०—अनवरारटो साहब ने कहा आपको खबर है कि उसने क्या कहाथा सरजन्टबेलनटायनसाहब ने कहा किमैं इन्कार करताहूं ऐसेसवाल करने का-ऐडवकेट जनरलने कहाआया के इनहारोंमें प्रश्नहुयेथे जोअबभी प्रश्न कियेजांय तोउनकी सिदाक़त होजाय सरजन्टबेलन टायनसाहबने कहा।कि मुझे वही सवालात मंजूर है॥

साहब प्रेज़ीडेण्टने कहा कोई और गवाह उनबातों की तसदीक़ केवास्ते आसक्ता है फिर सरजन्टबेलन टायनसाहबने अपना उज्र वापिस लिया। प्र०—लिस्टर अनवरारटो साहबने कहाकि आयाने सूटरसाहबसे क्या कहाथा ? उ० उसने कहाथा किमैं कईबेर श्रीमहाराना साहब के मन्दिर में गई और मैने रुपया भी पाया उसने कुछ और भी बयान किया था परन्तु मुझे खबर नहीं १६—दिसम्बरको बड़ादेसे मैं रवाना हुआ॥

सरजन्ट बेलनटायन साहब के प्रश्न॥

प्र०—भाव पूनाकर को आपभले प्रकारजानते हैं ? उ० हां खूबजानताहूं। प्र०—वहकबहुधा रेजीडन्सीमें आयाकरता था ? उ०—सदाआया करता था। प्र०—किस तरहका वह साहबरेज़ीडण्टका नौकरथा ? उ०—कोर्ट आफवार्डससे उस का तअल्लुक़ था-और लिस्टरहोप साहब सूरतके कलक्टरनेउसको रेजीडन्सीमें भेजाथा। प्र०—आप मेरा प्रश्ननहीं समझे मैं पूछताहूं किवह रेज़ीडन्सीमें नौकरथा ? उ०—वह रेज़ीडन्सीमें नौकर था किन्तु सूरत के कलक्टर साहब का नौकर था। प्र०—उसको कोई खास ख़िदमत साहब रेज़ीडण्टने सु पुर्द नहीं की थी ? उ०—नही। प्र०—उसको कुछ रेज़ीडन्सीसे मासिक मिलताथा ? उ०—नहीं। प्र०—आप जानते

कामर्में किया करताथा इस कचहरीमें २५-मुहर्रमके आधी-
नये-साधोराव रामकृष्णासरदफ़्तरथा-एक मनुष्य जिसकानाम
नानाजीवनितलहै जवाहिरखानेकाहाकिमथा और एक औरमनुष्य
जिसका नामबलवन्तरावजोहै खजानचीथा-आबाजीरामचन्द्र
मेरासरिश्तेदारथा मैंप्रात:कालके सातबजे महलमेंजाताथा
औररात्रिके दसबजेतकवहां रहताथा परन्तु तीसरेपहिर भो-
जनकेनिमित्तअपनेघरमें आयाकरताथा मैं महाराजा गायक-
वारकेमन्दिरकेसम्पूर्णकमरोंको जानताहूं गायकवार महलके
चौथेदरजेपररहाकरतेथे जिस मनुष्यकोकोईखास कामहोता
थावहपीछेकेरास्तेसेआताथा और दरबारकेसबलोग फाटकसे
आयाकरतेथे परन्तुबहुतसे मनुष्यजोजिनकी कचहरीमेंमहा-
राजा साहबकेनिकटआतेतो वहपीछेके जीनेसेआयाकरतेथे
सरजन्टपेलन टायनसाहबने कहा कि मैंगवाहका बयानकुछ
भी नहीं सुनता विश्वासहैकि महाराजासाहबभीन सुनतेहोंगे
गवाहसे कहा जायकि जोरसेबयान करे आज्ञाहुई कि गवाह
जोरसे वर्णनकरे गवाहने बयानकियाकि लोगगद्दीके कमरेको
जायाकरते हैंउनका आवागमन सगमनास दरवाजे सेथा।
एक और दरवाजा नजरबागकी ओरसेथा वह खासदर-
वाजा मशहूरहै मैंयशवन्तरावको जानताहूं वहजासूसके तौर
परमहाराजा साहबकेपास थे।

हुआसज्ज मखमल की सिरवाई पहिने हुयेथा इस मनुष्य का अति स्थूलशरीर है और अयोग्य मालूम होताहै उसके मुखका नकशा मोटा और चेचकरू है और उसकीखाल गज के चर्म के सदृश खुरदरीहै और गवाहोंसे उसकीआदत और प्रकारकी मालूम होती है॥

जोगवाही रावजीनेदी वह अति चातुरता के साथदीनरसूने कांप२ कर गवाहीदी और अपने अपराध को छुपाना चाहा परन्तु दामोदरपंथ बड़ा दुष्ट और डरपोक है जिससमय उसने गवाहीदेनी आरम्भकी तो धीरे२ नेत्रोंकोनीचे कियेहुये उत्तर देताथा मालूमहोता था कि वह अपने मनमें अति लज्जितहै परन्तुसरजन्ट वेलन टायन साहबने उससेकहा कि बड़े शब्द से वर्णनकरो जिस्से कि श्रीमान् महाराजा साहबभी तुम्हारे इजहार सुनें और शिर उठाकर महाराजा साहबसे चार आंखेंकरो और इजहार दोयहसुनकर उसने शिरउठाया और उच्चशब्द सेबोलने लगासर ल्यूइसपीली साहब(रेजीडराट) नेजो कहा थाकि दामोदरपंथके इजहार सुननेकेयोग्यहैं और कारआमदहैं वास्तवमें उन्होंनेसत्य कहाथा ऐडवकेट जनरलने उसके इजहारलिये और नीचे लिखेके अनुकूल उसनेइजहारदिया॥

दामोदरपंथ के इजहार।

मेरानाम दामोदरचिम्बकवा दामोदर पंथहै सरजन्टवेलन टायनसाहबने सुतरज्जिमसेकहाकि गवाहसेकहोकि बड़ेजोर सेबोले कि श्रीमहाराजा मल्हरराव भीसुनें गवाहने वर्णन कियाकि मैंब्राह्मणहूं और श्रीयुत महाराजा गायकवाड़ का प्राईवेट सीक्रेटरीथा मुझेइस अधिकारपर तीनवासाढ़ेतीन वर्ष बीते होंगे सम्पूर्ण सिपाहियों और कसवियों आदि की तनखाह बांटनेका काम मेरे सुपुर्दथा चिड़िया खानेके नौकरोंकी तनखाहभीमैं बांटाकरताथा महाराजा गायकवाड़ कीआज्ञाके अनुकूल यहसब रुपयाबांटा जाताथा मैंलड़ोपोल केदरवाजे पररहा करताथा और जिनकी कचहरी अपने म-

वह घोड़ोंकी खारिशकी औषधी बनायेगा सोमैने वहपुड़िया सालिमका देदी ॥

तिसपीछे श्रीमहाराजा साहबने मुझसे फिरकहाकि एक तोला हीरा मंगवाओ शायद यहसंखिया मंगानेसे आठदस दिनपीछे मुझसेकहाथा तथाच मैने नानावतिल से हीरेमंगवाकर महाराजासाहब को आज्ञासे यशवन्तराव को देदिये आठदसदिन पीछे मुझने महारासाहबने कहाकि यहशीशी हकीमके पाससेआईहै यहसालिमको देदेना यहशीशी राचिकेसमय महाराजासाहबने गजाबाकेहाथ मेरेपासभेजीपूछोतो गजाबानानाकंवलकरका नौकरहै नानाकंवलकर महाराजासाहबके सालेहैं वहशीशी जोराचिके समयआईथी मालूमनहीं उसमेंक्या था मिस्टरमैलवल साहबने मुतरज्जिमसे पूछाकि इथनोदे के क्याअर्थ है मुतरज्जिमने उत्तरदिया किइस शब्दकेअर्थ वजीरकेहैं मिस्टर मैलवलसाहबने कहाकि गवाह ने कहाथा कि नानाकंवलकर महाराजासाहबके सालेहैं और मैारूमी वजीरभीहैं मुतरज्जिमने कहा हां। तिसपीछे गवाह ने वर्णनकिया किउंगलीके बराबरशीशी थी मैनेयहदवा दूसरी शीशोमें करदी जिसमेंपहिले गुलाबजल इतरथा गवाहने शीशी को दो पुड़ियाके बराबर निशानकिया गजाबाने एकशीशी से दूसरीमेंदवा को कियाथा यह छोटोशीशी जिसमेंदवाथी मैने अपने पासरखली दूसरे दिन महाराजा साहबकी आज्ञाकेअनुकूलशीशी सालिमको देदीवहदिन दसहरेके थे थोड़े दिनों के पीछेमहाराजा साहबने मुझसेकहाकि एकतोलाहीरा और दोतोलेसंखियामंगाओ सोनूरुद्दीन बौहरेसे संखियालेनेकेलिये मैं आपही उसके मकानमें गया और संखियालेकर सालिम कोदेदी और एकतोले हीरेमें तीनमाशे पिसाहुआ हीराथा और नौमाशेहीरे के टुकड़े थे मैनेपुड़िया खोलकर नहींदेखी यह बातमानजी के कहनेसे मालूमहुई थीमहाराजा साहबने मुझसे कहा कि हीरे की पुड़िया यशवन्तराव को देदो और

महकमेको लिखा—उस समय एकचिट्ठी गवाहको दिखाईगई उसनेकहा कि वहचिट्ठी यहीहै और उसपर मेरेही दस्तखत हैं ऐडवकेट जनरलने वहचिट्ठी पढ़वाई उसमेंयहलिखाथा॥

श्रीमहाराजकी फौज़दारी के सम्पूर्ण अफसरों के नाम पर।

रामरावके उपरान्त मालूमहो। कि घोड़ेकी खारिशके लिये दो तोले संखिये की आवश्यकता है इजाजत दो कि संखिया मंगाई जाय॥

(द०)दामोदरत्रिम्बक खासगीवाला लिखाहुआ
भाद्रपद नवमी सम्वत् १९३१
4 अक्टूबर सन् १८७४ ई० के अनुकूल

गवाहने वर्णनकिया कि हांयहवोतारीखहैजबचिट्ठी लिखीगई और कहाकि फौजदारीसे संखिया नहींआई तो मैंने नरोत्तमपुरहसे संखियामंगाई परन्तुमंगानेके प्रथम महाराजासाहब और मुझसेकुछ बातेंहुईथी मैंनेकहाथाकि हरसुजनी वद्याकहताहै कि महाराजासाहबसे कुछबातें करके संखिया दूंगा हरसुजनी वद्याफौजदारथा यहसुनकर महाराजासाहबने कहाकि जयकरसे मंगालो मैंनेकहा जोआप जयकरसे संखियामंगावेंगे तोइजाजतीपरवानाभेजाजावेगा महाराजा साहबनेकहाकोशिशकरके कहींसेसंखियामंगाओ और कहा कि नूरुद्दीन बौहरे सेमंगवाओ(नूरुद्दीन महाराजा साहबके सिलेखानेमेंपहिलेनौकरथा) साहब प्रेजीडएटनेकहा सिलाखानेकेक्याअर्थहैंक्यादवाईख।नेकोकहतेहैं मुतरज्जिमने कहाहां॥

गवाहने वर्णनकिया कि अबदवाईखाना सिलहखानेमेंहै यहसिलहखाना उसकमरेके निकटहै जहांश्रीमहाराजसोया करतेहैं थोड़ेदिनोंके पीछे श्रीमहाराजा साहबने कहा कि एकतोला हीरामंगवाओ जबमैंने नूरुद्दीनबौहरेको संखिया के वास्तेलिखा तो वहएकपुड़ियामें संखियालाया मैंनेउसपुड़ियाको नहीखोला और महाराजासाहबसे पूछा इसकोक्या कियाजाय महाराजासाहबने कहाकि वहसालिमको देदोकि

मकानके निकटपहुंची महाराजा साहबने मुझको वहांउतार दियाउसदिन महाराजासाहबसे और कुछबातोंका होनाइस विषयमेंयादनहीं सोमवारको ११-बजे भोजनकरके महाराजा साहबके महलको मैंगया वहांजाकरदेखाकि महाराजासाहब लक्ष्मीबाईके पलंगपर बैठे हैं और नानासाहबखानवलकरसे विषकी बातेंकररहे हैं परन्तु मैंने यहनहीं सुनाकि वह क्या बातेंथी क्योंकि मैं पांचछः कदमकी दूरीपरथा और नमैं उसवार्त्तामें संयुक्तहुआ-इसकेउपरान्त महाराजासाहब और नाना और मैं गाड़ीमें सवार होकर घुड़दौड़को गये मार्गमें महाराजा साहब और नानाखांवलकरने मुझसे कहाकि इसबातकी खूब खबर रखना और जोखबरें मालूम हुआ करें उनकी मुझको इत्तिला दिया करना मैंने अपने घरमें जाकर कई मनुष्योंसे विषके दियेजानेका हालपूछा जोकुछ मैंने सुनायाकि दूसरे दिनभोरको महाराजासाहबको उसकी इत्तिलादी मैंने महाराजासाहब से कहाकि रावजी का पतानहीं है शायदकहीं भागगया महाराजा साहबने कहाकि यद्यपि रावजी बड़ाबुद्धिमान और चतुर है परन्तु झूठाभीहै उससमयमुझने और कुछनहींकहा बुधवारको मैंने सालिम और यशवन्तरावको महाराजासाहब के पास महलमेंदेखा महाराजा साहब ने मुझसेकहा कि विषकेदेनेका हालदरयाफ्तकरके मुझसेकहनाओ उसदिन मुझसे और महाराजासाहबने विषकेविषयमें

महाराजा साहबने कहा था कि इन हीरोंको खामी अकलकोटके ताजकेवास्ते आवश्यकताहै साहब मेर्जाडेरटने पूछा कि खामीके क्या अर्थ हैं मुतरज्जिमने कहा कि खामी पहिलेदरजे के पुजारीको कहते हैं गवाहने कहाकि वहपुड़िया यशवन्तरावको मैनेदेदी मैने यशवन्तरावसे पूछा कि इनहीरोंका क्या होगा यशवन्तरावने उत्तरदिया कि कारनैल फियरसाहबको विषमें मिलाकर दियाजावेगा मैने इतनाही कहाथा कि यह बातबहुत बुरीहै और मैने कुछनहीं कहा मैने२९ अक्तूबरको सुना था कि विषदिये जानेका उपाय किया गया जबसे कि यशवन्तरावको हीरेदिये उसकेआठ दसदिनके उपरान्त मैने सोमवार को यह खबर सुनीथी मैं महाराजा साहबके साथ आठबजे रेजीडेंसीको गयापरन्तु मार्गमें शिवाकी धर्म्मशाला पर उतरपड़ा और महाराजा साहबके लौटनेतक वहां ठहरारहा जबमहाराजा साहबरेजीडेंसी से पलटआये तो मुझको अपनी गाड़ी में बैठालिया और मुझको मेरे मकान पर उतार दिया मार्गमें श्रीमहाराजा साहबने मुझसे कहा कि रेजीडन्सी में एक शोर मचरहाहै मैने पूछा किसकारण वह शोरहै महाराजा साहबने कहा किनरसू प्रतिदिन मेरे निकट आताथा परन्तुआजनहीं आया रावजीने जल्दी करके डाल दिया मैनेपूछा क्या डालदिया था महाराजा साहबने कहा किनरसूडेवढ़ी पर बैठा रहा करता था जब कोई आता था तो वह शीशी बनादिया करताथा आजनरसूनथा इसीसे आज रेजीडन्सीमें शोर मचरहा है महाराजा साहबने मुझसे यह भीकहा कि सालिम रावजीके मकानको दौड़ागया हैताकि वह पुड़ियोंकोलावे और जहां एकबुढ़ियारोटी पकारही है उसमें डालदे॥

महाराजासाहबने यहभी कहाकि मालूमनहींकि सालिम ने रावजीसे पुड़ियोंको लेकर फेंकदियाहै या नहीं–और बड़ी खराबीकी बातहुईहै देखाचाहिये क्या होताहै जबगाड़ी मेरे

सालिम और यशवन्तराव रज़ीडन्सीको गये और फिर लौट आये उसी दिन सरल्यूइस पीलीसाहब रेज़ीडण्ट की आज्ञा पहुंची कि सालिम और यशवन्तराव को भेजदो—रज़ीडन्सी के जानेके पहिले उनको मैंने देखाथा वह ऊपर कोठ्ठतपर नानाकांवलकर के पासथे जब नानाकांवलकर मुझको मिलेतो मुझसे कहा॥

मिस्टरब्रैन्सनसाहबने कहा हमनहीं पूछतेकि उन्होंनेतुम से क्या कहा॥

ऐडवकेट जनरल ने कहा कोई मनुष्य और भी उस समय मौजूद था? उ०—सिवाय नानाकांवलकरके और कोई मनुष्य नथा॥

गवाहफिरवर्णनकरनेलगाकिजबसालिम और यशवन्तराव रज़ीडन्सीको चलेगये तो संध्याको महाराजासाहबसे फिरमेरी भेंट हुई महाराजासाहबनेकहाकि मैंनेदोनों मनुष्योंको समझा दियाहैकि तुमकिसीबातकाइकरार नकरना सिवाय इसबात के और जो कुछ महाराजासाहबने कहा मुझको स्मर्ण नहीं जिसदिन महाराजा साहब पकड़ेगये उसीदिन मैंभी संध्याके समय पकड़ागया ९ बजे एक पहिरा आया महलके कमरेबंद कर दियेगये और प्रतिस्थानपर पहिरा खड़ाहोगया जैकसन साहब और गजानन्दवतिलने मुझसेकहा कितुम अपनेदफ़्तर मेंचलो कितुम्हारे सन्मुख प्रत्येक वस्तु बन्द करके मोहरलगा दीजावे जिससमय प्रत्येकवस्तु पर मोहर लगाई गईमैंभीमौ जूदथा इसकेउपरान्त मैं अपने घर चला आया परन्तु पीछेसे फिरमैं बुलायागया और सेनापतीकी कचहरीमें मुझको क़ैद कियामैं दोदिनतक हवालातमें रहावहां केवलचौकीदारोंका पहिरा था सिपाही न थे वहां से फौजदारके सिपाही मुझको रेज़ीडन्सी में लाये और गोरोंके पहिरे में १६ दिनतक बन्दि में रहा फिरपुलिसकेसुपुर्द कियागया जबतक मैंने किसीबात काकबूल नहीं किया मुझपर गोरोंकापहिरा रहाजब मैंनेइक-

केवल नौसरीमें मेरी और उसकी भेंट हुई थी जब खिस्टर सूटर साहब बड़ौदेसे आये थे तो सम्पूर्ण नगरमें उनके आनेकी खबर प्रसिद्ध होगई थी उनके आनेके पीछे मुझने और महाराजा साहबसे विष दियेजानेकी कुछ वार्त्ता हुई थी—पहिले रावजी पकड़ा गया परन्तु फिर छोड़ा गया इसको सुनकर महाराजा साहबने मुझसे कहा था कि जो शख्स बानी खुब नीया वह छूट गया अब कुछ भय नहीं है परन्तु मुझको स्मर्ण नहीं है कि यह बातें मुझसे और महाराजा साहबसे किस दिन हुई थीं इतना याद है कि सूटर साहबके आनेके उपरान्त वार्त्ता हुई थी जब रावजी दूसरी बिर पकड़ागया तबभी मुझको खबर हुई थी और मैंने यहभी सुना था कि उसने इकबाल किया सो महाराजा साहबको मैंने खबर पहुंचाई महाराजा साहबने उसके उत्तरमें कहा कि मैंनेभी ऐसा ही सुना है अब रावजीने इकबाल किया तो उसको उसको बरीय्यतका सार्टीफिकट दिया गया मुझसे और महाराजा साहबसे इस विषयमें वार्त्ता हुई थी महाराजा साहबने मुझसे कहा था अगर वहां कोई तहकीकात हो तो कदाचित् किसी बातको कबूल नकरना मुझको और कुछ महाराजा साहबकी वार्त्ता स्मर्ण नहीं है मुझको सालिम और यशवन्तराव के पकड़ेजानेकी तारीख स्मर्ण है १५ मार्गशीर्ष थी लुतरजिसने कहा कि यह तारीख २३ दिसम्बरके अनुकूल है रावजी और सालिमके पकड़े जानेके उपरान्त साहब रजीडण्टने महाराजा साहबको लिखा था कि उनको हमारे पास भेजदो जबयह लेखमैं महाराजा साहबके निकट लेगया तो महाराजा साहबने कहा कि हमने सालिम और यशवन्तराव कोभी भेज दियाहै महाराजासाहब ने उससमय मुझसे नहीं कहा कि उन दोनों को किस वास्ते भेजदिया है परन्तु इसके उपरान्त मुझसे कहा कि मैंने दोनों को समझा बुझाकर भेजा है कि कदाचित् किसीबातका इकबाल न करना इसवार्त्ताके विशेष और कुछ महाराजासाहब ने मुझसे नहीं कहा—उससमय

भी दिखाया सिवा इसके उससमय मुझसे कुछनहीं कहा जब मैं नौसारी गयाथा मैंने रावजीको देखाथा रावजी महाराजा साहबके गुसलखाने के पासबैठा था सिवाय रावजीके सालिम और महाराजा साहबभी बैठेथे रात्रि के दस बजे होंगे और महाराजा साहबके बुलाने के अनुसार मैं गयाथा जबमैं महाराजा साहबके पास पहुंचातो महाराजा साहबने मुझकोएक कागज़ देकर कहा कि इसको पढ़ोसो मैंने उसे पढ़ा तो वह अर्जी स्वर्गवास यमुनाबाई खाण्डेरावजी कीस्त्रीकी ओरसे श्रीमान् गवर्न्नर जनरलके नाम थी उससमय महाराजा साहबने कहा कि इसअर्जी की नक़ल लिखलो जबमैंने नकल लिखली तोवह अर्जी रावजीको फेरदी मैं सब काग़जों को महाराजा साहबके रूबरू पढ़कर सुनाया करता थामैं दक्षिणी भाषा जानता हूं बहुधा हिसाब छोटे २ परचों पर रहा करते थे कोई किताब न थी और जिस मनुष्य को महाराजा साहब रुपया दिलाते थे मैं याद बना कर महाराजा साहबके दस्तखत कर लिया करताथा बहुधा श्री महाराजा साहब मुझको जुबानी आज्ञादिया करतेथे॥

एककाग़ज़ जबगवाहको दिखायागया तो उसनेकहा कि मेरेहाथका लिखाहुआ है उसमेंयह लिखाथा॥

श्री लक्ष्मी इत्यादि।

हिसाबतीसरे साहग्वाल अर्थात् महीना मार्गशीर्ष सम्वत् १९३० ई० (२४ नवम्बर सन् १८७४ ई० के अनुकूल)॥

याददाश्त॥

बाल किया तो पुलिसके सुपुर्द किया गया पहिलीबेर रेजीडन्सी के बागके नीचेमें बुलाया गया वहां दोनों खान और बलवन्त राव सीक्रेटरी वर्त्तमानथे यह बलवन्तराव कारकुनथा जोअहमदाबादसे बुलायागया था एकमनुष्य भावपूनाकर औरएक सिपाही पुलिसका वहांमौजूद था जबमैं वहां पहुंचातो खान बहादुरने कहा। कि मैंनेतुमको इसलिये बुलायाहै किमैं तुम्हारे संदूकके काग़ज देखाचाहताहूं उससंदूकमें महाराजासाहब के निजके काग़ज थे उसपर मेरे साम्हने मोहर लगाई गईथी उसपरबड़ी २ मोहरेंथीं और सबमुसल्लमथीं मैंनेपुलिससे कुछ नहींकहा परन्तु पुलिसके लोगोंने मुझसे कहाथा कि अगरतुम इकबाल करोगे तुम्हारेलिये अति उत्तमहोगा वहलोग आधे घंटेतक सन्दूकके काग़ज देखतेरहे उसके उपरान्त मैं गोरोंके पहिरेमें सुपुर्द कियागया बलवन्तराव और भावपूनाकर और दोनों खानबहादुरने देखाथा ऐडवकेट जनरलने कहा कि अब दोबजगये हैं टिफनका समयआगया यदि आज्ञा होतो थोड़ी देरकेलिये अदालत बरखास्त कीजावेसो कमीशनके मेम्बरटिफनखानेके वास्ते गये॥

जबटिफन खाकर लौटेतो गवाहने वर्णन किया कि सन्दूक के काग़जोंके देखनेके पीछेमेरा इजहारहुआ उससमय मिस्टर रिचीसाहब सरल्यूइस पीलीसाहब कप्तान जेकसनसाहब कप्तान सीग्रीव साहब दोनों खान बहादुर गजानन्दवतिल और बलवन्तराव सीक्रेटरी मोजूदथे जबमैंने अपना इजहार दिया तो सरल्यूइसपीली साहबने मुझसे मेरे अपराधके क्षमा करने का इकरार किया था किसीमनुष्यने मुझसे रावजी वा नरसू जमादारके इजहार का हालबर्णन नहीं किया मैंतो गोरोंके पहिरे मेंथा मुझे कौन सूचित करता जिसदिन मुझको सार्टीफिकट मिलातो गजानन्द वतिल और दोनोंखान बहादुर वर्त्तमान थे—गजानन्द ने मुझसेकहा कि जोसच २ कहोगेतो सरकारतुम्हारा अपराध क्षमाकरेगी और मुझको एक परचा

इसमें नमालका व्यौरा श्रीर नव्यौपारीका नामहै। प्र०—क्या इसपरभी तुम्हारेदस्तखत हैं? उ०—हां। प्र०—किसमनुष्यने इसयादका रुपयापाया? उ०—सालिम अरब ने। प्र०—क्या कोई वस्तु अहमदाबाद से खानेमें आई थी? उ०—नहीं॥

ऐडवकेट जनरलने कहामाईलार्ड मेरे बिचारसे जोयह सब यादेंगवाहों को दिखाकर पहिचानवाई जायें श्रीरउनसेकसम लेली जावेतो अतिउत्तम है॥

सरजन्ट बेलनटायन साहब ने कहा मेरी भी यही राय है मैने उन यादों की सूची बनाई है उनपर [ए]से [क्यू] पर्य्यन्त निशानहैं इनसब याददाश्तोंमें सातहजार रुपयादिया गयाहै प्रेसीडएट साहबने कहा कि मिस्टर जारडीनसाहब से कहा जाय कि इन याददाश्तों की क्रमपूर्व्वक सूचीनीय्यार करें—चारबजे अदालतबरखास्त हुई॥

वारवें दिनका इजलास।

ग्यारह बजे पर कमीशन के मेम्बर एकत्र हुये कमीशन के सम्पूर्ण मेम्बर श्रीर श्रीयुतमहाराजा मल्हरराव समाज में सुशोभितहुये तीसरेप्रहर को श्रीमान्महाराजा सेंधियातशरीफनहीं लाये श्रीर सरल्यूइस पीलीसाहब दिन भर नहीं आये ऐडवकेटजनरल अर्थात् सरकारकेवडेवकी लदामोदर पंथका इजहार लेनेलगे—पूर्वोक्त साहबने गवाहसे पूछा कि तुमने हमसेकल कहा था कि दोवार नानाजीवतिल के पाससे मैंने हीरे मंगवाये थे परन्तु बयानकरोकि उनके मोलके देने का किसनेबन्दोबस्त कियाथा? उ०—श्रीमहाराजासाहबके आज्ञाकेअनुकूल बन्दोबस्त कियागया मैने महाराजा साहब से पूछाथा कि इन हीरों का मोलदेदिया जायसो आज्ञाहुई की किदेदो तोमैने हीरोंका मोलदेदिया—यहरुपया दूसरीबार श्रीर बचत मे दियागयाथा परन्तु इस रुपये को हीरोंके मोल में दिया जाना हिसाब में दर्ज नहीं हुआ किन्तु महाराज

यशवन्तराव ने दाखिल कीथी इस काग़ज़के साथ रक्खीगई॥

सरजन्स् बेलनटायनसाहबने कहाइन याददाश्तोंकेपेशकरने से ज्ञातहोता है ताकि साबितहो कि समय २ पररेज़ीडन्सी के नौकरोंको रुपयादिया गया और हिसाब में दूसरेनाम से रुपयालिखागया ऐडवकेटजनरलनेकहा इंहींबातकेसाबित करनेके वास्ते यह यादें पेशकी गईं प्रेज़ीडेण्ट साहबने कहा ऐडवकेट जनरल प्रगटकरना चाहतेहैं कि वास्तवमें समय २ पररुपया लोगों को दियागया और याददाश्तोंमें दूसरे नाम से लिखागया इसबार्त्ता के उपरान्त वह यादमिसल में संयुक्त कीगई और उसपर (ए) का निशान लगायागया और गवाह ने वर्णन किया कि प्रति दिन और प्रतिसप्ताह और मासिक औरवार्षिक हिसाबबन कर पेश हुआ करता था बलवन्तराव कारकुन प्रतिदिन का हिसाब रक्खा करतेथे और मैं हिसाबों परदस्तखत कियाकरता था मालूमनहीं कियशवन्तरावको क्या मासिक मिलताहै सिवातनखाहके जितना सालिमऔर यशवन्तराव को रुपया दियागया वहमेरे महकमेसे दियागया॥

ऐडवकेट जनरलने कहा जोयाद तुमने पढीउसमें तुमलिखते होकि उस असबाब के लिये जो बम्बई से आया तुम जानते होकि कौन असबाब बम्बई से आया था? उ०—कोई असबाब नहीं आया था। प्र०—फिर क्यों लिखागया कि बम्बईसे असबावआया? उ०—इसवास्ते लिखागयाकि रेज़ीडन्सीके सब नौकरोंको रुपयादेनामंजूरथा। प्र०-तुमको क्योंकरमालूम हुआ कि रेज़ीडन्सी के नौकरोंको रुपयादिया जायगा? उ०—महाराजासाहबनेआज्ञादी थीकिजबरुपया रेज़ीडन्सीकेनौकरोंको दियाजाय तो वहरुपया इसीभांति हिसाबमें लिखा जाययदि कोई वस्तु आती तो महाराजा साहब उस ब्योपारी कानाम लिख वातेजिसकी दूकान से आया था ऐडवकेट जनरलने एक औरयाद गवाह कोदी और पूछाकि यहरुपया भीयशवन्तराव को दियागया था? उ०—हां देखिये १८॥|=)कीदृहानीट है

हैं—साहब प्रेसीडण्ट ने कहा—जो कुछ बातें और कारर्वाई उस समय पर हुई वह सबगवाही में दाखिल है ॥

सरजन्द्र बेलनटायन साहब ने कहा आपकी राय में यह बातें शहादत में दाखिल हैं ॥

साहब प्रेसीडण्ट ने कहा मानने के योग्य हैं और जब उनकी तसदीक है। जायगी तो उस समय गवाही के भी योग्य हैं सरजण्ट बेलनटायन साहब मैं अपका मतलब समझा आप चाहते हैं कि सब हाल मालूम होजाय उसके पीछे देखाजायगा कि गवाही के योग्य हैं वा नहीं साहब ऐडवकेट जनरल ने गवाह से कहा कि तुमसे और नूरुद्दीन बौहरे से क्या बातचीत हुई थी गवाह ने वर्णन किया कि नूरुद्दीन ने मुझसे कहा कि पहिली पुड़िया संखिया की किसी के नाम लिखी नहीं गई है और दूसरी पुड़िया मेरे नाम लिखी गई है जिस बौहरे के पास से संखिया लाया था उसने कहा है कि मेरी किताबें हिसाब की जप्त हो गई और रजीडन्सी को गई हैं यदि तुम चाहते हो कि संखिये का बेचा जाना छिपा रहे तो दो सौ रुपये मुझको दो और मैं उस बौहरे को दे दूं कि वह मेरा नाम न बतावे—सरजन्द्र बेलनटायन साहब ने कहा क्या हुजूर ऐसी बात सुनने के मजाज हैं—साहब प्रेसीडण्ट ने कहा कि हां मुझको अधिकार है, क्यों कि इन बातों से मालूम होगा कि सच २ क्या हाल है ॥

सरजन्द्र बेलनटायन साहब ने कहा हजूर इस वृत्तान्त को सुनकर गवाही की तौर पर समझते हैं परन्तु मैं यह बातें केवल गुफ्तगू समझता हूं कुछ गवाही नहीं समझता जो वार्त्ता कि महाराजा साहब के रूबरू नहीं हुई वह समझो जाम की है कि बनाई हुई है ताकि एक मनुष्य दूसरे को फंसावे ॥

साहब प्रेसीडण्ट ने कहा इसी वास्ते आप यह वार्त्ता करते हैं कि यह बातें बनाई हुई हैं ॥

सरजन्द्र बेलन टायन साहब ने कहा मैं आपके सम्मुख यह बात पेश करता हूं कि आश्चर्य नहीं जो यह वार्त्ता बनाई हुई है। ऐसी

साहिबकी आज्ञासे महाराजा साहबके हिसाबमें इसप्रका।
लिखागयाकि ब्राह्मणोंके खिलानेके लिये रुपियादियागया।
जब गवाहसे एक और प्रश्नकिया तो मुतरज्जिम गवाह से
कुछ बार्त्ता करनेलगा सरजण्ट बेलनटायन साहबनेकहा क्या
कहतेहो मुतरज्जिमने कहाकि जो कुछगवाहने वर्णनकिया
मेरीसमझमें नहीं आयाथा इसलिये मैं पूछताहूं सरजण्टसा-
हबने कहा कि जो कुछ वह कहताहै मुझे सुनाओ प्रेजीडण्ट
साहबने कहाकि जबमुतरज्जिमही नहींसमझाहै तो तुम क्या
समझोगे-गवाहने वर्णनकिया कि महाराजा साहबने मुझसे
कहाथा कि इनहीरोंको दवाईकी मदमें दर्ज हिसाब करना
क्योंकि इनकी भस्मबनाईजावेगी उनकोमैने इसीप्रकार हिसाब
में लिखाया परन्तु जब करनैल फियर साहबके विषदिये जाने
का चर्चाओर चरचाहुआ तो मैंने महाराजा साहबसेकहा कि
हीरों की भस्म किस प्रकार हो सक्ती है महाराजा साहबने
कहा तुमने खाकहोना हीरों का लिख दिया है मैंने कहाकि
हां तब महाराजा साहब ने कहा कि उसवरक़ को हिसाबसे
निकालडालो इस विषय में मैने नानावतिल से सम्मत पूछा
उन्होंनेकहा किजब महाराजा साहबकी आज्ञाहै तो ऐसाही
करो—महाराजासाहबने मुझकोयहभी आज्ञादी कि जबइस
प्रकारकाखर्च लिखाकरोतो ऐसालिखो किकिसीको असलहाल
न मालूम हुआ करे नूरुद्दीन बौहरसे जो दोबेर संखिया ली
गई उसका मोल नहीं दिया गया केवल इतनाही इकरार
कियागयाकि दवाईखाना उसको फिरसौंपाजायगा जबकर-
नैलफियर साहबको विष दिये जानेका वृत्तान्त सर्वत्र प्रसिद्ध
हुआतो नूरुद्दीन बौहरेने मुझसे कहा कि जिस बौहरे की
दूकानसे संखियालाया था वह दोसौ रुपया मांगताहै—ऐडव-
केटजनरलने कहा उसने कुछ और भी कहाथा—सरजन्टबेल-
नटायन साहबने कहाकि ऐसे प्रश्नसेमें इन्कार करताहूं कि
वहबातेंजो महाराजाके पीछेहुई वहगवाहीमें दाखिल नहीं

हकीमसाहबकेनिकटभेजदीथी और हकीमसाहबनेएकशीशीमें कुछदवाबनाकरदीथीसाहब प्रेजीडेण्टनेकहाइसशीशीकीदवा कीवस्तुतोमालूम होगई परन्तुयहपूछाकि इसशीशी परडाटथी वा नहीं-एडवकेटजनरलने गवाहसे कहाकि तुमइसशीशीका हालबयानकरसक्तेहोगवाहने उत्तरदियाकि उंगलीके बराबर वह शीशीथी उसको गजाबामेरे निकट लायाथामुझको स्मर्ण नहींकिउसशीशीसेडाटथा वानहींपरन्तुमैंने उसशीशीकीदवा को दूसरीगुलाबकीशीशीमें रखदियाथाऔर उसशीशीपररूई औरमोमलगाकर सालिमकोदेदियाथा मैंजानताहूं कि जो व्यवस्था रेजीडेन्सीमें हुवाकरतीथी उसकोइत्तिला महाराजा साहबकोहुवाकरतीथी रावजी सालिमकेद्वारा उनचिट्ठियोंको महाराजा साहबके पास भेजाकरता और मैंउन चिट्ठियोंको महाराजासाहब के सन्मुख पढ़कर फाड़डालताथा गवाहको कुछचिट्ठियोंके पुलिन्दे दिखायेगये गवाहने कहा कियहरोज-नामचेहैंऐसे२चारपुलिन्दे अदालतमेंथे एकपुलिन्देमें ११९॥) का हिसाबहै यहहिसाब लिखाहुवाहै एककारकूनने मेरीआज्ञासे उसपर स्याही डालदीथी उसका नाम बलवन्तराव है और रावजीका पुत्रहै स्याहीडालनेका कारणयहथा कियह रुपया ११९॥) सालिमकेनामलिखा था जब विषदियेजानेका शोरपडा तोउससमय मैनेस्याही डलवादीथी इसीप्रकारऔर स्थानोंपरभी जहांऐसा रुपयालिखाथा स्याही डालदीगई थी साहब ऐडवकेटजनरलने उनपुलिन्दोंके कागजोंकोदेखा और जहां२ स्याहीपडीथी उसको तसदीककी ॥

बातोंकी सिदाक़त जबकि दूसराके।ई मनुष्य वहां न थाक्यों कर होसक्ती है परन्तु जो हुज़ूर उसको गवाही समझते हैं तो मैं चुप हूं ॥

प्रेज़ीडेण्ट साहबने कहा जबतक कि प्रतिमनुष्य का हाल न सुनाजाय तबतक ऐसे मुक़द्दमे की तहक़ीक़ात कठिन है और जबतक कि प्रति मनुष्यकी बात न सुनूंगामेरी समझमें क्योंकर आवेगा ॥

गवाहनेवर्णनकियाकि नूरुद्दीन बौहरेसे मैनेकहाकिदोसौ रुपयेतुम अपनेपाससे देदोतुमको दवाईखानेका काममिलेगा तो यहरुपया मुजराहोजावेगा नूरुद्दीनयह बात सुनकरचुप होरहा और फिरमैने नूरुद्दीनको नहीदेखा—नूरुद्दीननेमुझसे नहींकहा किवह किस बौहरेकी दूकानसे संखियालायाथा मैनेनौसारी में केवल एक बेररावजीको देखाथामालूम नहीं कि वह गायकवारके पास आया करता था यानहीं ॥

जबकरनैलफ़ियरसाहबके फोड़ानिकलाथामुझेअच्छेप्रकार स्मर्ण है महीना सितम्बर सन् १८७४ ई० था इस फोड़े का हालइस कारण यादहै कि मेरेसम्मुख सालिमने महाराजा साहबसे कहा था और उसने अपनी उंगली से बताया कि माथेमें फोडा है करनैलफियर साहब रावजीसे मरहमलग- वाया करतेथे रावजीने एकलुटकी संखियेकी मरहममें डालदी थीजबमरहमके लगानेमेकरनैलफियर साहबकेफोड़ेमें सोजिश हुईतोउन्होंनेमरहमके फाहेको उतारडालायहबात सुनकर महाराजासाहब मेरेरूबरू कुछनहीं बोलेजब करनैलफियर साहबकेयह फोडाथातोमहाराजासाहबनेकुछ दवाईकेबनाने कोमुझको आज्ञादीथी उसीसमयमें सालिमकोमैने संखिया दीथीऔर महाराजासाहबने आज्ञादीथी कि हकीमसाहबके निकटबड़े २ चीटे, सर्प, और काले घोड़ेका मूत्रभेजदो वह कुछ दवाबनावेंगे मुझकोऔर कोईबात उसदिनकी जोमहा- राजासाहबनेकहीहो स्मर्णनहीमैनेयह सम्पूर्णवस्तु मंगाकर

मेरेपास सुबूत नथा। प्र०—जोप्रश्न मैं तुमसे करता हूं उसका यह उत्तर नहीं जो तुमनेदिया मैं पूछताहूं किसिवायतुम्हारे बयान और महाराजासाहबकी आज्ञाकेकोई लिखीहुई आज्ञा तुम्हारेपासहै ? उ०—ऐसी आज्ञाओं से महाराजासाहब के लाखोंरुपये खर्चहुयेहैं। प्र०—और हिसाबअशुद्धकियागया ? उ०-जबकभी गलतकरनेका मैाकाहुवा। प्र०-और तुमनेहिसाब गलत किया ? उ०—महाराजा साहबकी आज्ञासे कारकूनसे हिसाब गलतकिया और बदलायागया। प्र०—परन्तु मैंतुमसेयह बात पूछताहूं तुमउसका समझबूझकर उत्तरदोकि जोतुमपर महाराजासाहब अथवा कोई और मनुष्य यह अपराधलगाता कि तुम महाराज साहब के लूटेवाते होते। तुमकिस प्रकार साबितकरते कि तुमको महाराजासाहबने इसभांतिके हिसाब गलतकरनेका मजाजकिया था ? उ०-कागजात से आपही साबित होसक्ताथा। प्र०-सिवा कागजातके और किसी भांति सेभी साबितहोसक्ताथा ? उ०—कागज दिहानीदपर रसीदें लिखीहुई है।

वेलनटायनसाहब के प्रश्न ओदामोदर पथ गवाह से किये ॥

प्र०—तुम कहतेहो कि जितने हिसाब तुमनेबनाये वहसब बनावटीहैं? उ०—बहुतसे बनावटीहैं सम्पूर्ण हिसाब बनावटके नहीहैं और जानबूझकर बनावटी बनायेगये। प्र०—यहहिसाबमहाराजासाहबकी आज्ञानुसार बनावटी बनायेगये? उ० महाराजासाहबकी आज्ञासे बनायेगये। प्र०—ऐसेअशुद्धहिसाबोंके बनानेके लिये तुमको समय २ पर आज्ञा होतीथीया खास २ हिसाब केलिये। उ०—जैसा मौका होता था मुझको आज्ञामिलतीथी महाराजासाहबसे मैं पूछलेताथा कि अमुक विषय में क्या आज्ञा है। प्र०—तुम महाराजा साहबसे पूछ करके हिसाबों को गलत किया करते थे? उ०—हां जैसा मौका होताथा क्योंकि महाराजासाहब वाकिफहोतेथे जिस कामके वास्ते रुपयादिया जाताथा। प्र०—तुम वाकिफहोतेथे या महाराजासाहब? उ०—महाराजासाहब। प्र०—जब तुमने महाराजासाहबसे आज्ञा मांगी उन्होंने आज्ञादीथी? उ० हां। प्र०—यदि इन हिसाबों की तहकीकात होती तो तुम किसतरह साबित करसक्ते थे कि हिसाबों के गलत करने के लिये तुमने महाराजासाहबसे आज्ञालेली उ०—इससे अधिक और क्या साबित करसक्ता कि सम्पूर्णकार्य्य महाराजासाहब कि आज्ञानुकूल कियाकरता था। प्र०—यहबयान तुम्हाराहै परन्तु मैं पूछताहूं कि जैसे महाराजासाहब तुमपर यह अपराध धरते कि तुम उनको लूटतेहो और लूटनेके प्रयोजनसे तुम हिसाबको बदलते हो तो तुम क्योंकर साबित करते कि महाराजा साहब की आज्ञासे हिसाबको बदला? उ०—जो रुपया दिया जाताथा चार किताबोंमें लिखा जाताथा और इसके विशेष देने और लेनेवाला मौजूद था। प्र०—तुम इस हिसाबकेबदलनेमें महाराजा साहबकीआज्ञाकाहोना क्योंकर प्रकटकरसक्ते थे जो तुम कहतेहो वह तुम्हारा जुबानीबयान है? उ०—सिवा ऊक्त जुबानी महाराजा साहबके और कुछ

उ०—मुझको जोकुछ खबर मिलती थी महाराजा साहबको सुना देता था। प्र०—परन्तु तुमको भी तो यह बातें पसन्द आती होंगी? उ०—मुझसे उनबातोंका सम्बन्ध नथा। प्र०—इसविषय में हम फिर बात्ती करलेंगे—परन्तु खूनियोंके समूहमें तुमभी तो एकमनुष्यथे और तुमने मारडालनेके लिये सहायता भी की? उ०—हांमैंने सहायता की था। प्र०—पस मैं समझताहूं कि तुमको ऐसेहालातके सुननेका अपनातअल्लुकभीथा? उ०—हां अपने और महाराजासाहबके बचानेकेवास्ते मुझको तअल्लुक था। प्र०—शायद तुमको अपना खयाल कमहोगा महाराजा साहबके बचानेका अधिकखयाल होगा? उ०—हांमैंयहसमझा था कि चूंकि अब कुलकर्त्ती होगईहै मैंबचजाऊंगा। प्र०—जो तुमको अपना खयालकमथा और महाराजा साहबके बचानेका अधिक विचारथा तुमनेपूछाथा कि रावजी आदिने क्या इस-हारदिये? उ०—मैंनगर की खबरें सुनाकरताथा जबतकमालिम छूटारहा वहसम्पूर्ण वृत्तान्त मुझसेआकर कहाकरताथा। प्र०—तुमने उसशीशीका हालभीसुनाहोगा जिसकावर्णनराव-जीनेकिया? उ०—मैंक़ैदमेंथा किसतरह सुनता। प्र०—परन्तु मैंउससमयका जिक्रकरताहूं जबतुम क़ैदनथे अर्थात् रावजीके इजहारउस समय लियेथे जबतुम क़ैदनहीं ऊयेथे? उ०—मैंने कुछहाल शीशीका नहींसुना। प्र०—क्यातुम कहतेहो कि मैंने नहींसुना कि रावजीको शीशीदीगई सावधान होकरउत्तर दो उ०—नहींमुझसे किसीनेऐसा नहींकहा। प्र०—किसी मनुष्य ने तुमसे शीशीका हालनहीं कहा? उ०—नहींकहा। प्र०—तुमने पुड़ियाका कुछहाल सुनाथा कि करनैलफियरसाहबके गिलास में डालीगई? उ०—हां। प्र०—तुमनेसुनाथा कि उसमें संखिया थी? उ०—हां। प्र०—औरपिसाहुआ हीराउसमेंहै? उ०—हां प्र०—और यहकिरावजीने इसबात काइक़रार कियाहै किमैंने विषकी पुड़ियाकरनैलफियरसाहबके गिलासमें डालदी और उनके मारडालनेकाउद्योगकिया? उ०—हां मुझसे महाराजा

कागज मेरे सन्मुखके दस्तखत नहीं किया। प्र०—परन्तु मैं तुमसे पूछताहूं कि यदि तुमपर लेलेनेका अपराध क़ायमकिया जाताती तुमकिसप्रकार उससे छूटते? उ०—एक२ हिसाब पांचजगह लिखाजाताथा मैं उसीऐसाबिनकरता कि यह रुपया खर्च हुवाहै मैने तग़ल्लुब नहीं किया। प्र०—क्याक़र्ज़में महाराजासाहबके हाथकी लिखीहुई भी हिसाबमें हैं? उ०—जबजमाखर्चका कच्चाख़ातय्यार होताथा तो महाराजासाहब उसपर दस्तखत कियाकरतेथे यह नक़्शा महाराजासाहबके दस्तखतोंके वास्ते हरवर्षमें तय्यार हुआकरताथा। प्र०—ऐसे दस्तखतका कोई काग़ज तुम्हारे निकट है? उ०—हां। प्र०—तुमउसको पेशकरसक्तेहो? उ०—जो आप मंगवावें तो आसक्ता है। प्र०—अच्छा इसबातको फिर देखाजायगा तुमको कभी हिसाबकी जांचहोनेका सन्देह हुआ? उ०—किसमनुष्यसे। प्र०-शायदकोई मनुष्य जांचकरता? उ०-क़र्क़ी होनेके पहिले महाराजासाहबके सिवायकोई मनुष्यमेरे हिसाबकी जांचकरनेका अधिकारी नथा। प्र०—पुलिसनेतुमसे कहदियाथाकि तुम्हारे हिसावकी जांचहोगी? उ०—क़ुर्क़ीकेपश्चात् पुलिसने वहकागजमुझको दिखायाथा किजिसपर स्याहीपडीथी औरकहाथा किइन हिसाबोंकीजांचहोगी। प्र०—पुलिसवालोंने क्यातुमसे यहकहाथा किखासतुम्हारे हिसाबकी जांचहोगी? उ०—पुलिसने यहकहाथा किसबहिसाबोंकीजांचहोगी। प्र०—तुमकोक्या मासिकमिलताथा? उ०—मुझे दोसौरुपये मासिकमिलतेथे औरमेरेभाईको चारसौ रुपये मिलतेथे। प्र०—मैं पूछताहूंकि तुमनेवहसब बातें क्योंकर क़बूलकीं और तुमतो उसीदिन पकड़े गयेथे जिसदिन महाराणासाहब पकडेगयेथे? उ०—मैंउसी दिनसंध्याको पकडागयाथा। प्र०—तुमको मालूम होगा कि रावजी और नरसूआदिके इजहार मिस्टरसूटर साहबनेलिये हैं? उ०—हांमैं यहखबरें सुनाकरताथा। प्र०—मैंसमझताहूं कि यहखबरें तुमकोबहुत दिलचस्प मालूमहुवा करती होंगी

हुआ है यदि अलग २ करके देखे जावें तो उनकी संख्या कम है कौन सी बात बाधक थी कि तुमने कागज़ नहीं फाड़े । प्र० जो रुपया एक जगह दिया जाता तो फट सक्ते थे परन्तु भिन्न भिन्न समय और भिन्न भिन्न जगह पर रुपया दिया गया फिर किसतरह फटसक्ते थे । प्र०—परन्तु मैं जानता हूं कि एक प्रश्न का तुम उत्तरदो बयान करो कौनसी बात बाधक थी कि तुमने कागज नहीं फाड़े जिन कागजों ने तुम्हारे और महाराजा साहब के अपराधों की सिदाकत की ? उ०—मुझको इतना मावकाश न- हीं था कि उन कागजों को फाड़ता । प्र०—अवकाश से तुम्हारा क्या मतलब है ? उ०—मुझे ऐसा अवसर न मिला फिर मैं क्यों कर फाड़ डालता । प्र०—जो मनुष्य आपके नगर में किसी को विष देता है और उस पर अपराध साबित होजाता है तो उसको क्या दण्ड दिया जाता है ? उ०—दण्ड दिया जाता है । प्र०—यह तो मैं भी जानता हूं कि दण्ड दिया जाता है परन्तु यह बताओ कि फांसी दीजाती है वा कौनसा दण्ड दिया जाता है ? उ०—दण्ड दिया जाता है परन्तु मैंने क़ानून नहीं देखा । प्र०—तुमको कुछ भी खयाल है कि क्या दण्ड दिया जाता है ? उ०—मैं कुछ नहीं जानता । प्र०—मुझ को खयाल था कि तुम जानते होगे परन्तु बतलाओ कि तुम्हारे विचार से क्या दण्ड दिया जाता है ? उ०—जो कुछ कि जजलोग उचित समझते हैं दण्ड दिया जाता है । प्र०—कभी किसी को फांसी भी दीजाती है ? उ०—बड़ौदे में किसी को फांसी नहीं दी जाती है मैंने तो किसी को फांसी दिये जाते हुये नहीं सुना । प्र०—परन्तु तुम जानते हो कि तुमको अपनी गरदन का भी खौफ है ? उ०—मेरी गरदन का । प्र०—हां मदद परवाह नहीं रखा ? उ० मैं आपसे वर्णन कर चुका हूं कि जिस वक्त से मैं ने चाक नहीं किया । प्र०—मुझसे फिर बयान करो ? उ०—ऐसे कागज की गरकमों में थे मुझको फाड़ने का अवसर न मिला । प्र०—यह सब कागज तुम्हारे अधिकार में थे ? उ०—हां । प्र०—तुम सब कागज़

साहबनेकहाथा। प्र०—जबतुमको मालूमहुआ किरावजी आदिकपहिरेमेंहैं और उनहीलोगोंमेंसे तुमभीथे तुमनेवह कागज़ जिसमें इसप्रकारका जिक्रथा किसवास्ते फाड़नहींडाले? उ० क्याकौनकागजइसमुआमिलेकाथा। प्र०—मुझकोतुम्हारेउलटे प्रश्नकरने सेआश्चर्य्य नहींआया तुमनेवर्णनकियाहैकि कईकागजइसमुआमिलेकेथे? उ०—क्याआपउनकागजोंकीतरफइशारहकरतेहैं जिनकीनिस्बत मैंइजहारदेचुकाहूं। प्र०—क्यातुमको कुछसंदेह है कि उन कागजों की तरफमेरा इशारह नहीं है उ०—पहिले मुझको समझलेना चाहिये,जो वह कागज़ एक जगहहोतेतो मैं उनको फाड़डालता। प्र०—जो कुछवर्णनकरते होजो यहठीकहै तो तुम्हारी कारवाई से अच्छीतरह मालूम होताहै कि वास्तव में विषदिया गया? उ०—हां। प्र०—तुमने उनको क्यों फाड़नहीं डाला? उ०—केवल दो कागजों में रिशवतका जिक्रथा। प्र०—तुमयह जानतेथे कि रिशवत के विषय में तहक़ीक़ात होरही है? उ०—हां मैं जानता था। प्र०—क्या तुमइस विषय में सौगन्द खासक्तेहो कि तुमको मालूमथा कि मिस्टरस्लूटर साहब तहक़ीक़ात कर रहे हैं? उ०—हांमैं शपथ खासक्ताहूं। प्र०—उससमय तुमनेक्यों ऐसे कागज़नहींफारडाले क्योंकि वह सब कागज तुम्हारे अधिकार मेंथे? उ०—सबकागज चाकनहीं होसक्ते थे क्योंकि अलग २ मकानों मेंथे सर्व स्थानोंसे उनकोसंग्रह करकेफार डालना असम्भवितथा। प्र० कौनसी बात उसमें बाधकथी कितुमने उनकागजों को नहीं फाड़ा? उ०—जबरुपये कीदिहानीद होतीथीतो दश २ जगह लिखाजाताथा इससूरतमें निहायत दिक्कतथी, किसबजगह से कागज संग्रह होकर फाड़डाले जाते यह सुनकर सरजन्द वेलनटायन साहबने सिक्रेटरीसे सम्पूर्ण कागज मंगवाये और अपने रूबरू रख कर कहा कि यह कागज अलग २ थे और अबएक किताबमें सिलेहुये हैं और उनके साथ तर्जुमा लगा

महाराजा साहबने मुझसे कहाकि तुम इनरकमों को मग-
रूककरो तो मैंने स्याहीडालदी—सरजन्टबेलनटायन साहबने
गवाहसे कहाकि मेरी ओर देखो मैंभी यही प्रश्नकरूंगा जो
सरदिनकरराव ने किया । प्र०—जिसभांतिकी तुमरकमोंको
निकालतेहो अर्थात्बड़े २ धब्बे स्याहीके हिसाबपर डालकर
तो लोगोंका ध्यान शीघ्रही स्याहीके धब्बोंपरजायगा ? उ०
मुझको उससमय इसबातका खयालन था—श्रीमान् महारा-
जासेंधिया ने कहा—पांचजगह हिसाब रखाजाता था पांचों
जगहके हिसाब में ऐसेबड़े २ धब्बे पड़ेहुये हैं—परन्तु यहप्रश्न
गवाहसे नहीं कियागया । प्र०—सरजन्टबेलनटायनसाहब ने
कहा मैं तुमसे दो एक और प्रश्नकरूंगा क्या तुमको इसबात
का ध्याननथा कि स्याहीके बड़े २ धब्बे बुरे मालूमहोंगे ? उ०
अबमुझको भी वैसेही मालूमहोते हैं परन्तु उससमय कुछ
इसबातका ध्याननथा । प्र०—यदि तुमजानतेथे कि कुछतह-
क़ीक़ातनहोगी तो स्याहीकेडालने का क्या कारणथा ? उ०
यहसबब था कि किसी और आदमीको हाल न मालूमहो ।
प्र०—मुझसे वर्णनकरो कितुम अच्छीतरह जानते थे कि अब
तुम इकरार न करोगे जेलखानेसे बाहर न निकलोगे ? उ०
हां मैं जानता था । प्र०—प्रथम तुम गोरोंके पहिरे में थे ?
उ०—दोदिनतक सेनापतीकी कचहरीमेंरहा । प्र०—तुमअकेले
वहांक़ैद रहे या कोई और भी मनुष्यतुम्हारे साथथा ? उ०
मेरेसाथ केवलएक सिपाहीथा । प्र०—केवलदोदिन और दो
रात क़ैदरहे ? उ०—हां । प्र०—मैंजानताहूं कि रातको तुम
पलंगपर सोतेहोगे ? उ०—जिसजगह मैंदिनको बैठायाथा वहीं
रात्रिको सोरहा । प्र०—सिपाहीतुम्हारे साथरहनेकेवास्ते मिला
था ? उ०—उस सिपाहीका मुझ पर पहिरा था ताकि मेरी
हिफाज़तकरे और मैं भागनजाऊं । प्र०—उसके उपरान्ततुम्हारे
साथक्या सुलूकहुआ ? उ०—मैं वहां से रेज़ीडेन्सी में
आया । प्र०—वहांके तुम्हारे साथ लोगोंने क्याकिया ? उ०

मंगा सक्ते थे? उ०—जब २ महाराजा साहबको किसी बातके दरयाफ़ करनेकी अवश्यकता होतीथी तोसंगालिये जाते थे। प्र०—महाराजा साहबका नाममतलो परतुमको कौनसी बात बाधकथीकि तुमनेनहींमंगवाये? उ०—वह मेरे क़ब्ज़े में थे। प्र०वहकागजकि तुम्हारे क़ब्जेमेंथे औरतुम जानतेथे किउन्हीं कागजोंसेमारनेके उद्योगसेपकड़े जाओगे तोतुमने क्योंउनको नहींफाड़ा? उ०—मुझको खयालथाकि कुर्की नहोगी और नमैं जानताथा किऐसासमय कभीआवेगा जोआजहै। प्र०—इसी कारण तुमने कागज़ न फ़ाड़े इसके सिवा कोई और कारण नथा? उ०—हांकोई औरऐसाहेतुनथा। प्र०—मेहरबानीकरके मुजको उत्तरदो कि तुमनेक्यों खयालनहींकियाकितुमपरऐसा समयनआवेगाजोतुमने कागज़ नहींफाडेजोकुछ कागजमशकूक करदियेथे?उ०—मैंनेकई हिसाबोंपर स्याहीडाल दीथी। प्र० किसी बातकेछिपानेकेवास्ते?उ०—हां।प्र०—इसबातकातअल्लुक कुछसालिमसेभी था? उ०—हां। प्र०—औरइसबातकेछिपाने का तअल्लुक इस काररावईसे था? उ०—हांछिपाने केलिये। प्र०—तुमने कुछकिस वास्ते मशकूककिये और सब कागज़ात क्यों नहींफाड़े? उ०—मैंने कारकुन को आज्ञादेदी थी कि जैसाउचितहो करो। प्र०—परन्तु एक प्रश्न तुमसे करता हूं जोसब बातोंका सारांशहै अतलाओ कि तुमजानतेहो कि तुमने यहसबबातें महाराजासाहबके फंसानेकेवास्ते ईजाद कीथीं? उ०—मैंने यहसबबातेंइसलिये कीथीं कियदिमहाराजासाहब पकड़ेजावें तो छूटजावें। प्र०—तुम सौगन्धखासक्तेहोकि यह सबउपाय तुमने महाराजासाहबके माखूज करने को ईजाद नहीं किये? उ०—नहीं—महाराज के अपराधी ठहरने के लिये यह उपाय नहीं किये। प्र०—सरदिनकररावने कहा कागज़ोंकी पहिली हालतसे महाराजासाहब माखूज नहीं होसक्तेथे परन्तु जबतुमने रक़मों पर स्याहीडालदी तो अपराधी बनने का कारणहोगया तुमने ऐसा क्यों किया? उ०

तुम इकोमको दवाकहते हो उसमें क्या था ? उ०—उसमें कालेसर्प और कालेचीटोंकासतथा। प्र०—इसशीशीकाकौन साहमलाथा पहिला, दूसरा, तीसरा, चौथा, वा पांचवां,? उ०—मुझेस्मर्ण नहींकि कौनसाथा। प्र०—यादकरोकि कौन सा हमलाथा ? उ०—मैं किसतरह याद करसक्ता हूं। प्र० मैं उसबयान को देखरहा हूं जो तुमने मिस्टररिचीसाहब के रूबरू बयानकियाथा कि तीनबेर करनैलफियरसाहबके मारने के वास्ते उद्योगकियागया--प्रथम उसदवासेजोइकोमने बनाई थी, द्वितीय फोड़ेके मादमें विष डालागया, तृतीय, संखिये के जरियेसे शर्बतमें विषडालागया ? उ०—हां मैंनेयही वर्णनकिया था। प्र०—क्या यह बातठीक है ? उ०—गलतकिसतरहहोसक्ती है। प्र०—किस तारीख को इकोमकेपास से तुम्हारेपास शीशीआईथी ? उ०—मुझेस्मर्णनहीं। प्र०—कोई तारीख तो याद होगी तुम्हारी यादबहुतअच्छी है वर्णनकरो उ०—शायद आश्विनका महीना था॥

मुतरज्जिमसे पूछागया कि आश्विन कबहोता है—मुतरज्जिमने कहाकि अक्टूबर और नवम्बरमें होता है। प्र०—दिवालीके कितनेदिन पहिले ? उ०—इतना मुझको स्मर्णहोता तो मैं तारीख बयान करदेता॥

सरजन्टवेलनटायनसाहब ने कहा कि माइलार्ड—मुझको गवाहसे और भी प्रश्नकरनेहैं परन्तु अबदोबजगयेहैं इसलिये टिफनका समय आगया. तोकमीशनके मेम्बर टिफनखाने को लियेगये, जबटिफनखाकर आयेतो सरजन्टवेलनटायनसाहब फिर प्रश्न करने लगे॥

प्र०—क्या संखियेके बेचने का निषेध था और महाराजा साहबकी आज्ञाकेबिना नहीं बेचा जाताथा ? उ०—संखिया फौजदारीके महकमे में मिला करती थी। प्र०—महाराजा साहबकी आज्ञासे सदा मिलती थी ? उ०—जो मनुष्य कि फौजदारीका प्रधानहै वह इसबात को जानता होगा। प्र०

मुझको एक कमरेमें रक्खा जहां सिपाहियोंका पहिराथा। प्र०—पुलिसके हवालेकबसे कियेगये? उ०—१६—दिनकेपश्चात् जब मैंने सब बातोंका इक़रार किया। प्र०—आजकल जबतुम अदालतमें नहीं होते हो। क्या२करतेहो? उ०—मैं एक डेरे मेंरहा करताहूं जबवहां मनुष्य कहतेहैं बैठजाओ। बैठजाता हूं जबखड़े होनेको कहतेहैं खड़ाहोजाता हूं। प्र०—अबतुम पुलिसकी हिरासतमें नहीं हो? उ०—जहांमैंहूं वहांपुलिस के लोगोंका पहिराहै। प्र०—उनका क्यानाम है? उ०—मैं नहींजानता चौथेदिन पहिराबदला जाताहै? प्र०—जबयह मुकद्दमापूर्ण होजायगा तोतुम्हारा क्याहोगा? उ०—जोसाहब जजतजवीज करेंगेवही होगा। प्र०—स्पष्टरीतिसे कहोकिइस के क्याअर्थहै हैं? उ०—जो क्रिजण साहिबों की रायहोगी वहीहोगा। प्र०—हम नहीं समझते कि तुम्हाराक्या मतलब है? उ०—मेरा यह अपराध हैकि मैंनेसब बातोंका इक़रार कर लिया यदि मैं निर्दोष हूं तो मैं छूटजाऊंगा नहीं तो जो कुछदण्ड होगामालूम होजायगा। प्र०—तुम्हारामतलब यहहैकिजिस प्रकार तहकीक़ातकी रूदादहोगी उसीप्रकार दण्डहोगायदिकमीशनके मेम्बरतुम्हारी एकबातका भीनिश्चय नकरेंतो क्या होगा? उ०—मुझकोदण्ड मिलेगा। प्र०—यदि तुम्हारे बयान पर निश्चय करेंतो क्याहोगा? उ०—मुझको छोड़देंगे और छूटने का सारटीफिकटदेंगे। प्र०—मुजसेवर्णन करोकि प्रथममें किसतारीखको करनैलफियर साहबकोविषदे नेका उद्योग हुआ था और इसविषय मेंकौन २ उपाय किये गयेथे? उ०—जोउपाय कियेगये उनकामैं इज़हारमें वर्णन कर चुकाहूं। प्र०—परजो तुमने मिस्टररिचीसाहब के सम्मुख वर्णन कियाथा वहमेरे रूबरूभी वर्णनकरोकि कितने उपाय विषके देनेमें हुये? उ०—पांचउपाय कियेगयेअर्थात् चार तोले संखिया दो बेर करके और दोतोले पिसा हुवा हीरा और एक शीशीदवा की तय्यारकी गई। प्र०—जिस शीशीमें

मोलली गई। प्र०—क्या उसने तुमसे कहा था कि तुम झूठ बोल-
ते हो ? उ०—मेरे रूबरू उसने कुछ नहीं कहा था। प्र०—उसने
तुम्हारे रूबरू इन्कार नहीं किया ? उ०—वह मेरे रूबरू पेश
किया गया और फिर उसको लेगये। प्र०—तुम्हारे रूबरू कि-
सने पेश किया था ? उ०—एक अफ्सर था परन्तु मैं उसको नहीं
जानता कि कौन था। प्र०—हिन्दुस्तानी अफ्सर था ? उ०—हां
प्र०—अकबरअली था ? उ०—स्मर्ण नहीं। प्र०—अब्दुलअली ?
उ०—याद नहीं। प्र०—ध्यान करके याद करो अकबरअली था
उ०—इस समय क्योंकर याद आसक्ता है। प्र०—गजानन्दवतिल
था ? उ०—वह न था। प्र०—शायद अकबरअली या अब्दुल-
अली होगा ? उ०—मुझको स्मर्ण नहीं शायद हो। प्र०—पमयह
अफ्सर नूरुद्दीन को तुम्हारे सम्मुख लाये और कहा कि इस
मनुष्य से तुमने संखिया मोलली थी ? उ०—हां प्र०—उसको
फिर जेलखाने को लेगये ? उ०—मुझको मालूम नहीं कि कहां
लेगये। प्र०—उसको कोई अफ्सर लेगया ? उ०—हां। प्र०—तु-
म्हारे सम्मुख गजाबाभी लाया गया ? उ०—हां प्र०—अकबर-
अली उसको लाया था ? उ०—अकबरअली नहीं लाया। प्र०
फिर कौन लाया था ? उ०—गजानन्दवतिल लाया था। प्र०
जो कुछ उसकी निस्बत तुम्हारा बयान था उसके रूबरू भी तुमने
उससे कहा था ? ०—हां मैंने कहा और वह बैठा हुआ
सुना किया। प्र०—उसको भी फिर तुम्हारे पाससे लेगये ?
उ०—हां वह भी भेजदियागया। प्र०—तुमने वर्णन किया है कि
तुमने सालिसको गोगोटो दी थी ? उ०—हां। प्र०—तुम जानते थे
कि उसमें विष है ? उ०—हा। प्र०—तुमने वर्णन किया है कि
गोगोटो गई उस समय महाराजासाहब उपस्थित थे ? उ०
गजाबा महाराजासाहब की आज्ञानुकूल गोगो लाया था
प्रेजीडन्टसाहबने पूछा क्या महाराजासाहब उस समय उपस्थित
थे गवाहने कहा कि अपने इजहार में मैंने बयान किया है कि
गजाबा मेरे घरपर गोगोलाया था जिसका मैंने दम्मसाहब ने कहा

तुम इसबातको नहीं जानते ? उ०—मैंने कभी फौजदारी का काम नहीं किया इसलिये मैं नहीं जनता। प्र०—तुम यह नहीं जानते कि महाराजासाहब की आज्ञासे जितनी कि संखिया की आवश्यकता होती थी मिलसक्ती थी ? उ०—हां महाराजासाहबकी आज्ञासे संखिया मिलसक्ती थी। प्र०—फिर किस वास्ते महाराजासाहबकी आज्ञासे तुमने संखिया न मंगवाई उ०—हुज़ूरखुलासेवदयाने कहा कि महाराजासाहब से आज्ञा लेकर मैं संखिया दूंगा। प्र०—परन्तु जब तुमको महाराजासाहबने आज्ञादीथीतो फिर संखियेका मंगाना कौन कठिनथा उ०—महाराजासाहबने केवल जुबानी आज्ञादीथी कोई लेख न था। प्र०—तुमने तहरीरी आज्ञाक्यों नहीं लेली ? उ०—महाराजासाहबने मुझसे कहा था कि तुमलिखभेजो कि घोड़े को दवाकेलिये संखियेकी आवश्यकता है। प्र०—तुमने नूरुद्दीन नौकरको हालमें नहीं देखाया ? उ०—इस हालके पूछने से आपका क्या मतलब है। प्र०—तुम जानते हो कि इसहालके पूछनेसे जोकुछ मेरामतलबहै ? उ०—जबमैं छूटाहुवाथा या जबसे कि मैं क़ैदहूं। प्र०—तुमने नूरुद्दीनको अन्तमें कबदेखा था ? उ०—मैंआपका मतलब नहींसमझा। प्र०—तुममेरेप्रश्न को टालतेहो और उत्तरदेना नहींचाहते साहबप्रेजीडेण्ट ने कहाकि गवाहसे साफजवाब लियाजाय ? उ०—जबमैंक़ैद था उससमय नूरुद्दीनको मेरे निकट लायेथे। प्र०—इसबात को कितनासमय बीता? उ०—मुझेस्मर्णनहीं। प्र०—इसबातसे तुम्हारा क्यामतलबहै कि दोतीनदिनसे तुमनेउसकोनहींदेखा उ०—नहीं। प्र०—अखीर हफ्तेमेंउसको देखा ? उ०—नहीं। प्र०—जबतुम्हारा उसकासाम्हनाहुवातो उसनेतुमसे कहाथा कि तुम बराबर झूठबोलतेहो ? उ०—उसने कोईबात मुझसे ऐसी नहींकही जोकुछ उसनेमुझसे कहाउसको मैंवर्णनकरचुका। प्र०—तुमनेउसके रूबरू संखिये के मोललेनेका वर्णनकियाथा? उ०—हांमैने उसकेरूबरू कहाथा किसंखिया

साहबके मारडालनेको गई थी उसका तुमने क्या किया ? उ० कभी नहीं पूछा ? प्र०—क्या तुमको पूछनेकी कुछ आवश्यकता नथी ? उ०—नहीं ॥

ऐडवकेट जनरलने दुबारह इज़हार दामोदरपंथके लिये ॥

तुमने अभी मेरे साथीसे कहा है कि पांच जगह हिसाब लिखा जाता था ? उ०—हां साहब कहा है। प्र०—वह पांच जगह किस वास्ते हिसाब लिखे जाते थे ? उ०—साहब आपको इससे क्या मतलब है। प्र०—मैं इस वास्ते पूछता हूं कि मेरे साथीने तुमसे पूछा था कि तुमने उन पांचों जगहके हिसाबोंको देखे। क्यों न दिया और अब वे क्यों डाल दिये? उ०—महाराजा साहब जुबानी मुझको आज्ञा दिया करते थे और उनके आज्ञा पालन की याददाश्त लिखी जाती थी और याददाश्त जहांसे रुपया मिलता था वहीं हिसाबमें दरज होती थी और फिर कच्चे खाते में दर्ज होती थी फिर पक्के खाते में दरज होती थी फिर थैलीबन्द हिसाबमें दर्ज होती थी। प्र०—क्या यह सब हिसाब तुम्हारे अधिकार में थे ? उ०—हां साहब। प्र० तुमने तो वर्णन किया है कि जबसे तुम नौकर हुये हो एक लक्ष रुपया तुम्हारी तहवीलसे खर्च हुआ है क्या यह बात सच है? उ० हां साहब यह बात सच है। प्र०—क्या सम्पूर्ण खानगी हिसाब महाराजके तुम्हारे द्वारा होते थे ? उ०—हां साहब होते थे। प्र०—इन चार वर्ष तुम्हारी नौकरीकी अवधिमें जो महाराजने हर मनुष्योंको रुपया दिलवाया किसीके दिलवानेकी तहरीरी आज्ञा भी महाराजने तुमको दी थी ? उ०-नहीं। प्र०—महाराज तुम्हारी हिसाबकी फर्दोंमें भी दस्तखत किया करते थे ? उ०—हां साहब थैलीबन्द हिसाबकी फर्द पर दस्तखत करते थे। प्र०—थैलीबन्द हिसाब क्या वस्तु है ? उ०—रोज़मर्राके खर्चका खाता है। प्र०—तुमने कभी कहा कि एक हिसाब तुमने छोड़ डाला ? उ०—हां साहब वह हीरों का हिसाब था। प्र०—तुम्हारे इज़हार होनेके पहिले तुमने सरजू और रावजीके इज़हार करनेका हाल सुना था ? उ०—हां साहब सुना था। प्र०—मालूम होता है कि तुमने भी

गवाहसे इसतरह पूछाजायकि तुमने वहशीशी कब दीथी? उ०—मैं महाराजासाहबके साथथा जिससमय अपनेघर को सालिमगया वहशीशी देदीथी। प्र०—सरजन्ह बेलनटायनसा- हबनेकहाक्यातुमनहीं कहसक्तेकि जिससमय शीशीदीगई उस समय महाराजासाहब वर्त्तमानथे? उ०—उससमय महारा- जा साहब मौजूद थे मैंने अपने घरपर सालिमको शीशी दी थी। प्र०—शीशीके देनेकेसमय तुमने सालिमसे क्याकहाथा? उ०—मैंने कहाथा कि इसशीशीको रावजीके पासलेजाओ। प्र०—क्या तुमने कहाथा कि रावजी इसशीशी को क्याकरें? उ०—कुछकहनेकीआवश्यकतानथी वहजानताथा जिसवास्ते भेजीगई। प्र०—तुमनेउससे पहिलेकभी कहाथा? उ०—नहीं। प्र०—तुमजानतेथे कि शीशी किस वास्ते दीगई? उ०—हां। प्र०—बयानकरो किसवास्तेथी? उ०—इसवास्ते किशीशीको दवाजल में डालदी जायकि स्नान करतेही शरीर में फफोले पड़जावें। प्र०—इससे तुम्हारा यहमतलबहै कि करनैलफियर साहबकी देहमें फफोलेपड़जावें? उ०—हां। प्र०—किसतरह से फफोलेपड़जाते? उ०—जबशीशीकी दवापानीमें पड़तीतो निस्संदेहफफोलेपड़जाते। प्र०—तुमने फिर सुना कि शीशीकी दवाजलमें डालीगई? उ०—मैंने नहींसुना मालूमनहीं कि डालीगई वा नहीं। प्र०—यादकरो कि यहबात कबहुईथी? उ०—दसहरेके कईदिनपहिले या थोड़ेदिनपीछे। प्र०—तुमने कभीनहींसुनाकि उसशीशीकीदवाक्याहुई? उ०—मैंनेकभी नहींसुना। प्र०—न तुमने कभीपूछा? उ०—नहीं। प्र०—यश- वन्तसदैव महलमेंआयाकरताथा? उ०—जबकोई कामहोता उसदिन आताथा और सोमवार और बृहस्पतिवारको सदा आयाकरताथा। प्र०—और सालिम भी आयाकरताथा? उ०—हां जबकभी सवारीहुआ करतीथी आताथा अथवाजब कभी चिट्ठीजाती तो दरमियानमें भी आया करताथा। प्र० तुमने सालिमसे कभी नहीं पूछा किजो शीशी करनैलफियर

उ०—नहीं। नानाजी वतिलने तुमसे अन्तके दसहरेमें कुछ हीरे लियेथे ? उ०—नहीं। प्र०—तुमने कुछ रुपया हीरोंके मोलका पायाथा ? उ०—मैंनेकुछ रुपयानहीं पाया। प्र०—तुमनेदसहरेके दिनोंसेभी नानाजी वतिलसेभी कुछरुपया नहींपाया ? उ०—हांमैंने कुछरुपया पायाथा परन्तु वहरुपया कार्तिकके महीने आया॥

गवाहने वर्णनकिया कि मैंविनायकराव व्यंकटेशको जानताहूं-आषाढ़वदी ७ वा ८ को उनकेपास कुछहीरे लेगयाथा वहगुलाबीहीरेथे और ऐसे २ छोटेथे कि एकरत्तीमें छः सात हीरे चढ़तेहैं मैनेउनसे कुछरुपया पहिलेकाभी पायाथा—और गवाहने कहा कि मैंने सात हजार रुपयेकी हुण्डी शिवचन्द खुशहालचन्दके नामकीदी थी दो हजार रुपये एक मरतबा चारहजार एकमरतबा और दो हजारएक मरतबा और फिर दो हजारएक मरतबापाया इसप्रकार दसहजार रुपयापाया जबमैं सहिलसे लौट आया तो जिन २ लोगोंके हीरेथे मैंने उनको लौटादिये उनदिनों मैंनेदामोदर पन्थको कभी नहीं देखा न मैंनेउनके हाथकभी हीरेबेचे और न मैंने नानावतिल और विनायक राव के हाथ कभी बेचे मिस्टर सुटर साहबने जो मेरे इजहार लियेथे वहमुझे स्मर्णहैं मिस्टर अनवरारटी साहबने कहा कि माईलार्ड—यदिआज्ञा होतो उन इजहारातसे जो इस गवाहने मिस्टरसुटर साहबके रूबरू दिये हैं प्रश्नकिये जावें—साहबप्रेसीडण्टने कहाकि उन इजहारातको आपशहादतकी भांतिक़रार नहीं देसक्ते सरजन्ट बेलनटाइन साहबनेकहा मैंऐसेसवालपर इन्कारकरताहूं साहबप्रेसीडण्ट नेकहा जो इजहार इस गवाहने मिस्टरसुटरसाहबके रूबरू दियेहैं वहपढ़कर गवाहको सुनादिये जावें सरजन्टबेलनटाइन साहबने कहा उसका उचित समझतेहैं कियह इजहार पढ़कर सुना दियेजावें प्रेसीडण्टसाहबने कहाकिजांपढ़कर सुना दिये जावें पृश्नगवाहसे गवाहजबाबी दे नेसे तामुन्यवरता है परन्तु

सबबसे वह कागजतलफ करडाला ? उ०—नहीं साहब। प्र० उससमयसे जबसेकितुमने इकारार कियाहै और तुम कैदहो तुमने रावजी औरनरसूके मुंहसेकुछहालसुनाथा ? उ०—नहीं साहबकुछनहींसुना। प्र०—तुम्हारेइजहार जोलियेगये तोक्या मरहठीभाषामेंलियेगयेथे? उ०—नहींसाहब उसकाअंगरेजी भाषामें उलथा कियागयाथा। प्र०—तुमकोवहहरुफ सुनादिया गया था ? उ०—हां साहबसुना दिया गयाथा। प्र०—तुमने उसपर दस्तखत कियेथे ? उ०—हांसाहब किये थे॥

इज़हार हेमचन्द फतह चन्द जोहरी॥

मिस्टर अनवरारटी साहबने इस गवाहके इजहार लिये उसनेवर्णन किया कि मैं बड़ौदेमें रहता हूं औरपेशा जौहरी का करता हूं मैंने नानाजीवतिल को बहुधा देखाहै वहगायकवाड़ का नौकरहै ना.ना.जीवतिल के पास मैं कभी जवाहिर नहीं लेगया। प्र०—जो तुम नहीं लेगये तो कौन लेगयाथा ? उ०—किस क़ीमतके। प्र०—तुम याकोई और मनुष्य तुम्हारी दूकान से कुछ जवाहिरात लेगये थे ? उ०—किसवक्त। प्र० आखिर दसहरे में ? उ० मैंआखिर दसहरे में कभीजवाहिरात नहीं लेगया। प्र०—नानाजीवतिल के पास तुम कभी हीरे नहीं लेगये ? उ०—नहीं। प्र०—महाराजा साहबके महल्ल को कभी हीरे नहीं लेगये ? उ०—क्या आप हाल का ज़िक्र पूछतेहैं। प्र०—हांहालका ज़िक्रपूछताहूं ? उ०—नहींमैंहाल में कभीनहीं लेगया। प्र०—व्यतीत दसहरेमें लेगयेथे ? उ० हांलेगयाथा। प्र०—किसने मंगायेथे ? उ०—नानाजीवतिल नेकहा कि कुछहीरे लाओ। प्र०—तुमकुछहीरे लेगयेथे ? उ०—हांलेगयाथा परन्तु मुझेवापिसमिले। प्र०—तुम किसके पासलेगयेथे ? उ०—नानाजी वतिलके पास लेगयाथा। प्र० उसके उपरान्तभी फिरकभी लेगये ? उ०—नहीं। प्र०—तुम कभीमहाराजा साहबके महलमें हीरेलेगयेथे ? उ०—नहीं। प्र०—उसकेपीछे महाराजा साहबके महलको हीरेलेगयेथे ?

दस्तखत होनेसे पहिले क्या इन्कार कियाथा मुतर्ज्जिमनेकहा कि हां दस्तखतसे और उनटोलकीरोंसे जो दस्तखत के ऊपर हैं इन्कार किया था, साहबप्रेजीडराटने कहा क्या इसगवाह ने कहाथा कि मेरेदस्तखत नहीं हैं, मुतरज्जिम ने कहा हां, गवाहने यही कहा था मिस्टर अनवरारटी साहब गवाह से फिर पूछनेलगे। प्र०—यहदस्तखत और जोलकीर दस्तखत के ऊपर हैं तुम्हारी लिखीहुई है? उ०—हां मुतरज्जिमसे कहा गयाकि दस्तखतकेऊपर जोसतरलिखीहै उसको पढ़ो सोमुतरज्जिमने उसकोपढ़ा उसकामतलब यहथाकि मेरे रूबरू इजहारपढ़ेगये और सुटरसाहबके रूबरू दस्तखतकरता हूं, इजहारठीकहै, लिखाहुआ ८ वीफरवरी सन् १८७५ ई० ॥

गवाहने वर्णनकिया किमैंने लिखाया परन्तु मुझपर बड़ा अन्यायहुआ था लाचारहोकर मुझको दस्तखतकरने पड़े मैं गुजरातीभाषा में भलीभांति लिखपढ़ नहीं सक्ता मैं उसको यथायोग्य समझा भी नहीं कि इजहारों में क्या लिखागया मिस्टर अनवरारटी साहब मुतरज्जिम से बोले कि गवाह से पूछोकितुमनेमिस्टर सूटरसाहबकेरूबरूयहकहाथाकिदो तीन दिनपीछेदसहरेके नानाजीवतिलने जिनके आधीन गायकवार काजवाहिरखानाथामुझसे औरऔरजौहरियोंसे कहलाभेजा किहीरोंकी कुछकमीहै तुमलाओसोमैं और जौहरीउसीदिन हीरोंकी कनीलेगयेथे परन्तु दूसरेदिन वापिस देगये दोदिन के उपरान्त फिर नानाजीवतिलने मुझसे हीरे की कनीमंगवाईसोमैं लेकरगया औरकीमतके ठहरनेके उपरान्तवहकनी मोललीगई इसके पांचचारदिन के अनन्तर नानाजीवतिलने फिर हीरेकी कनी मंगवाई परन्तु उसदिन जवाहिरखाने में खिजनचे विनायकराव नानाजीकेसाले बहांथे उन्होंने हीरों को तोला और मोल चुकाकर दामोदरपन्थके निकट लेगये दामोदरपन्थनेकहाकि मोलअधिकहै परन्तु उनकोमेरेनिकट रखजाओ अगरजरूरत होगी तो मोललियेजावेंगे दोघड़ीके

